# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# हर फरियादी को न्याय दिलाएं : एसडीएम

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी रजत वर्मा के समक्ष कुल 28 मामले आए मौके से मात्र 7 का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम शेष 21 मामलो को राजस्व एव पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर लम्वित

**पुलिस एव राजस्व की संयुक्त टीम मामलो का निस्तारण करें : सीओ**

मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिए। सीओ चौरी चौरा डाक्टरअखिलानंद उपाध्याय ने कहा कि हर मामले को गंभीरता से जांच कर सत्यता के आधार पर निस्तारण करे।

एसडीएम ने फरियादियों के समक्ष पुलिस एव राजस्व से सम्वन्धित मामले आए। सवीरा खातून निवासी डुमरी खास ने वताया कि एक जून को मारपीट की हुई घटना में घायल होने के वाद मेरा वच्चा नुकसान होने की वात वताई। पुलिस ने मेरे तहरीर के आधार पर मेरा मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला की मांग है कि दर्ज मुकदमें में आरोपियों के विरुद्ध जल्द से जल्द कडी कार्यवाही हो। मोहन निवासी डुमरी खास ने वताया कि गांव के कुछ लोग मेरा पिलर, वाउंड्री, तोड़कर सारा ईट उठा ले गए है। ओमप्रकाश निवासी डुमरी खास जमीन के विवाद की समस्या वताई है।



समाधान दिवस पर फरियाद सुनते एसडीएम रजत वर्मा।

असमावती देवी निवासी गौनर (मौनहा) ने वताया कि कुछ लोग धोखे से जमीन को वैनामा करा लिया है। सीओ चौरी चौरा ने कहा कि सभी लम्वित मामलों को पुलिस एव राजस्व की संयुक्त टीम मौके परसत्यताके आधार पर मामलों का निस्तरण करे। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार, राजस्व कानूनगो मुकेश चौधरी, प्रेमचन्द यादव, दारोगा अवधेश पाण्डेय, प्रदीप कुमार सिंह,सुनील यादव,जितेन्द्र यादव, लेखपाल जददु सिंह, राजकुमार, अमित, नमन, राजकुमार जयसवाल, राकेश दूवे, शैलेश सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# असलहा के साथ युवक पकड़ा गया

पाली (एसएनबी)। सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा चौराहे पर शनिवार की शाम चार वजे मुखविर की सूचना पर पुलिस ने युवक को असलहा व कारतूस के साथ पकड़ लिया है मिले जानकारी से थाना क्षेत्र के ग्राम- नचनी निवासी पवन मौर्या है । पुलिस का कहना है कि- युवक अपने दोस्तों के साथ एक हफ्ते पूर्व असलहे व कारतूस के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट किया था, हालांकि कुछ देर वाद उसने डिलीट भी कर दिया था, परंतु संयोगवश वहीं फोटो वायरल हो गया, तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी । उक्त संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि- कानून के साथ खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। पकड़े गए युवक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गो पूजन कर किया शांति यज्ञ

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पत्रकार रजनीश त्रिपाठी की दादी राजपति देवी (91 ) के निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु नगर आर्य समाज अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता की अध्यक्षता में पशु पक्षी सेवा आश्रम नौसढ पर गो पूजन व शांति यज्ञ हुआ। सभी ने ई र से प्रार्थना किया कि शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में पशुपालन पेंशनर संघ के अवधेश सिंह दिने र सिंह वीके सिंह आरएन सिंह तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव गोविंद अनूप श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ला अनूप श्रीवास्तव आश्रम प्रमुख वरुण वैरागी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

चिलुआताल (एसएनबी)। माह के अंतिम शनिवार को चिलुआताल थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ष्ण कमलेश, वरीष्ठ पुलिस अधिक्षक विपिन ताडा उप जिलाधिकारी सदर कुलदीप मीना नायव तहसीलदार पिपराइच वशिष्ठ शर्मा सहित सम्वन्धित क्षेत्र के कानूनगो सहित तमाम लेखपाल उपस्थित हो कर आये हुए फरियादियों की समस्यायों को सुन कर निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

चिलुआताल थाने पर लगभग 35 फरियादी जिले के आला अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत होकर लिखित तहरीर देकर अपना अपना दर्द वयां किया थाना समाधान दिवस पर चार से पाँच मामले पुलिस से सम्वन्धित रहे जिसमें कप्तान द्वारा सम्वधित दरोगाओ को तलव कर जम कर क्लाश ली एवं त्वरित निस्तारण हेतु समय निर्धारित कर उसके अन्दर पिड़ित को सन्तुष्ट करने के लिये चूल कसी साथ ही निस्तारण करने के पश्चात अवगत कराने के लिये आदेशित किया शेष मामले राजस्व से सम्वधित रहा सर्वाधिक भूमि विवाद के मामलो को जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनने के वाद कुछ मामलो को त्वरित निस्तारण हेतु सम्वंधित अधिकारी कर्मचारियो की टीम वना कर रवाना किया गया सुनवाई के दौरान एक भी मामले का त्वरित निस्तारण नही हो सका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के कर्मचारियो द्वारा थाना अपराध रजिस्टर में कई मुकदमो में उपयुक्त तथ्य अंकित न होने पर जम कर क्लास ली कप्तान ने आदेशित किया गया कि समस्त 307 , 302 308 , 376 , 354 से सम्वन्धित वादियो को वुला कर आज तक की हुई कार्यवाही से संतुष्ठ किया जाय थाने पर आये सभी परियादियो की वातों को सुन कर तत्काल संतुष्ट करने प्रयास किया जाय अगर जरूरत पड़े तो मुकदमा कायम किया जाय।



थाना समाधान दिवस के अवसर पर चिलुआताल थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं का निराकरण करते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश व एसएसपी विपिन टाडा।

**समाधान दिवस**

**चिलुआताल थाने में 35 पहुंचे थे फरियादी**

# एसपी साउथ के निर्देश पर केस दर्ज

बांसगांव (एसएनबी)। शनिवार को वांसगांव थाने पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह पूरे फार्म में दिखे। उन्होने विभिन्न तरह की फरियाद लेकर उपस्थित पीड़ितों द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्रों पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने का एसएचओ को निर्देश दिया। देर शाम सभी मुकदमें दर्ज हो गये।

जानकारी के अनुसार वांसगांव वलुआ निवासिनी विनिता सिंह की भूमि पर जवरिया कब्जा करने में लगे यादवेन्द्र सिंह उर्फ चुनचुन सिंह के खिलाफ धारा 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार चौवे भरोहिया की रेहाना वेगम की शिकायत पर उसकी नावालिग पुत्री को भगा ले जाने के आरोपी उसकी सहेली सरवसी निवासिनी विजय लक्ष्मी के खिलाफ 323, 363, 366 का अभियोग दर्ज किया गया। भुसवल निवासी शेषनाथ पुत्र ताराचंद की शिकायत पर उसके खेत में राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कर गाड़े गये पत्थर को तोड़ डालने के आरोपी सुनील व सुजीत साहनी तथा उसकी दादी के खिलाफ धारा 427, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया।

ऐसे ही ग्राम हरिहरपुर निवासी उपेन्द्र पाण्डेय के खेत में वाउंड्रीवाल को तोड़ने के आरोपी देवी शंकर पाण्डेय व उनकी पत्नी दुर्गावती के खिलाफ 427 तथा ग्राम कानापार की संध्या चौहान की तहरीर पर गांव के ही रवि कुमार यादव के विरूद्ध 323 व 504 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने युवक को पीटा, तीन गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चिउटहा स्थित एस्सार पेट्रोल पम्प शुक्रवार की रात लगभग आठ वजे पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने वाइक सवार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने हमलावरों को पहचान लिया। जिसके आधार पर पुलिस ने पुलिस धारा 147, 148 , 184 , 307 , 3 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हमलावरों के पास से पिस्टल भी वरामद की है।

चिलुआताल के चिउटहा पेट्रोल पंप की घटना

हमलावरों के खिलाफ मारपीट व **307** के तहत केस

चिलुआताल प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल के थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिहोरवा निवासी दीनदयाल सिंह पुत्र वावूलाल सिंह द्वारा चिलुआताल पुलिस को एक लिखित तहरीर देकर वताया कि दिनांक 24 6 समय करीव आठ वजे रात्रि में रिस्तेदारी महराजगंज से वापस आ रहा था चिउटहा स्थित जीरो प्वाइन्ट के पास मैं वाथरूम कर रहा था उसी समय एस्सार पेट्रोल पम्प के मैनेजर सन्तोष कुमार व अंकित यादव निवासी रामपुरचक को पहचान लिया। घायल युवक ने वताया कि पेट्रोल पम्प के कर्मचारी एवं कुछ गाँव के लोग मुझ पर ईट पत्थर चला कर मारने लगे जिससे मेरे सर व हाथ पर गम्भीर चोटे आने की वजह से गिर कर वेहोश हो गया जव होस आया तो मैं मेडिकल कालेज वेड पर पड़ा था चिलुआताल पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन लोगों गौरव यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी रामपुर चक को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान इसके पास से एक पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस वरामद हुआ, सन्तोष पासवान पुत्र दिलीप निवासी चिउटहा को गिरफ्तार कर धारा 307 में एवं जितेन्द्र मौर्या का मारपीट मे संलिप्त न पाए जाने पर शान्ति भंग में चालान कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# 11 आईएएस का तबादला, संजय मीणा गोरखपुर के नये सीडीओ

लखनऊ (एसएनबी)। राज्य सरकार ने शनिवार को 11 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया जिसमें लखनऊ के आयुक्त रंजन कुमार, एलडीए के वीसी अक्षय त्रिपाठी और लखनऊ के नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी शामिल हैं। हाल ही में एलडीए के चीफ इंजीनियर इंदूशेखर सिंह को हटाने के बाद उपजे विवाद की गाज कमिश्नर और एलडीए वीसी पर गिरी है। आरोप था कि कमिश्नर आवास की साजसज्जा के लिए चीफ इंजीनियर ने प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया था जिसके बाद उनको हटा दिया गया था। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव रोशन जैकब को कमिश्नर लखनऊ का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वही विशेष सचिव नगर विकास इंद्रमणि त्रिपाठी को एलडीए का नया वीसी जबकि गोरखपुर के सीडीओ इंद्रजीत सिंह को लखनऊ का नगर आयुक्त बनाया गया है।

लखनऊ के कमिश्नर रहे रंजन कुमार को नगर विकास विभाग में सचिव बनाया है। वहीं अक्षय त्रिपाठी को आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में विशेष सचिव एवं उप्र इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया है। नगर आयुक्त रहे अजय कुमार द्विवेदी को आगरा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजेंद्र पेंसिया को नगर विकास विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। हमीरपुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संजय कुमार मीणा को गोरखपुर का सीडीओ बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग में विशेष सचिव गिरजेश कुमार त्यागी को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव, गोरखपुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुलदीप मीणा को बिजनौर का सीडीओ बनाया गया है। उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की सचिव वंदना त्रिपाठी को नोएडा का विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है।

**भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव रोशन जैकब को कमिश्नर लखनऊ का अतिरिक्त कार्यभार**

## 32 IPS व 59 PCS का तबादला

- आरके भारद्वाज को बस्ती रेंज के डीआईजी की जिम्मेदारी
- अमित कुमार आनंद सिद्धार्थनगर के नये पुलिस अधीक्षक
- अंजनी कुमार सिंह गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट बनाये गये
- उमा पांडे को कुशीनगर का अपर जिलाधिकारी न्याय बनाया गया

(विवरण पेज-2 पर)

**GORAKHPUR (25 June):** पुलिस लाइंस में अस्थाई रूप से चल रहे साइबर थाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है. डीआईजी जे. रविंद्र गौड़ के आदेश पर पुलिस प्रशासनिक टीम की मदद से जमीन की तलाश कर रही है. एम्स थाने में भी विकल्प तलाशा जा रहा है. सारी कवायद है कि जल्द से जल्द स्थाई जगह पर थाने को शिफ्ट कर दिया जाएगा, जो शहर के बीच में हो.

## एक करोड़ से अधिक वापस

जानकारी के मुताबिक, दो साल पहले जिले में साइबर थाने की शुरुआत की गई थी. अब तक एक करोड़ रुपए से अधिक की जालसाजी की गई रकम को लोगों के खातों में वापस कराने में भी सफलता मिली है.

दो साल पूरे होने पर डीआईजी जे. रविंद्र साइबर थाने के कामकाज की समीक्षा किए और निरीक्षण को भी गए. इस दौरान उन्होंने इसे स्थायी भवन में शिफ्ट करने का फैसला किया और प्रशासनिक अफसर की मदद से जमीन की तलाश भी शुरू करा दी है.

# फरियादियों की सुनी कंप्लेन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (25 June):** चिलुआताल थाना में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने थाने में पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनी और उसका समाधान भी किया. डीएम और एसएसपी ने समस्याओं को सुनकर मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अफसरों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिए.

## सामंजस्य से करें निस्तारण

साथ ही बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए, जिससे फरियादियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े.



डीएम और एसएसपी ने की सुनवाई.

इसी क्रम में जिले के सभी राजपत्रित अफसर और थाना प्रभारियों की ओर से अपने-अपने सर्किल और थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया. साथ ही प्रार्थना पत्र की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जानकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए.

# दहेज हत्या और दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गीडा पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के आरोपित मां-बेटा और दुष्कर्म के आरोपित युवक को गिरफ्तार किया. दोपहर बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया. चौकी प्रभारी नौसढ़ सूरज सिंह ने बताया कि दुष्कर्म व दहेज हत्या का आरोपित जनार्दन भारती व उसकी मां सुहेला देवी को शनिवार की दोपहर में गिरफ्तार किया गया. दुष्कर्म के आरोपित बाघागाड़ा निवासी सांतल निषाद को शुक्रवार की रात में घर से गिरफ्तार किया गया.

# अपहृत किशोरी बरामद

अपहृत किशोरी को सिकरीगंज पुलिस ने शनिवार की सुबह बरामद कर लिया. आरोपित की तलाश चल रही है. थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने नाथू भैंसा गांव निवासी विकास सिंह पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है.आरोपित की तलाश चल रही है. पीड़ित को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है.

# किशोरी लापता, अपहरण का मुकदमा

खजनी क्षेत्र की रहने वाली किशोरी शुक्रवार की दोपहर से लापता है. खोजबीन के बाद स्वजन ने गांव के रहने वाले देवेंद्र नाम के युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है. खजनी पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है.

सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन के लिए जोन की पुलिस का हाल

# मदद को हाथ पसारेंगे और बैंड भी बजाएंगे

### त्रिनेत्र अभियान के तहत लगने हैं सीसीटीवी, वारदात के बाद भाग नहीं पाएगा अपराधी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (25 June):** गोरखपुर में अब चौराहों और गलियों, मोहल्लों को गोद लेने के लिए मोटीवेट किया जाएगा. इनको चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगवाने के लिए पुलिस मोटीवेट करेगी. ऐसा करने वालों के घर पुलिस का बैंड बजाया जाएगा. साथ ही खुद पुलिस बैंड के साथ उनके घरों पर पहुंचेगी और माला पहना कर सम्मानित करेंगे. यह सब इसलिए किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग सम्मान पाने के लिए आगे आएं और चौराहों, गलियों, मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवाएं. जिससे अपराध पर लगाम लगाने और क्राइम के बाद अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिले.

## जोन के 11 जिलों में पुलिस लेगी मदद

एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि एक अभियान चलाकर जोन के 11 जिलों गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी लगवाया जा रहा है. इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, कोचिंग संचालक, व्यापारी से मदद ली जा रही है.

वे गोद लेकर चौराहे पर सीसीटीवी लगवा रहे हैं. एडीजी ने अब गोद लेकर सीसीटीवी लगवाने वाले लोगों को सम्मान देने के लिए उनके घर पर पुलिस बैंड बजवाने के साथ ही खुद पहुंचने का फैसला किया है, ताकि उनके सम्मान को देखकर और लोग आगे आएं.

i UPDATE



यूनिवर्सिटी चौराहे पर लगे कैमरे.

## गोरखपुर में अभी लगे हैं 1000 कैमरे

एडीजी का मानना है कि पहले की अपेक्षा वर्तमान में शहरी क्षेत्र में ज्यादातर दुकानदारों, गृहस्वामियों ने अपने घरों और दुकानों के बाहर कैमरा लगवाया है. साथ ही आईटीएमएस के तहत भी लगभग 1000 से अधिक गोरखपुर जैसे बड़े शहर में चौराहों पर कैमरे लगे हैं. जिसकी मदद पुलिस को मिल रही है. लेकिन यह नाकाफी है. अभी भी कई गलियां, मोहल्ले, देहात के क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से लैस नहीं हुए हैं. जिससे पुलिस को क्राइम के बाद अपराधियों को पकड़ने में दिक्कत आती है. उनका कहना है कि जब चारों तरफ चाहे वह गली हो, चौराहा हो, मोहल्ला हो, गांव हो कैमरा होगा तो अपराधी भी अपराध करने से हिचकिचाएगा.

## एक चौराहे पर खर्च होंगे करीब 50 हजार

एडीजी ने बताया कि एक चौराहे को सीसीटीवी से लैस करने पर करीब 50 हजार रुपए खर्च होंगे. इसलिए शहर के व्यापारियों आदि से मदद ली जाएगी. पहले से भी कुछ व्यापारियों ने कुछ चौराहों को गोद लेकर कैमरे लगवाए हैं, लेकिन बैंड उनके घर पर नहीं बजेगा. यह केवल त्रिनेत्र अभियान के तहत कैमरा लगवाने वालों के घर पर बजेगा.



**जोन के सभी जिलों को सीसीटीवी से लैस करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है. अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें और पुलिस की मदद करें इसलिए उनके सम्मान के लिए बैंड बजवाने का निर्णय लिया गया है.**

**अखिल कुमार,** एडीजी जोन

# तमंचे के साथ युवक अरेस्ट

**SAHJANWA.** सहजनवां एरिया के घघसरा चौराहे पर शनिवार शाम पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उसकी पहचान ग्राम नचनी निवासी पवन मौर्या के रूप में हुई. पुलिस का कहना है कि युवक अपने दोस्तों के साथ एक हफ्ते पहले सोशल मीडिया तमंचे के साथ पोस्ट किया था. हालांकि कुछ देर बाद उसे डिलीट कर दिया था. तभी से पुलिस को उसकी तलाश थी.

# 28 में सात मामलों का निस्तारण

**CHAURICHAURA.** चौरीचौरा थाना परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 28 मामले आए. इसमें सात मामलों का निस्तारण हो सका. एसडीएम रजत वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित दिवस में सीओ डॉ. अखिलानंद उपाध्याय भी मौजूद रहे.

# पिपराइच में खुलेगी एटीएस की यूनिट, जमीन चिह्नित

■ आशीष श्रीवास्तव

गोरखपुर। गोरखपुर के पिपराइच में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की यूनिट स्थापित होगी। यहां जवानों को अत्याधुनिक असलहों के प्रशिक्षण के साथ ही मनोवैज्ञानिक रूप से भी दक्ष बनाया जाएगा। यूनिट के लिए जिला प्रशासन ने पिपराइच के अगया में पांच एकड़ जमीन चिह्नित कर शासन को रिपोर्ट भेज दी है।

एटीएस यूनिट प्रदेश के चार जिलों में स्थापित करने की योजना है, इसमें गोरखपुर भी शामिल है। गोरखपुर नेपाल बार्डर के करीब है। सीमा खुली होने के चलते पूर्व में आतंकियों के घुसपैठ की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके अलावा गोरखनाथ मंदिर भी काफी संवेदनशील है। कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। पिछले दिनों गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले के बाद लखनऊ से एटीएस टीम को पहुंचने में काफी वक्त लग गया था। इस घटना के बाद गोरखपुर में एटीएस यूनिट की जरूरत और शिद्दत से महसूस की गई। इसके बाद यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर कुलदीप मीणा ने बताया कि एटीएस यूनिट के लिए जमीन चिन्हित कर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। यूनिट में शामिल जवानों को एक साथ तीन हथियार चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीम में 40 साल से कम उम्र वाले पुलिस व पीएसी जवान शामिल होंगे, जिन्हें मनोविज्ञान पढ़ाया जाएगा। ताकि चेहरा देखकर सामने वाली की गतिविधि का अनुमान लगा सकें।




■ जिला प्रशासन ने अगया में चिह्नित की 5 एकड़ जमीन शासन को भेजी रिपोर्ट

■ नेपाल की खुली सीमा और गोरखपुर की संवदेनशीलता है यूनिट खोलने की वजह

**2007 में हुआ था गठन:** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2007 में आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ता का गठन किया गया था। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) उत्तर प्रदेश पुलिस की एक विशिष्ट इकाई के रूप में 2007 से क्रियाशील है। आतंकवाद निरोधक दस्ता, उत्तर प्रदेश में कई ऑपरेशन टीमें एटीएस मुख्यालय पर एवं फील्ड यूनिट्स उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कार्यरत हैं।

**स्टेट होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का शिलान्यास जल्द:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गीडा में स्टेट होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का शिलान्यास जल्द कर सकते हैं। इसके लिए छह एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। पर्यटन विभाग की जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होते ही इंस्टीट्यट के शिलान्यास की योजना है।

# हत्या के प्रयास में पम्प मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

चिलुआताल, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के जीरो प्वाइंट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की रात में मारपीट व फायरिंग के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में से एक के पास से पुलिस ने पिस्टल व कारतूस भी बरामद कर लिया है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर चक निवासी गौरव यादव, चिउटहा निवासी संतोष पासवान व जितेंद्र मौर्या के रूप में हुई है। संतोष पेट्रोल पंप का मैनेजर है। चिलुआताल, चिउटहा के निवासी दीनदयाल सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार की रात आठ बजे महराजगंज स्थित अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। इस दौरान जीरो प्वाइंट के पास वह पेशाब करके लिए रुके थे। इस दौरान पम्प मैनेजर संतोष अपने एक साथी के साथ आए।

# चोरी के आरोप में वांछित गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने चोरी के आरोपित किशन कुमार पुत्र राधेश्याम उर्फ राधे निवासी जंगल तुलसीराम बिछिया रामलीला मैदान थाना शाहपुर गोरखपुर को कौवाबाग गोल चौराहे से शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# छिनैती की आरोपी महिला गिरफ्तार

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने चेन छिनैती के आरोप में पूजा नामक एक महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

पादरी बाजार निवासी मीना पत्नी राकेश सिंह से कोतवाली इलाके में एक महिला जिसका नाम पूजा है उसने चेन छीन लिया था। मीना ने उसे पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। तलाशी में मीना के पास से छीनी सोने की चेन बरामद हुई। पूजा गगहा इलाके की रहने वाली है।

# दुष्कर्म के आरोपित के घर नोटिस चस्पा

सरहरी। गुलरिहा थानाक्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत एक गांव में दुष्कर्म और पॉक्सो मामले का आरोपित युवक मुकदमा कायम होने के बाद से ही फरार चल रहा है।

आरोपित के घर विवेचक द्वारा कोर्ट के आदेश पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई। शनिवार को सरहरी चौकी पुलिस गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ठाकुरपुर नंबर दो के बोहा टोला निवासी दुष्कर्म एवं पक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपित सचिन के घर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुनादी कराने के साथ उसके घर पर धारा 82 का नोटिस चस्पा कराया।

# चौराहों पर सीसीटीवी लगवाने वालों के घर बजेगा पुलिस बैंड

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर के चौराहों और गलियों, मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवाने वालों के घर पुलिस का बैंड बजाया जाएगा। एडीजी गोरखपुर जोन बैंड के साथ उनके घरों पर पहुंचेंगे और माला पहना कर उन्हें सम्मानित करेंगे।

यह सब इसलिए किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग सम्मान पाने के लिए आगे आएं और चौराहों, गलियों, मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवाएं। जिससे अपराध पर लगाम लगाने और क्राइम के बाद अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिले। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि एक अभियान चलाकर जोन के 11 जिलों गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी लगवाया जा रहा है। इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, कोचिंग संचालक, व्यापारी से मदद लिया जा रहा है। वे गोद लेकर चौराहे पर सीसीटीवी लगवा रहे हैं। अभियान को शुरू हुए करीब 20 दिन हो गए हैं। लेकिन अभी तक ज्यादातर लोग गोद लेने के लिए आगे नहीं आए हैं।

# 11 आईएएस, 32 आईपीएस समेत 102 अफसर बदले

**59 पीसीएस अफसरों का भी किया गया तबादला**

■ **संजय कुमार मीणा बने गोरखपुर के सीडीओ**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार ने शनिवार की शाम 11 आईएएस, 59 पीसीएस और 32 आईपीएस समेत 102 अफसरों के तबादले कर दिए। लखनऊ के मंडलायुक्त रंजन कुमार को सचिव नगर विकास विभाग और एलडीए वीसी अक्षय त्रिपाठी को विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक विभाग, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन बनाया गया है। विशेष सचिव नगर विकास इंद्रमणि को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त अजय द्विवेदी को उपाध्यक्ष आगरा विकास प्राधिकरण बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर इंद्रजीत सिंह लखनऊ के नए नगर आयुक्त बनाए गए हैं।

संजय कुमार मीणा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हमीरपुर से मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर बनाए गए हैं। गिरिजेश कुमार त्यागी विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग से विशेष सचिव उच्च शिक्षा, कुलदीप मीणा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर से सीडीओ बिजनौर बनाए गए हैं। वंदना त्रिपाठी सचिव उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज से विशेष कार्याधिकारी नोएडा बनाई गई हैं।

➤ तबादला सूची P 09




शनिवार को एडीजी से मिला लापता पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी का परिवार।

# एडीजी से मिला लापता कर्मी का परिवार

गोरखपुर। खलीलाबाद में लोक निर्माण विभाग में कार्यरत गजेंद्र लाल श्रीवास्तव 22 जून को रहस्यमय हाल में लापता हो गए। वह सुबह साढ़े आठ बजे गोरखपुर के लिए निकले थे और उसके बाद से ही उनका कहीं पता नहीं है। हालांकि उनकी बाइक गोरखपुर रेलवे स्टेशन के स्टैंड में खड़ी मिली। इस मामले को लेकर परिजन एडीजी मिले और कार्रवाई की मांग की।

# आईपीएस अफसरों के तबादले

| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| प्रकाश डी | एडीजी प्रतीक्षारत | चेयरमैन एवं एमडी यूपी पुलिस आवास निगम |
| एसके भगत | आईजी चित्रकूट धाम रेंज बांदा | आईजी भवन एवं कल्याण पुलिस मुख्यालय |
| राकेश प्रताप सिंह | डीआईजी-एसपी सीतापुर | डीआईजी मिर्जापुर रेंज |
| आरके भारद्वाज | आईजी रेंज मिर्जापुर | डीआईजी रेंज बस्ती |
| मोदक राजेश डी.राव | डीआईजी रेंज बस्ती | डीआईजी सीबीसीआईडी लखनऊ |
| अमरेन्द्र प्रसाद सिंह | डीआईजी-एसपी सोनभद्र | डीआईजी रेंज अयोध्या |
| कवीन्द्र प्रताप सिंह | आईजी रेंज अयोध्या | आईजी पीएसी मुख्यालय लखनऊ |
| अमित कुमार आनंद | पुलिस उपायुक्त लखनऊ | एसपी सिद्धार्थनगर |
| अमित वर्मा | डीआईजी-एसपी ग्रामीण वाराणसी | डीआईजी एसआईटी मुख्यालय लखनऊ |
| सुभाष चंद्र दुबे | अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट | डीआईजी यातायात निदेशालय लखनऊ |
| डॉ. प्रीतिंदर सिंह | डीआईजी-आईजी सहारनपुर रेंज | आईजी जेल मुख्यालय लखनऊ |
| रोहित सिंह सजवान | एसएसपी बरेली | एसएसपी मेरठ |
| सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज | एसपी एसआईटी लखनऊ | एसएसपी बरेली |
| अभिषेक | पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर | एसपी शामली |
| सुनीति | प्रतीक्षारत एसपी | एसपी कानपुर देहात |

# पीसीएस अफसरों के तबादले

| नाम | कहां से | कहां |
|---|---|---|
| अंजनी सिंह द्वितीय | एसडीएम आगरा | नगर मजिस्ट्रेट गोरखपुर |
| आदित्य प्रजापति | एसडीएम मथुरा | सचिव विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर |
| सुनील शुक्ला | प्रतीक्षारत | अपर आयुक्त अयोध्या मंडल |
| शादाब असलम | अपर नगर आयुक्त झांसी | प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी संघ |
| मो. कमर | एसडीएम लखनऊ | अपर नगर आयुक्त झांसी |
| पूजा | नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर | एडीएम (वि/रा) रायबरेली |
| अमृता सिंह | एसडीएम प्रयागराज | नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर |
| उपमा पांडेय | एसडीएम कुशीनगर | एडीएम (न्यायिक) कुशीनगर |
| दीप्ति देव यादव | एसडीएम आगरा | प्रधान प्रबंधक चीनी मिल लखनऊ |
| सूरज कुमार यादव | एसडीएम बस्ती | एडीएम (न्यायिक) पीलीभीत |

# सब्जी विक्रेता की हत्या में बैंकाक से आए युवक की तलाश

**10 दिन पहले घर आने, घटना के बाद परिवार समेत गायब होने की सूचना**
**सर्विलांस की मदद से बड़हलगंज व क्राइम ब्रांच कर रही छापेमारी**

**जासं, बड़हलगंज :** सब्जी विक्रेता राजेंद्र दूबे की हत्या के मामले में पुलिस को 10 दिन पहले बैंकाक से आए युवक की तलाश है। घटना के बाद से ही वह परिवार के साथ लापता है। क्राइम ब्रांच के साथ ही बड़हलगंज थाना पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पुलिस जांच कर रही है।

शनिचरा गांव के रहने वाले राजेंद्र दूबे की शुक्रवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना का पर्दाफाश करने के लिए एसएसपी ने एसपी साउथ की अगुवाई में पुलिस की पांच टीमें गठित की हैं। अब तक की छानबीन में पता चला है कि बैंकाक में रहने वाला एक व्यक्ति 10 दिन पहले घर आया था। घटना के बाद से वह परिवार समेत लापता है। पुलिस को संदेह है कि सब्जी विक्रेता की हत्या की साजिश में वह शामिल हो सकता है। पेशेवर बदमाशों को सुपारी देकर उसने ही वारदात कराई है। गुत्थी को सुलझाने के लिए अब तक 10 से अधिक लोगों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि छानबीन में कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

**पुलिस की मौजूदगी में हुआ दाह संस्कार :** शुक्रवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद राजेंद्र का शव घर पहुंचा। शनिवार की सुबह पुलिस की मौजूदगी में बड़हलगंज मुक्तिपथ पर दाह संस्कार हुआ। मुखाग्नि बेटे प्रियांशु ने दी। रात में शव घर पहुंचते ही राजेंद्र के परिवार के साथ ही पूरा गांव रो पड़ा था।

**36 वर्ष पूर्व हुई थी रामदेव की हत्या :** 1986 में क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी रामदेव यादव की जमीनी विवाद में बल्लम से गोदकर हत्या हुई थी। उस मामले में हरिनाथ यादव की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। सभी आरोपित जेल भी गए थे। वर्तमान में तीन आरोपितों की मौत हो चुकी है लेकिन आरोपित मृतक राजेंद्र दुबे 1990 में कोर्ट से साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए थे। तभी से आर्थिक तंगी के चलते गांव-गांव घूमकर सब्जी बेचकर जीवनयापन करते थे। पुलिस को शक है कि कहीं उस हत्या का बदला लेने के लिए ही तो राजेंद्र की हत्या नहीं की गई है ?

**रामदेव का बेटा बैंकाक तो भतीजा कोरिया में :** 36 वर्ष पूर्व जिस रामदेव यादव की हत्या हुई थी, उसके दो बेटे बैंकाक में हैं तो एक भतीजा कोरिया में है। अभी दो माह पूर्व रामदेव का एक पुत्र बैंकाक से घर आया था और गांव में अवैध असलहा लेकर घूम रहा था। अब पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कहीं राजेंद्र की हत्या का तार बैंकाक से तो नहीं जुड़ा है।

# सार्वजनिक स्थान पर कैमरे लगवाने वालों के घर बजेगा पुलिस बैंड

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत चौराहा और गलियों में सीसी कैमरे लगवाने वालों के घर पुलिस का बैंड बजेगा। एडीजी जोन उनके घर पहुंचकर सम्मानित करेंगे। इसका उद्देश्य सहयोग करने वालों का सम्मान करने के साथ ही दूसरे लोगों को प्रेरित करना है।

एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जोन के 11 जिलों (गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल) में हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डाक्टर, कोचिंग संचालक, व्यापारी से मदद ली जा रही है। यह लोग अपने संस्थान के पास का चौराहा गोद लेकर सीसी कैमरे लगवा रहे हैं। शहर में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने आठ थाना क्षेत्रों में एक-एक मोहल्ले को चयनित किया है, जहां कैमरे लगाकर इसकी शुरुआत की जाएगी। एक चौराहे पर कैमरे लगाने में 40 से 50 हजार रुपये का खर्च आ रहा है।

**बेतियाहाता चौराहे पर पहले लगेंगे कैमरे :** शहर के बेतियाहाता चौराहे पर सबसे पहले सीसी कैमरे लगेंगे। एडीजी के बात करने पर लाइफ पैथोलाजी के संचालक डा.अमित गोयल ने चौराहा गोद लिया है।

# जालसाजी कर बेच रहे थे दूसरे की जमीन, सरगना गिरफ्तार

## खरीदारों पर दर्ज था मुकदमा, पुलिस की जांच में खुला भेद, 2019 में आरोपित के खिलाफ कैंट थाने में दर्ज हुआ था केस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जालसाजी कर दूसरे की जमीन बेचने वाले गिरोह के सरगना को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। सात सितंबर 2019 को इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस की जांच में आरोपितों के नाम सामने आए थे।

प्रभारी निरीक्षक कैंट थाना शशिभूषण राय ने बताया कि पादरी बाजार के मानस विहार कालोनी निवासी अवनीश कुमार श्रीवास्तव का एक गिरोह है। गिरोह के सदस्य पिपरी निवासी सैयद हसन सिद्दकी और उनकी दादी शहरआरा की जमीन लोगों को दिखाते व बेचते थे। बैनामा करने के दौरान कूटरचित पहचान पत्र के जरिये गिरोह के लोग शहरआरा और सिद्दकी बन जाते थे। वहीं इन लोगों ने दोनों के नाम से बैंक में खाता खुलवाया। जमीन बेचने के बाद मिले रुपये इसी खाते में जमा कराकर बाद में निकलवा लेते थे। मुख्य आरोपित अवनीश श्रीवास्तव को शनिवार की सुबह छात्रसंघ चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

**खरीदारों पर दर्ज हुआ था मुकदमा :** सैयद हसन सिद्दकी के जमीन की देखरेख शाहमारुफ निवासी शमशुल हक करते हैं। सात सितंबर 2019 को उन्होंने जालसाजों से जमीन खरीदने वाले अंशु राय, प्रवीण राय, कृपाशंकर राय, राजेश राय, अली असगर, श्रवण पांडेय, राघवेंद्र दूबे, मार्कंडेय सिंह, पवन यादव, उमेश चंद्र और महेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने छानबीन की तो गिरोह के सदस्यों के नाम सामने आए।

### गिरोह में शामिल हैं ये लोग

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय के अनुसार जालसाजी कर जमीन बेचने वाले गिरोह में अनवर नईम, सिराज अहमद, सुजीत कुमार सिंह, सत्येंद्र पांडेय, एजाज अहमद, राजेश गिरि, नसीम सहित कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार असली सैयद हसन लखनऊ में रहते हैं। उनही दादी शहरआरा हसन की 16 फरवरी 1996 को मौत हो चुकी है। उसके बाद अवनीश और उसके साथियों ने वर्ष 2019 में फर्जी आधार कार्ड बनवाकर दोनों की जमीन बेच दी।

**ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर चुराया सामान:** भीटी रावत : गीडा के सेक्टर 26 में शुक्रवार की रात 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर चोर सामान उठा ले गए। ठीकेदार की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर सहजनवां थाना पुलिस जांच कर रही है। ठीकेदार गोपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि सेक्टर 26 में 400 केवीए के चार ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार की रात में चोर ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर सामान उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक सहजनवां थाना अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आभूषण की दुकान में चोरी : मुंडेरा बाजार:** आभूषण की दुकान का ताला तोड़कर चोर तिजोरी में रखे 50 हजार रुपये कीमत के गहने उठा ले गए। चौरी चौरा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। डुमरी खास निवासी मिथुन वर्मा की सोनबरसा बाजार में सिनेमा हाल के पास दिव्य ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार की रात में चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुस गए। तिजोरी खोलकर उसमें रखे गहने उठा ले गए। सुबह पीड़ित को मामले की जानकारी हुई।

# शहर के बीच में होगा साइबर थाना, ढूंढी जा रही जमीन

**जासं, गोरखपुर :** पुलिस लाइन के सरकारी आवास में चल रहे साइबर थाने के नए भवन के लिए शहर में जमीन ढूंढी जा रही है। डीआइजी जे.रविंद्र गौड ने कमिश्नर से बात की है। नवनिर्मित एम्स थाने में भी विकल्प तलाशा जा रहा है। अगर जगह मिली तो एम्स थाने में ही इसे शिफ्ट कर दिया जाएगा। दो साल पहले जिले में साइबर थाने की शुरुआत हुई थी। अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम को लोगों के खातों में वापस कराने में भी सफलता मिली है। 21 जून को डीआइजी ने निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली थी।

# पेट्रोल पंप मैनेजर समेत दो गिरफ्तार

जासं. चिलुआताल : चिउटहा में शुक्रवार की रात पेट्रोल पंप पर हुई मारपीट व फायरिंग के मामले में चिलुआताल थाना पुलिस ने देर रात पंप मैनेजर व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 32 बोर की एक पिस्टल व दो कारतूस मिले। हिरासत में लिया गया तीसरा युवक घटना में शामिल नहीं था। जांच में पुष्टि के बाद पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान किया।

सिंहोरवा गांव निवासी दीनदयाल सिंह की तहरीर पर चिलुआताल थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह पेट्रोल पंप के मैनेजर संतोष कुमार, रामपुर चक निवासी गौरव यादव, पेट्रोल पंप के कर्मचारियों व गांव के अज्ञात लोगों पर हत्या की कोशिश, मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि शुक्रवार की रात आठ बजे महराजगंज जिले में रहने वाले रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास वह पेशाब करके लिए रुके थे। इस दौरान पंप मैनेजर संतोष अपने एक साथी के साथ आए। वह मुझे पहचानते भी थे, लेकिन मेरी पिटाई शुरू कर दी। ईंट पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। होश आने पर मेडिकल कालेज में था। हिरासत में लिए गए गौरव के पास से पुलिस को 32 बोर की एक पिस्टल व दो कारतूस मिले। शनिवार की सुबह संतोष व गौरव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

**हादसों में एक की मौत, एक गंभीर :** गोरखपुर, जिले के दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। खोराबार के जंगल रामगढ़ के पास फोरलेन पर शुक्रवार की रात एक बजे हादसे में डीसीएम चालक की मौत हुई है। उसकी पहचान सहारनपुर के अवरास निवासी 22 वर्षीय आनंद कुमार के रूप में हुई है। आनंद डीसीएम पर आम लादकर लखनऊ से बिहार के दरभंगा जा रहे थे। जंगल रामगढ़ में फोरलेन पर खड़े ट्रक में डीसीएम लेकर घुस गए। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र तेनुआ विश्वभरपुर निवासी हनीफ शनिवार की दोपहर गोरखपुर से कैम्पियरगंज जा रहे थे। पीपीगंज के बगहीभारी गांव के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में ठोकर मार दी। हादसे में हनीफ गंभीर रूप से घायल हो गए।

**विवाहिता ने खुदकुशी की :** हरपुर-बुदहट : कटसहरा में शुक्रवार को विवाहिता ने जहर निगल कर खुदकुशी कर ली। हरपुर-बुदहट थाना पुलिस वजह के बारे में जानकारी जुटा रही है। कटसहरा निवासी नूर मोहम्मद की 2015 में गांव की रहने वाली सलमा खातून से शादी हुई थी। उनका चार वर्ष का एक बेटा है। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे के करीब सलमा की तबीयत खराब हो गई। जहरीला पदार्थ खाने की आशंका पर परिजन घर पर ही उसका उपचार कराने लगे। जब मायके वालों को जानकारी हुई तो उसे सीएचसी सहजनवां ले गए। स्थिति गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां सलमा की मौत हो गई।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**चिलुआताल।** इलाके के जीरो प्वाइंट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की रात में मारपीट व फायरिंग के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में से एक के पास से पुलिस ने पिस्टल व कारतूस भी बरामद किया है। आरोपियों को पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर चक निवासी गौरव यादव, चिउटहा निवासी संतोष पासवान और जितेंद्र मौर्या के रूप में हुई है। चिलुआताल, चिउटहा के दीनदयाल सिंह ने तहरीर में लिखा है कि वह शुक्रवार की रात आठ बजे

## पुलिस ने हत्या की कोशिश सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया

महराजगंज स्थित अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। इस दौरान जीरो प्वाइंट के पास वह पेशाब करने के लिए रुके थे।

इस दौरान पंप मैनेजर संतोष अपने एक साथी के साथ आए। वह मुझे पहचानते भी थे, लेकिन मेरी पिटाई शुरू कर दी। ईंट-पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिया। होश आने पर मेडिकल कॉलेज में था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सहयोग करेंगे तो सम्मान में पुलिस बजाएगी बैंड

गोरखपुर। अब चौराहों और गलियों, मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवाने वालों को पुलिस सम्मानित करेगी। उनके घर पुलिस का बैंड बजाया जाएगा।

खुद एडीजी जोन, बैंड के साथ उनके घरों पर पहुंचेंगे और माला पहनाकर सम्मानित करेंगे। उद्‌देश्य है कि सहयोग करने वालों का सम्मान हो और इससे प्रेरित होकर और लोग आगे आएं। एडीजी अखिल कुमार के मुताबिक, त्रिनेत्र अभियान के तहत जोन के 11 जिलों के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जा रहा है। इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, कोचिंग संचालक और व्यापारियों से मदद ली जा रही है। ब्यूरो

# बस्ती समेत पांच रेंज के डीआईजी बदले

## मेरठ, आगरा और बरेली समेत एक दर्जन जिलों के कप्तान भी बदले, पांच प्रतीक्षारत को मिली तैनाती

अमर उजाला ब्यूरो



**लखनऊ।** शासन ने शनिवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए एक दर्जन जिलों के पुलिस कप्तानों समेत 32 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें मेरठ, आगरा, और बरेली जैसे बड़े जिलों के कप्तान शामिल हैं। इसके अलावा पांच रेंज के मुखिया भी बदल दिए गए हैं। सहारनपुर, अयोध्या, बस्ती, मिर्जापुर और चित्रकूटधाम को नया डीआईजी मिला है।

शनिवार को किस्तों में जारी हुई सूची के अनुसार मेरठ, आगरा, बरेली, सीतापुर, सुल्तानपुर, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, वाराणसी ग्रामीण, मऊ, शामली, औरय्या और कानपुर देहात जिले के कप्तान बदले गए हैं। इसमें आधा दर्जन वह अफसर शामिल हैं जिनका प्रमोशन हो चुका था और वह नई तैनाती की प्रतीक्षा में थे। मेरठ के एसएसपी प्रभाकर चौधरी को आगरा का नया एसएसपी बनाया गया है। प्रभाकर चौधरी के स्थान पर बरेली के एसएसपी रोहित सिंह साजवान को मेरठ की कमान सौंपी गई है। एसआईटी में एसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को बरेली जिले का कप्तान बनाया गया है।

**प्रतीक्षारत दो एडीजी और दो आईजी को मिली तैनाती :** शासन ने प्रतीक्षारत एडीजी रैंक के दो अधिकारियों जकी अहमद और प्रकाश डी को भी तैनाती दे दी है। जकी अहमद को पीटीसी सीतापुर भेजा गया है। प्रकाश डी को पुलिस आवास निगम का एडीजी बनाया गया है। पीटीसी सीतापुर में तैनात राजा श्रीवास्तव को अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक बनाया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे के एजिलारसेन को यूपी 112 और प्रतीक्षारत आईजी अपर्णा कुमार को पीएसी मध्य जोन का आईजी बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहे सचींद्र पटेल को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है।

### 59 वरिष्ठ पीसीएस भी बदले, अंजनी सिंह गोरखपुर के नए नगर मजिस्ट्रेट बने

**लखनऊ।** शासन ने शनिवार की देर शाम 59 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया। अंजनी कुमार सिंह को गोरखपुर का नया नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इस पद रहे अभिनव रंजन विशेष कार्याधिकारी प्रयागराज विकास प्राधिकरण भेजे गए हैं। सहकारी चीनी मिल संघ, लखनऊ के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह सेंगर को वाराणसी का अपर आयुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर प्रतापगढ़ के एडीएम मुकेश चंद्र को भेजा गया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक दिनेश को झांसी विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। दिनेश के स्थान पर अलीगढ़ के एडीएम विधान जायसवाल को चयन आयोग में भेजा गया है। प्रतीक्षारत अंबरीश कुमार श्रीवास्तव को आवास विकास परिषद, लखनऊ में संयुक्त आवास आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। प्रतीक्षारत सुनील कुमार शुक्ला को अयोध्या मंडल का अपर आयुक्त बनाया गया है। अपर नगर आयुक्त झांसी शादाब असलम को प्रधान प्रबंधक, सहकारी चीनी मिल संघ-निगम लखनऊ बनाया गया है। उप जिलाधिकारी लखनऊ मो. कमर को अपर नगर आयुक्त झांसी के पद पर भेजा गया है। आगरा विकास प्राधिकरण के सचिव राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी को अपर आयुक्त अयोध्या मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। ब्यूरो

# जल्द स्थायी भवन में संचालित होगा साइबर थाना

## डीआईजी के आदेश पर प्रशासनिक टीम की मदद से जमीन की तलाश शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पुलिस लाइंस में अस्थायी रूप से चल रहे साइबर थाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। डीआईजी जे. रविंद्र के आदेश पर पुलिस, प्रशासनिक टीम की मदद से जमीन की तलाश कर रही है। एम्स थाने में भी विकल्प तलाशा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, दो साल पहले जिले में साइबर थाने की शुरुआत की गई थी। अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की जालसाजी की गई रकम को लोगों के खातों में वापस कराने में भी सफलता मिली है। दो साल पूरे होने पर डीआईजी जे. रविंद्र ने साइबर थाने के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इसे स्थायी भवन में शिफ्ट करने का फैसला किया और प्रशासनिक अफसर की मदद से जमीन की तलाश भी शुरू करा दी है।

थाने की मॉनीटरिंग डीआईजी खुद कर रहे है, ताकि खातों से उड़ाए जा रहे जालसाजी की रकम की वापसी हो सके। इसके अलावा जालसाजी न होने पाए, इसके लिए जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। डीआईजी के मुताबिक, साइबर टीम कॉलेज, कोचिंग, ऑफिस व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है।

### साइबर क्राइम हो तो तत्काल दें 1930 पर सूचना

**डीआईजी** ने बताया कि साइबर अपराध होने पर जल्द से जल्द पुलिस को सूचना देनी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 है। इस पर सूचना दें। साथ ही साइबर थाने पर जाकर भी सूचना दे सकते हैं। जितनी जल्दी सूचना आती है, रुपये की वापसी उतनी ही आसान हो जाती है।

अब साइबर अपराध के मामले ज्यादा आ रहे हैं। इसे देखते हुए स्थायी साइबर थाना बनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक टीम की मदद से जमीन की तलाश की जा रही है।
-जे. रविंद्र, डीआईजी



# आयुष्मान कार्ड के फर्जीवाड़े की साइबर सेल करेगी जांच

गोरखपुर। आयुष्मान योजना के तहत फर्जी गोल्डन कार्ड बनवाने के मामले की जांच साइबर सेल करेगी। इसके लिए सीएमओ ने एसएसपी को पत्र लिखकर जांच का अनुरोध किया है।

आयुष्मान कार्ड के जरिए फ्रॉड के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब तक 100 से अधिक लोगों ने दूसरों के नाम पर गोल्डेन कार्ड बनवा लिए है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने एसएसपी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि शिकायत मिसने पर बीआईएस पोर्टल पर सत्यता की जांच की गई है। इसमें भी पता चला है कि लाभार्थियों के स्थान पर दूसरा व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवा लिया है। अब तक 100 से अधिक जारी हुए फर्जी आयुष्मान कार्ड को निरस्त किया जा चुका है। सीएमओ ने एसएसपी से साइबर सेल की ओर से जांच का अनुरोध किया है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि0-26-6-22

# स्कार्पियो से बिहार ले जा रहे डेढ लाख रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद

**भटनी (देवरिया )।** भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम खोरीबारी गाँव के सामने स्कार्पियो से बिहार ले जा रहे डेढ लाख रुपये की अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद कर चालक को जेल भेज दिया। बताया गया है कि पुलिस क्षेत्र भ्रमण मे थी ।उसी समय बिहार की तरफ जाती एक स्कार्पियो जिस पर बिहार का नम्बर अंकित था ।पुलिस की नजर पडी ।पुलिस को देखकर चालक वाहन को लेकर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने पकड लिया ।थाने लाकर वाहन की तलाशी ली गयी ।तलाशी के दौरान स्कार्पियो नम्बर बी आर 01-8547से - 26पेटी 08पी एम 1248पाऊच अनुमानित मूल्य डेढ लाख रुपये का अंग्रेजी शराब बरामद हुआ ।पकडे गये व्यक्ति ने पुछताछ के दौरान अपना नाम शत्रुघ शाह थाना फुलवरिया जिला गोपालगंज बिहार का निवासीहोना बताया ।थाने के उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह के तहरीर के आधार पर आबकारी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

राष्ट्रीय सहारा दि०-26-6-22

# पूर्व मंत्री के पुत्र सहित चार पर धोखाधड़ी का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी गेना देवी पत्नी स्व. रमाकान्त ने शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री व विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर के सपा प्रत्याशी के पुत्र सहित चार लोगों ने हमारी जमीन को बैनामा कराकर फर्जी चेक थमा दिये। इस मालमे में पुलिस ने चार पर जालसाजी धोखाधड़ी व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। दिये गये तहरीर में गेना देवी ने कहा कि रुद्रपुर गौरीबाजार मार्ग पर मेरी जमीन अराजी संख्या 163 है। जिसमें से आधे हिस्से की भूमिधरी की जमीन की मालकिन हूँ। जिसे साढ़े बत्तीस लाख में तय किया गया था। एडवांस के तौर पर पचास हजार का चेक मिला था। उपर्युक्त लोग जमीन बैनामा का दबाव बनाने लगे। मेरे द्वारा पैसा मांगने पर 17 लाख रूपये का फर्जी चेक दिया गया व जमीन बैनामा करा लिया गया। मेरे पूछने पर उन लोगों ने गाली गुत्ता देते हुए मारपीट व जानमाल की धमकी भी दी। उसने कहा कि विपक्षी गण द्वारा वादनी की जमीन खरीदने के लिये तय रुपये में 17 लाख का फर्जी चेक दिया तथा तथ्यों को छिपाकर प्रार्थनी के जमीन का बैनामा करा लिये। इस मामले में पुलिस ने पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद निवासी दवनाडीह पोस्ट कोड़ार पाण्डेय, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर व अनिल निषाद पुत्र रंगलाल निषाद सरहसबह समदा रुद्रपुर, राजेश पुत्र दुर्गविजय निषाद रामचक रुद्रपुर, इन्द्रजीत उर्फ जीत निषाद पुत्र भग्गन जंगल अक्टहा थाना रुद्रपुर के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-26-6-22

# दस लोगों के खिलाफ डकैती सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)।** भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम जिगिना मिश्र मे बच्चों के विवाद को लेकर हुए विवाद मे गाँव के ही दस लोगों के खिलाफ डकैती सहित अन्य संगीन धाराओं मे मुकदमा भटनी थाने मे दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे जिगिना मिश्र निवासिनी कालिन्दी मिश्र पत्नी आनन्द मिश्र द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखी है कि मेरे ही गाँव के कमलेश पुत्र शारदा मिश्र विनयशंकर पुत्र कमलेश मिश्र रविशंकर पुत्र कमलेश मिश्र दयाशंकर पुत्र कमलेश मिश्र पाशंकर मिश्र पुत्र रमेश मिश्र उत्कर्ष मिश्र पुत्र पाशंकर शिवम पुत्र राजेन्द्र अरविंद पुत्र पारस मिश्र निखिल पुत्र अरविंद मिश्र अखिल पुत्र अरविंद मिश्र बच्चों के विवाद को लेकर गोलबन्द होकर घर मे घुसकर मारने पीटने लगे ।गाली देते हुए गले का चौन छीन लिए और घर मे रखा डेढ लाख रुपया उठा ले गये साथ ही मेरे साथ छेड़खानी भी किया ।तहरीर के आधार पर दसो लोगो के खिलाफ धारा-147, 323, 504, 452, 354, 395 के अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने मे जुट गयी है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 26-6-22

# अग्निवीर योजना के उपद्रवी को पुलिस ने भेजा जेल



अंकित यादव को जेल भेजती पुलिस।

**बरहज (एसएनबी)।** अग्निवीर योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन तथा पुलिस पर पथराव करने के मामले में नामजद थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ौना हरदो निवासी अंकित यादव पुत्र नत्थू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। गौर तलब है कि रविवार को नगर के पैना रोड स्थित पेट्रोल पम्प के समीप करीब डेढ़ सौ लोग धरना प्रदर्शन के साथ ही पेट्रोल पम्प और पुलिस पर पथराव किया था। जिसमे एक पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गया और पेट्रोल पम्प सहित वहां खड़ी ब्रेजा कार का शीशा टूट गया। पुलिस ने इस मामले में 34 नामजद सहित 150 अज्ञात मनबढ़ों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकद्मा पंजीकृत किया है। 18 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज चुका है और अन्य उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए दिन रात पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। शनिवार को बढ़ौना हरदो निवासी अंकित यादव को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस चिन्हित ठिकानों पर दबिश दे रही है। कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जायेगा।

हिन्दुस्तान 26-06-22

# गांजा की डिलेवरी देने जा रहे कैरियर को दबोचा

देवरिया। गांजा की डिलेवरी देने जा रहे युवक को गौरीबाजार पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। युवक के पास झोले में से 2.150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को पूछताछ के बाद एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

गौरीबाजार के थानेदार विपिन मलिक को मुखबीर ने एक युवक द्वारा गांजा की डिलेवरी देने की सूचना मिली। थानेदार ने हल्का के दरोगा शिवचन्द ने करमाजीतपुर रोड चीनी मिल के पास चेकिंग का निर्देश दिया। पुलिस ने चेकिंग शुरु कर दिया। एक युवक झोला लेकर आ रहा था। भारी संख्या में पुलिस को देख कर वह भागने लगा। पुलिस ने दौड़ा कर युवक को दबोच लिया।

हिन्दुस्तान दि० 26-6-22

# खलासी, मुंशी और चालक पर गबन का मुकदमा दर्ज हुआ

देवरिया, निज संवाददाता। राउरकेला स्टील फैक्ट्री से सरिया लाने गए मुंशी और ट्रक के चालक, खलासी ने 48 लाख रुपये हड़प लिया। फर्म मालिक की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत अज्ञात लोगों के विरुद्ध गबन का केस दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गुलाम टोला मोहल्ले के रहने वाले उपेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रीत शाह ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी सरिया और सिमेंट की होल सेल दुकान शहर के स्टेशन रोड पर है। 7 जून 2022 को अजय यादव दुकानदार की निजी ट्रक के चालक लतीफ निवासी नौतन थाना बिजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार और खलासी ओम प्रकाश पुत्र शंभू यादव निवासी बरियापुर के साथ गया। राउरकेला पहुंचने के बाद उन लोगों ने कुछ अन्य लोगों के सहयोग से रुपया हड़प लिया।

हिन्दुस्तान दि० 26-6-22

# एएसपी ने शिकायत सुन किया निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के थानों में चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें पीड़ितों की शिकायतों का समाधान हुआ। एएसपी, सीओ व थानेदारों ने फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराया। जिले में कुल 135 शिकायत आए 43 का निस्तारण हुआ।

जिले के 20 थानों में शनिवार को समाधान दिवस पर थानेदारों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों संग सुनवाई की। जिले में 135 मामले आए। 43 मामलों का निस्तारण हुआ। शेष को टीम बनाकर निस्तारण को सौंपा। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर खुखुन्दू थाना पहुंचे। फरियादियों की लाइन लगी हुई थी। अधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को अधिकारियों को निर्देश दिया। कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी द्वारा थाना कोतवाली, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत द्वारा थाना एकौना, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द द्वारा थाना बरहज एवं क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचमलाल ने थाना बनकटा थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया।

हिन्दुस्तान दि०-26-6-22

# पूर्व मंत्री के बेटे सहित चार पर धोखाधड़ी का केस

- पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के पुत्र हैं प्रवीण
- फर्जी चेक देकर जमीन रजिस्ट्री का ओराप

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। जमीन खरीदने के मामले में पूर्व मंत्री के बेटे सहित चार लोगों के खिलाफ रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की रहने वाली गेना देवी पुत्री स्व.रमाकान्त ने तहरीर पर किया है। उसने आरोप लगाया है कि 17 लाख के फर्जी चेक देकर जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में उसने कहा है कि रुद्रपुर-गौरीबाजार मार्ग पर लक्ष्मीपुर गांव मुख्य मार्ग पर उसकी भूमिधरी है। आधा उसके नाम से और आधा उसकी सगी बहन विन्दू देवी उर्फ वीनू पुत्री स्व.रमाकान्त के नाम से है। यह भूमि व्यवसायिक महत्व की भूमि है। गेना देवी ने पुलिस को गई तहरीर में कहा है कि वह अनपढ़ और गंवार है। उसके हिस्से का 1/2 भूमि को खरीदने के लिए प्रवीण निषाद पुत्र रामभुआल निषाद ग्राम दौनाडीह थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर, रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के सरहसबह गांव के रहने वाले अनिल कुमार निषाद, राजेश कुमार ग्राम रामचक व इन्द्रजीत निषाद उर्फ जीत निषाद ग्राम जंगल अकटहा टोला झलहवा मई 2022 के पहले सप्ताह में उसके पास आए। जिसमें 32 लाख पचास हजार में उसके हिस्से के 1/2 भाग भूमि को खरीदने के लिए तय किए। साथ ही अनिल ने यूनियन बैंक रुद्रपुर के उसके खाते में पचास हजार रुपए बयाना के तौर पर भेज दिया। उसके बाद उसके पति लालमन के खाता में चार लाख ट्रांसफर कर दिए। उसने कहा है कि चार मई को चारो लोग उसके घर आए व गाड़ी में बैठा कर रजिस्ट्री कराने के लिए लेकर चले गए। जहां रजिस्ट्री के समय बाकी रुपए देने के लिए कहे। रजिस्ट्री के समय रुपए मांगने पर उसे एक दस व एक सात लाख रुपए का सेंट्रल बैंक का चेक दिए। बाकी रुपए बाद में देने के लिए कहे।

हिन्दुस्तान दि०-26-6-22

# कारसे शराब ले जा रहे तस्करों को दबोचा

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। भटनी पुलिस ने शनिवार की शाम स्कार्पियों से बिहार शराब ले जा रहे तस्कर को वाहन के साथ पकड़ लिया। पुलिस गिरफ्तार तस्कार से पूछताछ कर रही है।

भटनी थाने के एसआई विनय सिंह शनिवार को खोरीबारी चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के स्कार्पियों में शराब भर कर जा रहा है। पुलिस ने स्कार्पियो रोक उसकी तलाशी ली तो 26 डब्बा में कुल 1248 पैकेट अंग्रेजी शराब की बोतलें मिली। पुलिस ने मौके से तस्कर को गिरफ्तार कर वाहन को थाने पर लाई।

जांच में तस्कर की पहचान शत्रुघ्न शाह निवासी रामपुर कला गोपालगंज के रूप में हुई। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 1248 पैकेट अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। स्कार्पियों को सीज करने के बाद शराब को जब्त कर दिया गया है।

दैनिक जागरण दि०-26-06-22

# प्रेम प्रसंग की कड़ी तलाश रही एसओजी

जासं, लार: किशोर रहमान की गला काट कर हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस व एसओजी लगी है। शनिवार को एसओजी ने कई जगहों पर सीसी कैमरे की फुटेज को खंगाला। पुलिस की मानें तो फुटेज में मृतक रहमान अकेले ही बाइक से जाते दिखा है। हत्या की पृष्ठभूमि में कहीं प्रेम प्रसंग तो नहीं, इसकी कड़ी एसओजी तलाश रही है। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस छानबीन कर रही है।

पुलिस की शक की सुई मृतक के आखिरी काल डिटेल पर टिकी है। चूंकि मृतक के दोनों मोबाइल गायब हैं। इसलिए सीडीआर निकलने तक पुलिस को इंतजार करना होगा। पुलिस जल्दबाजी में कोई कार्रवाई नहीं करना चाहती। पुलिस हत्या के तह में पहुंचने के लिए मृतक के बड़े भाई अरमान के कुछ साथियों से भी जानकारी के लिए पूछताछ की, लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी। जिस तरह से घटना को बेरहमी से अंजाम दिया गया है, उससे लगता है कि परिवार की प्रतिष्ठा को लेकर ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक की बाइक घटना स्थल से दस किमी दूर मईल थाना क्षेत्र में लावारिस हाल में छोड़ दी गई थी।

एसपी देवरिया संकल्प शर्मा पुलिस व एसओजी मामले की जांच कर रही है। अभी कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उम्मीद है कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

गोरखपुर

शासनादेश संख्या 1453 / 77-3-2

दैनिक जागरण दि०-26-6-22

# अग्निपथ का विरोध करने वाला गिरफ्तार, गया जेल

जासं, बरहज: अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के दौरान बवाल करने वाले आरोपित अंकित यादव पुत्र नत्थू यादव को शनिवार की सुबह पुलिस ने बढ़या हरदो गांव में छापेमारी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सप्ताह पूर्व उपद्रवियों ने जमकर बरहज में बवाल किया था। पेट्रोल पंप पर पथराव किया और पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दियां। इसमें पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। मामले में 34 नामजद व 80 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।

## दो आरोपितों ने किया समर्पण

जासं, बरहज: अग्निपथ योजना विरोध प्रदर्शन के दौरान बरहज में हुए बवाल के दो आरोपितों ने न्यायालय में समर्पण कर दिया है, जिसमें मेहियवा गांव का रहने वाला आकाश यादव व लवरछी का रहने वाला विवेक शामिल हैं। दोनों आरोपितों जेल भेज दिया गया।

दैनिक जागरण दि० 26-6-22

# रंजिश में बुजुर्ग को लाठी-डंडे से पीटा, मृत्यु

## तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम मदारी पट्टी की घटना, तीन लोग हिरासत में

**जासं, तरकुलवा:** शौच कर लौटते समय शुक्रवार की रात मदारी पट्टी में एक बुजुर्ग की कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल बुजुर्ग को मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही मृत्यु हो गई। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।



रोते-बिलखते स्वजन • जागरण



कालिका सिंह • फाइल फोटो

तरकुलवा के मदारी पट्टी गांव के रहने वाले कालिका सिंह व बद्री सिंह के परिवार में पुरानी रंजिश चल रही है। कालिका सिंह शुक्रवार की रात शौच करने के लिए खेत की तरफ गए थे। लौटते समय रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने उन पर हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन कालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद स्वजन शव लेकर गांव पहुंच गए। शनिवार की सुबह माहौल तनाव पूर्ण होने की सूचना मिलते ही सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, इंस्पेक्टर टीजे सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

**छह वर्ष बाद सुलगी प्रतिशोध की आग :** छह वर्ष पूर्व बद्री सिंह के परिवार की एक बुजुर्ग महिला की हत्या हो गई थी। इसके बाद से ही प्रतिशोध की आग जल रही थी। यह मामला अभी न्यायालय में चल ही रहा था कि कालिका सिंह घटना के शिकार हो गए।

**पुलिस दे रही दबिश :** हत्या के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। तीन आरोपित पुलिस की गिरफ्त में बताए जा रहे हैं।


स्त्रियों में होने वाली सभी तकलीफों के लिए हर्बल औषधि

हेमशोभा सिरप

- खून साफ करे
- शरीर में कमजोरी व आलस्य
- असंतुलित हार्मोन्स
- खून की कमी
- थकान, चिड़चिड़ापन
- रूप निखारे
- कठिन दिनों के दर्द में सहायक
- हथेली व तलवों में जलन




सभी मैडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

# दस लोगों पर डकैती व छेड़खानी का मुकदमा

भटनी : थाना क्षेत्र के एक गांव के दस लोगों के विरुद्ध डकैती, छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। गांव में तीन दिन पहले बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई। पुलिस को दिए गए तहरीर में महिला ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग गोलबंद होकर घर में घुस गए और मारपीट करने के साथ ही सामान उठा ले गए। गले की चेन, डेढ़ लाख रुपये भी ले गए। साथ ही महिला के साथ आरोपितों ने छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने कमलेश समेत दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 26.6.22

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, देवरिया : गौरीबाजार थाना पुलिस ने 2.150 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वसीम पुत्र अलाउद्दीन गौरीबाजार के बड़हरा गांव का रहने वाला है। गौरीबाजार पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# पुलिस ने दो वांछित को किया गिरफ्तार

जासं, देवरिया : अलंग-अलग मामलों में दो वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बनकटा पुलिस ने आइटी एक्ट व धोखाधड़ी के मामले में फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद के अहिमलापुर गांव के रवि शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा को पकड़ा। खामपार पुलिस ने एक मामले में वांछित कैलाश यादव निवासी धरमखोर करन थाना खामपार को गिरफ्तार किया।

दैनिक जागरण दि० 26-6-

# शांतिभंग में 46 का चालान

देवरिया : जनपद की पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग में 46 लोगों का चालान किया। अधिकतर लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भूमि विवाद को देखते हुए पुलिस ने की। पुलिस ने 58 वाहनों का ई चालान किया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 26-6-22

# पूर्व मंत्री के पुत्र पर मुकदमा दर्ज

## धोखाधड़ी व मारपीट के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

जासं, रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर की रहने वाली एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के पुत्र समेत चार के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। ग्राम लक्ष्मीपुर की रहने वाली गेना देवी पत्नी स्व. रमाकांत ने पुलिस को भूमि बैनामा में फर्जी चेक व जान से मारने पीटने का आरोप लगाया था। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

गेंदा देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि रुद्रपुर-गौरीबाजार मुख्य मार्ग पर मेरी कामर्शियल भूमि को कुछ लोगों ने 32.50 लाख में तय किया था। बयाना के तौर पर 50 हजार का चेक अनिल निषाद ने दिया। इसके बाद भूमि बैनामा का दबाव बनाने लगे। मेरे द्वारा पैसा मांगने पर दस लाख व सात लाख का चेक अनिल निषाद द्वारा दिया। जिसमें एक चेक पर हस्ताक्षर नहीं था।

इस मामले में पुलिस ने प्रवीन निषाद पुत्र रामभुआल निषाद ग्राम दौनाडीह बड़हलगंज गोरखपुर, अनिल निषाद ग्राम सरहस वह समदा, राकेश कुमार ग्राम रामचक, इंद्रजीत उर्फ जीत निषाद ग्राम जंगल अकटहां कोतवाली रुद्रपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विजय सिंह ने कहा मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### लूट के मामले में एमआर ने दी तहरीर

जासं, तरकुलवा : देवरिया-कसया मार्ग पर मुंडेरा चौराहे के समीप दो दिन पूर्व बाइक रोक कर लूटे गए 78 हजार रुपये के मामले में एमआर तेजपुंज त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के सिधेगौर गाव के रहने वाले एमआर तेज पुंज त्रिपाठी एक दवा कंपनी में एमआर हैं। गुरुवार की रात वह कुशीनगर के दो डाक्टरों से मिलकर मेडिकल स्टोर से 78 हजार रुपये लेकर लौट रहे थे, मुंडेरा के समीप बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनसे रुपया लूट लिया और फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

दैनिक जागरण दि० 26-6-22

# रैंकिंग में भटनी थाना अव्वल, बघौचघाट फिसड्डी

जासं,देवरिया: जनपद की पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के प्रयास जारी हैं। डिजिटल प्लेटफार्म पर लोग पुलिस के बारे में अपनी राय साझा कर रहे हैं। मई की रैंकिंग में भटनी थाना पुलिस को प्रथम व बघौचघाट थाना पुलिस को सबसे फिसड्डी स्थान मिला है। थाना भटनी प्रथम व थाना बघौचघाट को सबसे आखिरी स्थान प्राप्त हुआ।

दूसरे स्थान पर थाना खुखुंदू, तीसरे स्थान पर थाना लार, चौथे स्थान पर तरकुलवा, पांचवें स्थान पर सदर कोतवाली, छठें स्थान पर सलेमपुर कोतवाली, सातवें स्थान पर बरियारपुर, आठवें स्थान पर एकौना, नौवें स्थान पर गौरीबाजार, दसवें स्थान पर बनकटा, 11वें स्थान पर बरहज, 12वें स्थान पर भलुअनी आया है।

अमर उजाला दि0-26-6-22

# अंग्रेजी शराब से भरा वाहन और तस्कर पकड़ा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। पुलिस ने शनिवार की शाम अंग्रेजी शराब से भरा वाहन बरामद पकड़ा। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज करने पुलिस पूछताछ में जुटी है।

भटनी थाने के एसआई विनय सिंह शनिवार को खोरीबारी चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिरों द्वारा सूचना मिली कि एक सफेद रंग के वाहन में शराब भर कर जा रहा है। पुलिस ने वाहन को रोक कर उसकी तलाश ली तो 26 डिब्बों में कुल 1248 पैकेट अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं। पुलिस ने मौके से तस्कर को गिरफ्तार कर वाहन को थाने पर लाई। जांच में तस्कर की पहचान शत्रुघ्न शाह निवासी रामपुर कला गोपालगंज के रूप में हुई। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 1248 पैकेट अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वाहन को सीज करने के बाद शराब को जब्त कर लिया गया है।

अमर उजाला दि0-26-6-22

# पूर्व मंत्री रामभुआल के पुत्र समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का केस

## फर्जी चेक देकर बैनामा कराने का आरोप, सपा के टिकट पर लड़े थे चुनाव

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। पुलिस ने सपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के बेटे प्रवीण निषाद समेत चार लोगों पर जालसाजी कर फर्जी चेक के जरिए जमीन का बैनामा कराने के आरोप में शनिवार को केस दर्ज किया। पुलिस लक्ष्मीपुर गांव की रहने वाली दो बहनों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर जांच कर रही है।

लक्ष्मीपुर की गेना देवी और बिंदु देवी सगी बहने हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पूर्व मंत्री के बेटे प्रवीण और उनके तीन साथियों ने मिलकर उनके साथ जालसाजी की है।

गेना देवी और बिंदु देवी की रुद्रपुर गौरीबाजार मार्ग पर टू लेन सड़क के किनारे व्यावसायिक महत्व की जमीन है। दोनों बहनों का 0.015 हेक्टेयर हिस्सा है। आरोप है कि करीब दो माह पहले गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के दवनाडीह गांव के प्रवीण निषाद पुत्र रामभुआल और रुद्रपुर थाना क्षेत्र के सरहसवह समुदा निवासी अनिल कुमार निषाद, रामचक निवासी राजेश कुमार, अकटहां गांव निवासी इंद्रजीत उर्फ जीत निषाद ने गेना देवी से उनके हिस्से की जमीन को 32 लाख 50 हजार रुपये में तय किया।

उन्होंने चार लाख 50 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। चार मई को गेना देवी को गाड़ी बैठाकर उपनिबंधक कार्यालय ले गए। वहां गेना देवी को दो बैंकों का 17 लाख रुपये के दो चेक दिए गए। बाकी धनराशि बाद देने का वादा कर जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कराते समय आरोपियों ने धोखे से उसकी बहन बिंदु देवी के हिस्से की जमीन भी रजिस्ट्री करा ली। बकाया रुपये मांगने पर जब वे लोग धमकी देने लगे तो उन्होंने बैंक में चेक की जांच कराई।

बकौल गेना देवी, बैंक में जांच कराने पर दोनों चेक फर्जी पाए गए। आरोपियों का बैंक खाता काफी दिनों से बंद है। उन लोगों ने फर्जी चेक दे दिया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर प्रवीण, अनिल, राजेश और इंद्रजीत उर्फ जीत निषाद के खिलाफ धोखाधड़ी कर फर्जी कागजात बनाने और धमकी देने के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया है।

प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने कहा कि मामले में गंभीरता से विवेचना की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला दि० 26-6-22

# टॉप टेन बदमाश चंदू यादव गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित टॉप टेन अभियुक्त को सोनुघाट चौराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

थाना भलुअनी के सोनाड़ी गांव के टड़वा टोला का रहने वाले चंदू कुमार यादव के विरुद्ध लार थाने में गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है।

पुलिस चंदू की काफी दिनों से तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर बदमाश है तथा शराब तस्कर व गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध है। संवाद

अमर उजाला दि0-26-6-22

# व्यवसायी के 48 लाख रुपये मुंशी ने हड़पे, मुकदमा दर्ज

## रुपये के बदले जमीन बैनामा करने में कर रहा टालमटोल

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के एक व्यवसायी के मुंशी ने 48 लाख रुपये हड़प लिया। अपनी गलती मानते हुए रुपये के बदलने जमीन बैनामा करने की बात कही, लेकिन वह पैसा वापस करने तथा जमीन बैनामा करने से कतरा रहा है। इस मामले में पीड़ित व्यवसायी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी अजय यादव, लतीफ, ओमप्रकाश व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के रामगुलाम टोला मोहल्ला निवासी उपेंद्र कुमार पुत्र रामप्रीत ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी रेलवे स्टेशन रोड पर एक एजेंसी है, जहां सीमेंट व सरिया का थोक व्यवसाय होता है, वहां अजय यादव पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी गोबराई करीब 15 वर्ष से मुंशी था।

उन्होंने कहा है कि सात जून को अपने पिपरपाती गोदाम से 48 लाख रुपये लेकर राऊरकेला स्टील फैक्ट्री में देकर माल लाने के लिए अपने ट्रक से अजय को भेजा। वह ट्रक चालक बिहार के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र निवासी लतीफ व बरियारपुर थाना क्षेत्र निवासी खलासी ओमप्रकाश तथा कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मेरा पैसा हड़प लिया। उसके बाद 12 जून को मेरे घर आकर बताया कि सहयोगियों के झांसे में आकर कंपनी को पैसा नहीं दिया। वह कहा कि पैसे के बदले चार दिन बाद जमीन बैनामा कर देगा।

इतना ही अजय यादव ने अपने परिवार को बुलाकर बात की और स्टांप पेपर पर लिखकर अपनी गलती स्वीकार करते हुए जमीन बैनामा करने की बात कही, लेकिन अब तक न रुपये वापस किया और न ही जमीन का बैनामा किया है। कोतवाली अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मुंशी अजय, चालक लतीफ व खलासी ओमप्रकाश तथा दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि०-26-6-22

# दस लोगों पर मारपीट, छेड़खानी और डकैती का केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

भटनी। क्षेत्र के एक गांव में बच्चों के विवाद में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं के साथ छेड़खानी और डकैती का मामला सामने आया है। एसपी से शिकायत पर छह दिन बाद पुलिस केस दर्ज कर घटना की छानबीन में जुटी है।

भटनी के एक गांव में 19 जून को दो परिवारों के बच्चों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इससे नाराज एक पक्ष गोलबंद होकर पीड़ित पक्ष के घर में घुस गए। लोगों ने मारपीट, महिलाओं के साथ छेड़खानी के बाद घर में रखा डेढ़ लाख रुपये लूट लिया। पीड़ित पक्ष इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे दुःखी होकर पीड़ित पक्ष एसपी से न्याय की गुहार लगाया।

एसपी के निर्देश पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी पक्ष के दस लोगों पर डकैती, छेड़खानी, मारपीट, बलवा आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी।

# जमीन विवाद में वृद्ध की पीटकर हत्या, 14 के खिलाफ मुकदमा

## तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी की घटना, सीओ ने लिया घटनास्थल का जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी



कालिका सिंह की हत्या के बाद दरवाजे पर जुटी भीड़। संवाद

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी गांव में शुक्रवार की रात जमीन के विवाद में कुछ लोगों ने वृद्ध को मारपीट कर अधमरा कर दिया। परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। सीओ श्रेयश त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



कालिका (फाइल फोटो)

तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी गांव निवासी कालिका सिंह (65) वर्ष का पट्टीदारों से खलिहान व बंजर की जमीन पर कब्जे का विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्षों में कई बार मारपीट हो चुकी है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात में करीब आठ बजे कालिका सिंह शौच के लिए गांव के बाहर गए थे। इस दौरान घात लगाए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडे, चाकू और रॉड से प्रहार कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुनकर कालिका सिंह का पौत्र रामकिशन सिंह (14) जब मौके पर पहुंचा तो उसको पिटाई कर हमलावर फरार हो गए। लोगों ने दोनों को घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने कालिका सिंह की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मामूली रूप से घायल रामकिशन को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर वापस लौट आए मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने मामले में हरिश्चंद्र की तहरीर पर रमेश, हेब्बा, रामबचन, रवि सिंह उर्फ जय बहादुर, मीनू उर्फ उदयराज, गुंजा, मनीषा, अर्चना देवी, विमला देवी, चिंता देवी, सुमित्रा देवी, निधि, करिश्मा, राजन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सीओ श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# चोरी के सामान के साथ तीन दबोचे

जटहा बाजार। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौकी मंसाछापर में लगातार हो रही चोरियों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मंसाछापर निवासी प्रभु शर्मा ने शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

चौकी पर तैनात सिपाहियों द्वारा लगातार प्रयास के बाद शनिवार को चोरों को पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई। चोरी के सामानों के साथ पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया।

# गैंगस्टर की दो बाइक और पिकअप जब्त की

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले की कुबेरस्थान पुलिस ने शनिवार को हनुमानगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध व्यक्ति की दो बाइकें एवं एक पिकअप को जब्त कर लिया।

गैंगस्टर में निरुद्ध व्यक्ति शातिर पशु तस्कर बताया जा रहा है, जिसके खिलाफ जिले के अलावा गोरखपुर जिले में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसपी धवल जायसवाल द्वारा समस्त थाना प्रभारी को गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत मुकदमों के नामजद अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देश दिया गया है। इस क्रम में थाना कुबेरस्थान पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अपराधी अख्तर पुत्र अजमुद्दीन निवासी ग्राम सेमरा हर्दो थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर के विरुद्ध थाना हनुमानगंज से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी थी।

# सीओ ने व्यापारियों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति

तमकुहीराज। ब्लॉक सभागार में क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने व्यापारियों के साथ बैठक की। सीओ ने व्यापारियों से अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, एक कैमरे का डायरेक्शन सड़क की ओर रखने, किसी असामान्य गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा तमकुही ब्लाक सभागार में कस्बा सहित क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सर्किल क्षेत्र में हाल के दिनों में हुए अपराधिक घटनाओ पर चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस अपने नागरिकों के लिए हर वक्त मुश्तैद रहती हैं।

# डीएम और एसपी ने निस्तारित किए छह मामले

**समाधान दिवस**

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। थाना समाधान दिवस शनिवार को जिले के सभी थानों में आयोजित हुआ। पडरौना कोतवाली में डीएम एस राजलिंगम एवं एसपी धवल जायसवाल ने लोगों की फरियाद सुनी। कुल 24 फरियादियों की फरियाद सुनते हुए डीएम और एसपी ने छह मामलों को मौके पर निस्तारित कर दिया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

पटहेरवा संवाद के अनुसार पटहेरवा थाने में समाधान दिवस पर एएसपी रितेश कुमार सिंह पहुंचे। इस दौरान उनके सामने कुल 14 मामले सामने आए। पुलिस से संबंधित तीन मामलों का उन्होंने अपने सामने ही निपटारा करा दिया बाकी राजस्व से जुड़े मामलों का राजस्व टीम के साथ पुलिस कर्मियों को मौके पर जाकर मामले को जल्द निपटाने के आदेश दिया। इस दौरान एसओ अखिलेश कुमार सिंह, एसएसआई राम सहाय चौहान आदि मौजूद रहे। हाटा संवाद के अनुसार स्थानीय कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी हाटा वरुण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस पर कुल 29 मामले आये, जिसमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बंधित कुल 29 मामले आए, जिसमें 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष का निस्तारण करने के लिए राजस्व व पुलिस की तीन संयुक्त टीमों को रवाना कर दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, वृजेश यादव, महिला कांस्टेबल रितू यादव, राजस्वकर्मी रामेंद्र तिवारी, हरिशंकर सिंह, अजय सिंह, राजू भारती, प्रदीप गुप्ता, संजीवन मिश्र आदि मौजूद रहे।

### घर में सो रही पत्नी और बच्चों पर पेट्रोल डालकर फूंक दिया था, पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए बनाईं टीमें

# पत्नी-बच्चे के हत्यारोपी की तलाश तेज

**मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फर्दमुडेरा गांव में पत्नी एवं बच्चों को जिन्दा जला कर मार देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति पर हत्या व दहेज उतपीड़न का केस दर्ज कर लिया है। तहरीर मृतका सुभावती के भाई गोरखपुर के सरपतही, थाना गुलहिया निवासी राजकुमार साहनी ने दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फर्द मुंडेरा गांव में गुरुवार की रात एक शराबी मनबढ़ ने रात में सो रहे पत्नी व तीन बच्चों पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। इस घटना में उसका एक बेटा सुरक्षित बच गया था जबकि गंभीर रूप से झुलसे पत्नी सुभावती, बेटी मुस्कान व बेटे अरुण को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां सुभावती और उसका मासूम बच्चे अरुण की मौत हो गयी। एक साथ मां-बेटे की मौत ने सबको हिलाकर रख दिया है। घटना सुन लोगों की रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं। उस हैवान को कोसते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार की देर रात दोनों शव गोरखपुर मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम के बाद घर लाए गए। रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान सबकी आंखे नम हो गयी थी। कपतानगंज के प्रभारी उपनिरीक्षक विशाल कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ 302, 336, 498 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने रामसमुझ की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की है। टीमें अलग-अलग छापेमारी कर रही है।

**मेडिकल कॉलेज में मौत से संघर्ष कर रही मुस्कानः** दिल दहला देने वाली घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। हैवानियत की हदें पार एक शराबी ने सो रहे पत्नी व बच्चों पर पेट्रोल उड़ेल आग लगा दी और मौके से फरार हो गया। इस हृदयविदारक घटना में जहां शराबी की पत्नी सुभावती व चार साल का मासूम बच्चा अरुण ने दम तोड़ दिया, वहीं दूसरा बेटे अंकित ने तख्त के नीचे छिपकर जान बचा ली। गंभीर रूप से झुलसी दस वर्षीय मुस्कान मेडिकल कालेज में मौत से संघर्ष कर रही है। मेडिकल कालेज के चिकित्सक हर तरह से मुस्कान का ध्यान रख रहे हैं। वह बुरी तरह से झुलस गयी है। मृतका सुभावती व उसके बेटे अरुण के दाह संस्कार के बाद मायके वालों ने भी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मुस्कान का हाल जाना। हर कोई मुस्कान के स्वथ्य होने की दुआ कर रहा हैं।

### आठ साल के अंकित ने मां व भाई को दी मुखाग्नि

जिस उम्र में पढ़ाई-लिखाई व खेलना-कूदना चाहिए, उस उम्र में आठ साल के अंकित ने मां और छोटे भाई को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार उमड़े लोगों ने जब अंकित को मुखाग्नि देते देखा तो सबकी आंखे नम हो गयी। अंकित को क्या पता हैवान व शराबी पिता इतना दर्द देगा। हादसे की रात आंखों देखा हाल अंकित भुला नही पा रहा है। बदहवास है। घटना को याद कर हर वक्त आंख से आंसू गिर रहे हैं। घटना को लेकर गांव में मातम छाया हुआ है। आरोपी के खिलाफ लोगों के मन में गुस्सा भी उतना ही है। घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। शुक्रवार की देर रात दोनों का शवों का अंतिम संस्कार एक साथ गांव के बगल मौन नाला के पास किया गया।

### शराबी ने झोपड़ी में लगा दी आग

**खड्डा।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के माघी भगवानपुर में शुक्रवार की रात शराब के नशे में एक युवक ने अपनी ही झोपड़ी में आग लगा दी।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के बृजनान्हू का पुत्र लालमोहन को शराब की लत है। वह शराब पीकर घर जाता है और परिवार के लोगों से विवाद करता रहता है। शुक्रवार की रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा। जिस पर परिवार के लोगों ने एतराज जताया तो आगबबूला होते हुए खुद की झोपडी में आग लगा दी। इसकी सूचना परिजनों ने फायर बिग्रेड से लगायत हनुमागंज पुलिस को दी। जिस पर पुलिस व फायर सर्विस की गाड़ी मौके पर पहुंच गयी।

# अज्ञात ने फोन कर पूछा था, क्या बैंक खुलेगा

**फॉलोअप**

■ **रामप्रवेश पटेल**

**सिसवा नाहर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव ओझवलिया के पास सीएससी कर्मचारी को चाकू मार कर हुई 7.05 लाख की लूट की मामले में पुलिस की तफ्तीश में कई राज ऐसे सामने आते जा रहे हैं, जिसके माध्यम से पुलिस संदिग्धों तक पहुंचने में जुटी हुई है। तफ्तीश में यह बात भी सामने आयी है कि घटना के दिन ही घायल कर्मचारी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने तीन घंटे के अंतराल में दो बार कॉल किया था।

पहली बार कॉल करने वाले व्यक्ति ने कर्मचारी से बैंक खुलने की बात पूछी और दूसरी बार कॉल कर उसने कर्मचारी से यह पूछा था कि आज सीएससी पर रहना है कि नहीं। सीएससी संचालक विनोद तिवारी पंजाब नेशनल बैंक का सीएससी सिसवा नाहर बाजार में चलाता है। बीते सोमवार को सीएससी के दो कर्मचारी पंजाब नेशनल बैंक तमकुही रोड से 7 लाख 5 हजार रुपये निकालकर मोटरसाइकिल से सिसवा नाहर आ रहे थे। तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल सवार आए और बाइक पर पीछे बैठे सीएससी कर्मचारी अरविंद पटेल को पेट में चाकू मारकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। तफ्तीश में अब यह बात भी सामने आयी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घायल कर्मचारी के मोबाइल पर घटना के दिन तीन घंटे के अंतराल में दो बार कॉल किया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कर्मचारी से बैंक आज खुलेगा या नहीं इसकी जानकारी ली। कॉल कर कर्मचारी से यह पूछा गया कि आप ब्रांच पर रहेंगे कि नहीं। व्यक्ति का कॉल डिटेल खंगालते हुए पुलिस संदिग्ध तक पहुंचने में जुटी हुई है।

### बैंक, आसपास की गली और चौराहों पर मुस्तैदी से हो रही जांच

तरयासुजान एसओ कपिलदेव चौधरी ने कहा कि सोमवार को तमकुहीरोड पीएनबी से 7.05 लाख रुपये ले जाते समय हुई लूट के बाद से ही पुलिस बैंक परिसर में आने वाले एक-एक ग्राहक से पूरी गहनता से पूछताछ कर रही है। वहीं बैंक के आसपास सहित प्रत्येक गली व चौराहों पर दिख रहे संदिग्ध व्यक्ति से भी कड़ाई से पूछताछ कर कारण जानने के उपरांत ही उन्हें जाने दिया जा रहा है। एसओ ने कहा कि लुटेरों तक पहुंचने में पुलिस जुटी हुई है। आशा है कि शीघ्र ही इसमें पुलिस को कामयाबी मिल जाएगी।

# व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : सीओ

**जागरण संवाददाता, तमकुहीराज :** व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैयार है। सुरक्षा का मिशन बगैर व्यापारियों और आम जन के सहयोग से पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए जरूरी है कि दोनों सहयोग करें।

यह बातें शनिवार की देर शाम तमकुही ब्लाक सभागार में व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में सीओ जितेंद्र कालरा ने कहीं। उन्होंने बिहार सीमा पर स्थित तमकुही क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सुझाव, समस्या और निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। बड़े व्यापारियों को विशेष रूप से अपनी दुकानों में कैमरा लगाने का सुझाव भी दिया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, दवा व्यवसायी संजीव गुप्ता, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण के दौरान वार्ड में नहीं मिली बिजली की व्यवस्था**

**मथौली बाजार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली बाजार का शनिवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ताहिर अली ने निरीक्षण किया। ईटीसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान बिजली की व्यवस्था न होने की बात सामने आई। कहा कि वार्ड में शीघ्र बिजली की व्यवस्था कराई जाएगी।

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

# दो गैंगस्टरों की एक लाख 60 हजार रुपये की संपत्ति जब्त

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कुबेरस्थान व विशुनपुरा पुलिस ने गो-तस्करों की डेढ़ लाख से अधिक की संपत्ति शनिवार को जब्त की। गो तस्कर अख्तर निवासी सेमरा हर्दो थाना कुबेरस्थान के खिलाफ विशुनपुरा थाने में गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज है। उसके द्वारा अवैध ढंग से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए पुलिस ने डीएम कार्यालय को रिपोर्ट भेजी थी।

डीएम की अनुमति मिलते ही पुलिस ने उसके दो, दो पहिया वाहन, मूल्य एक लाख रुपये, एक पिकअप जब्त किया। बोलेरो पिकअप वाहन गोरखपुर के गुलहरिया थाने में पशु क्रूरता अधिनियम में पूर्व में ही दाखिल है।

इसी तरह विशुनपुरा पुलिस ने गो तस्कर राजेश कुशवाहा निवासी मठिया माफी गोड़रिया थाना विशुनपरा का 60 हजार रुपये मूल्य का दो पहिया वाहन जब्त किया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि गैंगस्टरों द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नहीं हुआ समाधान, मिला सिर्फ आश्वासन

## नगर कोतवाली में डीएम व एसपी ने सुनी समस्या, अधिकतर मामलों में टीम गठित

**जागरण संवाददाता,पडरौना** कुशीनगर :थाना समाधान दिवस पर इस बार भी पीड़ितों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और उन्हें आश्वासन दे घर भेज दिया गया। पडरौना नगर कोतवाली में पहुंचे डीएम, एसपी ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। अधिकतर मामले भूमि विवाद से जुड़े थे, इसलिए निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व टीम को सौंप दिया गया। इस तरह हर बार की तरह इस बार भी फरियाद लेकर आए लोग अश्वासन पाकर चले गए।

नगर कोतवाली में एसडीएम महात्मा सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। आयोजन के दौरान पहुंचे डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। जंगल खिरकिया, रामधाम विशुनपुरा से समूह में आए लोगों ने सार्वजनिक भूमि पर कब्जे का मुद्दा उठाया।

अधिकारियों ने राजस्व-पुलिस टीम को निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान



पडरौना कोतवाली में फरियाद सुनते बाएं से डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल● जागरण

दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। आयोजन के दौरान आए पीड़ितों की सुन अधिकारी-कर्मचारी उन्हें प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाएं।

एसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़े मामले बिना समय लगाए निस्तारित कराए जाएं। राजस्व से जुड़े मामलों में अधिकारी-कर्मचारी का सहयोग लेकर उसका निस्तारण कराएं। आयोजन के दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़े कुल 16 मामले आए, जिनमें चार मौके पर ही निस्तारित किए गए। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह सहित पुलिस व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

अहिरौली बाजार संवाददाता के अनुसार समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व के 11 मामले आए। एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया। भूमि विवाद के मामलों में संयुक्त टीम को मौके पर जाकर विवाद निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। दारोगा सुनील कुमार सिंह, लेखपाल निरमा भारती, संजय सिंह, नीरज कांत आदि मौजूद रहे।

मंसाछापर संवाददाता के अनुसार सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल आठ मामले आए। इसमें पुलिस से जुड़े दो तथा राजस्व के एक सहित तीन मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। अन्य मामलों में संयुक्त टीम गठित कर सीओ ने मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एसएचओ रामचंद्र राम, दारोगा विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

नेबुआ-नौरंगिया संवाददाता के अनुसार आयोजन के दौरान राजस्व के सात व पुलिस के दो समेत कुल नौ मामले आए। पुलिस से जुड़े दोनों ही मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। अन्य मामलों में टीम गठित की गई।

एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय, एसआई भरथ राम मिश्र, दारोगा उमेश यादव, दीपक सिंह, राजस्व निरीक्षक मदन मिश्र, लेखपाल पवन वर्मा, नीरज दूबे, विनय सिंह, शालिनी आदि मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो वायरल एक हिरासत में

**नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र में एक युवती का अश्लील वीडियो शनिवार देर शाम को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो की जानकारी होते ही थाने पहुंच युवती ने तहरीर दी। पुलिस ने त्वरित कदम उठाते हुए आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

युवती ने तहरीर में लिखा है कि स्नान करते समय गांव के ही दो युवक छिप कर वीडियो बना लिए। युवक कुछ दिनों से वीडियो का हवाला दे संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहे थे। ऐसा न करने पर दोनों वीडियो वायरल करने की धमकी दिए थे। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है। एक आरोपित अशोक को हिरासत में ले पूछताछ की जा रही है। (जासं)

# पडरौना कोतवाली में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

## 24 मामलों में से छह का मौके पर किया गया निस्तारण, जिले के सभी थानों पर संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**



डीएम और एसपी ने कोतवाली में लोगों की फरियाद सुनी। संवाद

**पडरौना।** संपूर्ण समाधान दिवस पर जिले के सभी थानों में फरियाद सुनी गई। इसी क्रम में शनिवार को डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल, एसडीएम महात्मा सिंह ने पडरौना कोतवाली में फरियाद सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

डीएम और एसपी के सामने 24 प्रार्थना पत्र आए। इसमें से राजस्व के 15 तथा पुलिस विभाग के नौ मामले आए। पुलिस विभाग के दो मामलों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व से संबंधित चार मामलों को निस्तारित किया गया। कुल 18 मामले बच गए। इसमें राजस्व के 11 तथा पुलिस विभाग के सात मामले शेष थे। बचे मामलों को डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारी को निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर डीएम ने लेखपालों के रजिस्टर को भी चेक किया तथा रजिस्टर में लेखपाल की ओर से नियमित रूप से भू-पैमाइश व अन्य संबंधित मामलों का विवरण सहित उल्लेख किए जाने के लिए निर्देशित भी किया। रामकोला प्रतिनिधि के अनुसार रामकोला थाने में 10 मामले भूमि संबंधित आए इसमें से एक का ही निस्तारण हो सका। नौ मामले संबंधित लेखपालों को दे दिया गया।

अहिरौली बाजार प्रतिनिधि के अनुसार अहिरौली बाजार थाने में 11 मामला आए। इसमें से भूमि संबंधित आठ और पुलिस के तीन मामले थे। इसमें से एक का निस्तारण किया गया। पिपरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना में नौ मामले आए। इसमें से दो का तत्काल निस्तारण किया गया। पटहेरवा प्रतिनिधि के अनुसार पटहेरवा थाने में एएसपी रितेश कुमार सिंह ने फरियाद सुनी। इनके सामने 14 मामला पहुंचे। इसमें से मौके पर दो निस्तारण किया गया। बरवापट्टी प्रतिनिधी के अनुसार बरवापट्टी में थाने में पांच मामले आए इसमें से तीन का निस्तारण किया गया। इसके अलावा सेवरही और तरया सुजान थाने पर भी लोगों की फरियाद सुनीं गईं।

# गांव में मातम, आरोपी की तलाश में पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फर्द मुंडेरा गांव में बृहस्पतिवार देर रात रामसमुझ ने सो रही पत्नी और तीन बच्चों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पत्नी और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर है। घटना का आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

उधर, एसपी ने शनिवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया। लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ नहीं पा रही है।

**11 वर्ष पूर्व हुआ था सुभावती का विवाह :** रामसमुझ से 11 वर्ष पूर्व महराजगंज जिले के सपहिया भठहठ निवासी लालचंद की बेटी सुभावती से विवाह हुआ था। शादी होने के कुछ वर्ष बाद से ही सुभावती को उसका पति शराब पीकर मारने पीटने लगा था। वह किसी से इसकी शिकायत नहीं करती है। वह स्वयं मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करती थी। 23 जून को सुभावती के पति ने पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फर्ज मुंडेरा के ग्रामीण दुखी हैं। गांव की बुजुर्ग महिलाएं बगीचे में बैठकर इसी घटना का चर्चा करती दिखीं। इसी बीच उनके आखों से आंसू बह रहे थे। हर कोई दुखी नजर आ रहा था।

## कप्तानगंज के फर्द मुंडेरा गांव में पत्नी और बच्चों को जलाने का मामला

### एक साथ जली मां और बेटे की चिता

आग से झुलसे सुभावती और अरुण की मौत हो गई थी। पथरहवा घाट पर एक ही चिता पर दोनों का शव जलाया गया। मुखाग्नि देने से पहले बड़ा बेटा आठ वर्षीय अंकित मां के आंचल से लिपट कर रोने लगा। ग्रामीणों के समझाने पर उसने मुखाग्नि दी। मां-बेटा का शव एक साथ जलते देख लोगों के आखों में आंसू भर गए।

*आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*
***- अनिल कुमार उपाध्याय,***
*एसएचओ, कप्तानगंज*

# अपनी ही जमीन पर कब्जे की गुहार लगा रही महिला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम जंगल अमवा की निवासी जैतून नेशा अपनी ही जमीन पर कब्जा पाने को दर-दर भटक रही है। लेखपाल से लगायत डीएम तक से फरियाद कर चुकी है, लेकिन अभी भी न्याय से कोसों दूर है।

पीड़ित जैतून नेशा जंगल अमवा में झरही नदी के तट पर झोपड़ी बनाकर रहती है जबकि उसके नाम से पडरौना-खिरकिया रोड स्थित ट्यूबवेल के पास जमीन खतौनी में दर्ज है। वर्तमान समय में वह बेघर हो गयी है। बेटे-पतोहू गांव के एक दबंग के डर के कारण बाहर भाग गए हैं। अभी वह जहां झोपड़ी बनाकर गुजर-बसर कर रही थी वह जमीन खलिहान में छंट चुकी है। ग्राम पंचायत ने जल्दी ही जगह खाली करने को फरमान सुना दिया है। करीब तीन माह पहले एसडीएम सदर ने कानूनगो व लेखपाल को निर्देश दिया था कि फरियादी की जमीन पर कब्जा दिला दी जाए पर वह आदेश भी बेअसर रहा। पीड़िता ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है और अपनी जमीन पर कब्जा की मांग की है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**आनन्दनगर (एसएनबी)**। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ के नेतृत्व में फरेन्दा कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में आये फरियादियों की फरियादी सुनी गयी। इस दौरान फरियादियों द्वारा कुल 12 शिकायत दर्ज करायी गयी मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर शेष 8 शिकायतों को निस्तारित करने के लिए कोतवाल को सौंप दिया गया। इसके पश्चात नगर पंचायत आनन्दनगर में पार्किंग स्टैण्ड, वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महराजगंज डा.कौस्तुभ द्वारा थाना समाधान दिवस में कोतवाली फरेन्दा में फरियादियों की शिकायत सुना गया। थाना दिवस में कुल 12 मामले आये जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया शेष माम्लों को नियमानुसार जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी महराजगंज ने कहा कि थाना में आने वाले याचियों के लिए जरुरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें और उनके साथ उचित व्यवहार करें। इसके बाद जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कोतवाली परिसर व क्षेत्राधिकारी फरेन्दा आवास के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया और शीघ्र कार्य शुरु कराने का निर्देश दिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर पंचायत आनन्दनगर में सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान आरम्भ कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टैक्सी स्टैण्ड और वेंडिंग जोन की स्थापना में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त किया और अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टी देने का निर्देश दिया। उन्होंने वेंडिंग जोन टैक्सी स्टैण्ड के कार्यों में तेजी लाने हेतु उपजिलाधिकारी फरेन्दा रामसजीवन मौर्य को निर्देशित किया। होम्योपैथिक चिकित्सालय परिसर में चल रहे वाशिंग सेन्टर पर जिलाधिकारी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सेन्टर को बन्द करने का निर्देश दिया तथा रिलायंस ट्रेंड के पीछे स्थित नगर पंचायत की सरकारी भूमि के जल्द से जल्द चिन्हांकन कर उसे सुरक्षित करने का निर्देश दिया।

## समाधान दिवस

**थाना दिवस के पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर पंचायत में स्थित टैक्सी स्टैण्ड व वेडिंग जोन का किया निरीक्षण**

**धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टी देने का निर्देश दिया**

**नौतनवा कार्यालय** के अनुसार पुलिस सर्किल के विभिन्न थानों में आयोजित समाधान दिवसों में काफी शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याओं को सक्षम अधिकारियों के समक्ष रखा। इसके साथ ही उसे सम्बंधित अधिकारियों ने समाधान के पहल की जमीनी कोशिशें भी शुरू कीं। इसी क्रम में सोनौली थाने में आयोजित समाधान दिवस में नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कु मार सिंह ने अध्यक्षता की। सीओ श्री सिंह ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना और उचित समाधान के निर्देश प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय को दिये। नौतनवा, परसामलिक व बरगदवा में भी सम्बंधित थाना अध्यक्षों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और उसके समाधान के लिए कोशिशें शुरू कीं। इस दौरान चौकी प्रभारी राम चरण सरोज,चौकी प्रभारी भगवानपुर प्रशांत पाठक, लेखपाल विनोद पटेल,प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह,पुजा मिश्रा, घनश्याम भारती,आदि मौजूद रहे।



फरियाद सुनते डीएम महराजगंज सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ।

**सिन्दुरिया प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को प्रभारी थानाध्यक्ष तरुण कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही समाधान दिवस में आये मामलों को सुनकर जल्द निस्तारण का निर्देश दिया गया । स्थानीय थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बंधित मामले आये। इन मामलों के निस्तारण के लिए सम्बंधित पुलिस व हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक ओमप्रकाश गुप्ता, अवधेश यादव, नरेंद्र प्रसाद मिश्रा, अंजनी कुमार, चौकी प्रभारी मिठौरा आरसी वरुण, चौकी प्रभारी चिउटहा गुलाब यादव, चंद्रभूषण तिवारी, जनकराज, जनार्दन प्रसाद, शोभनाथ भारती, अविनाश सहानी, मारुति नन्दन निगम व दीपाली सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# हास्पिटल संचालक से पांच लाख की मांगी रंगदारी

**पैसा न देने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहने की दी चेतावनी**

**गांगी बाजार में ही एक सप्ताह पूर्व दूसरे डाक्टर से मांगी गई थी रंगदारी**

**गांगी बाजार (एसएनबी)** । पनियरा थाना क्षेत्र के गांगी बाजार में अभी एक सप्ताह पूर्व एक डक्टर से 20 लाख रुपये की रंगदारी मोबाइल पर मांगी गई थी पुलिस अभी उसी मामले को सुलझाने में लगी थी कि इसी बीच शुक्रवार को दिन में गांगी बाजार में स्थित एक हास्पिटल के संचालक से मोबाइल पर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई । इससे हास्पिटल संचालक दहशत में है । हास्पिटल संचालक ने पनियरा पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है । 24 घण्टे के भीतर ही हास्पिटल संचालक को तीन बार मोबाइल पर धमकी दी गयी और पैसा लेकर महेसरा पुल पर बुलाया जा रहा है। कई बार फोन आने से पीड़ित दहशत में आकर शनिवार को खुद भाग कर थाने पर पहुंच कर थानाध्यक्ष पनियरा को पूरी बात से अवगत कराया । पीड़ित ने पुलिस को जो तहरीर दी है उसके अनुसार गांगी बाजार में स्थित एक हास्पिटल के संचालक अशोक कुमार सैनी के मोबाइल पर शुक्रवार को दिन में लगभग 1 . 40 बजे एक अनजान मोबाइल नम्बर 9372092894 से फोन करके 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और न देने पर यह कहा गया कि अंजाम भुगतने को तैयार रहना । इस बावत थानाध्यक्ष पनियरा सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि जिस नम्बर से रंगदारी मांगी गई है उसे ट्रेस कराया जा रहा है बहुत जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे ।

# विवाहिता की मौत के मामले में पति पर केस

**बृजमनगंज (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा दुबौलिया के हरिजन टोला निवासी विवाहिता प्रतिमा की बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी और इस मामले में पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए जांच में लगी हुई तथा मृतका के भाई द्वारा स्थानीय थाने पर पति के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए हत्या का आरोप भी लगाया गया था। इस मामले में पुलिस ने विवाहिता के पति संतोष के विरुद्ध गैर इरादत्तन का हत्या मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम सभा दुबौलिया के हरिजन टोले पर विवाहिता प्रतिमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। इसके बाद परिजन इसके पति संतोष के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने पर तहरीर दिये थे। पुलिस ने भी शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए जांच पड़ताल में लगी हुई थी। थानाध्यक्ष चन्द्रहास मिश्रा ने बताया कि मृतक के भाई वीरेन्द्र अड्डा बाजार निवासी थाना नौतनवां की तहरीर पर मृतका के पति संतोष निवासी ग्राम सभा दुबौलिया के हरिजन टोला के विरुद्ध गैर इरादत्तन हत्या के धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई

# उमड़े फरियादी, जमीन के विवादों का लगा अंबार

**समाधान दिवस**

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों का थाने स्तर पर ही त्वरित ढंग से निस्तारित करने के लिए शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। अपनी शिकायतों को लेकर फरियादी उमड़ पड़े। शिकायतों में सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से जुड़े थे। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ फरेंदा समाधान दिवस में पहुंचे। शिकायतों के निस्तारण को दिशा निर्देश दिया।

सदर कोतवाली में एसडीएम मा.जसीम व सीओ अजय सिंह चौहान के नेतृत्व में 32 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराया। समाधान दिवस में पूर्व के 16 मामले शनिवार को निस्तारित किए गए। कोतवाली के एसएसआई अजीत सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों में भूमि विवाद से जुड़े मामले में शनिवार को फोन कर बुलाया गया। समाधान के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गठित की गई।



डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ शनिवार को फरेंदा थाने में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनीं। • हिन्दुस्तान

नौतनवा संवाद के अनुसार समाधान दिवस कुल 10 मामले आए। इसमें से 3 मामलों का ही निस्तारण हो पाया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने एक-एक करके फरियादियों को बुलाया। उनकी समस्या के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मियों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपा। पुरन्दरपुर संवाद के अनुसार शनिवार को थाना दिवस में सात मामले दर्ज किए गए। इसमें एक मामले का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार राय ने बताया कि छह मामलों के समाधान के लिए टीम बनाकर मौके पर भेजी जाएगी।

कोल्हुई संवाद के अनुसार एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में चार शिकायतों में से एक का दोनों पक्ष की सहमति पर समाधान कर दिया गया। तीन शिकायतों के समाधान के लिए टीम को निर्देश दिया गया।

## 22 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायत

**श्यामदेउरवां।** समाधान दिवस में शनिवार को 22 मामले आए। इसमें से बीस राजस्व व दो शिकायत पुलिस विभाग से जुड़ा था। एक भी शिकायतों का समाधान दिवस में निस्तारण नहीं हो पाया। थाना के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि राजस्व मामलों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। पुलिस से जुड़े केस के निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है।

## दो फरियादियों को ही मिला न्याय

**निचलौल।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 14 मामले दर्ज किये गये, इनमें से मौके पर दो मामलों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए 14 मामलों में पुलिस से संबंधित 12 एव राजस्व से संबंधित दो मामले रहें। पुलिस से संबंधित 12 मामलों में दो को तत्काल निस्तारित कर दिया गया। शेष सभी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। इस दौरान एसओ निचलौल रामाज्ञा सिंह, एसआई अरुण कुमार, हौसला प्रसाद, संतोष आदि रहें।

# भारत बंद का आह्वान करने वालों को पुलिस ने रोका

महराजगंज, निज संवाददाता। राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा व भारत मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को नगर क्षेत्र में प्रदर्शन करने आए कार्यकर्ताओं को कोतवाली पुलिस ने धारा 144 का हवाला देकर पीजी कालेज के ग्राउंड पर रोक दिया। एसडीएम व सीओ ने भी समझाने का प्रयास किया। चार कार्यकताओं को ही ज्ञापन देने जाने देने के लिए पेशकश किया। पर, कार्यकर्ता प्रदर्शन करने की जिद पर अड़े थे।

देश की एकता व अखंडता को खतरे में डालने वाली ताकतों के विरोध में 25 जून को राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा (सामाजिक) व बहुजन क्रांति मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को ई. मनीष कुमार, आरत खरवार, बुद्ध प्रसाद गौतम,विपुल कुमार आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर बस स्टेशन के समीप जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के ग्राउंड पर एकत्र हुए थे। इस सूचना पर एसडीएम मो. जसीम, सीओ अजय सिंह चौहान, कोतवाली के एसएसआई अजीत सिंह मौके पर पहुंचे। भारत बंद के लिए प्रदर्शन करने आए कार्यकर्ताओं को धारा 144 लागू होने का हवाला देकर समझाया। पुलिस-प्रशासन के सख्त रुख के चलते भारत बंद का आह्वान नगर में बेअसर रहा।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भगवानपुर।** परसामलिक पुलिस ने शनिवार को 16 शीशी नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। ग्राम असुरैना निवासी आरोपी को पुलिस ने शराब के साथ पकड़ा। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पकड़े गए शख्स का चालान कर दिया गया है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** पनियरा पुलिस व सर्विलांस प्रभारी ने शुक्रवार को गांगी तिराहे के पास ग्राम पंचायत बहरामपुर के शिव टोला निवासी गैंगस्टर एक्ट में वांछित विनोद विश्वकर्मा को गिरफ्तारकर जेल भेज दिया है।

# तमंचा के साथ वीडियो वायरल में आठ के खिलाफ कार्रवाई

**सख्ती**

- मामूली विवाद में लाइसेंसी रिवाल्वर लहराने का वायरल हुआ था वीडियो
- शांतिभंग की आशंका में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय
- पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर व पांच कारतूस कब्जे में लिया

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** मारपीट के मामले में तमंचा के साथ वायरल वीडियो के मामले में ठूठीबारी पुलिस ने आठ आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है। शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया है। रिवाल्वर को कब्जे में लेकर पुलिस उसके लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस कार्यालय के मुताबिक 23 जून को ठूठीबारी थाना क्षेत्र के किशुनपुर टोला पिपरडाड़ा में दो पक्ष में मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। उसमें एक व्यक्ति का लाइसेंसी रिवाल्वर लहराने का वीडिया वायरल हुआ था।

इस मामले में राम आसरे, निरंजन, गंगासागर, सुभाष निवासी शीशगढ़ टोला लक्ष्मीपुर थाना बरगदवा, मुकुंद गुप्ता, गिरजेश गुप्ता, अभय शंकर सिंह निवासी रामनगर थाना ठूठीबारी व मनोज यादव निवासी सोनबरवा थाना सिन्दुरिया के खिलाफ शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर व पांच कारतूस को कब्जा में ले ली है। रिवाल्वर के लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# ठेला व्यवसायियों ने पुलिस-प्रशासन को चेताया

## वेंडिंग जोन कस्बे से काफी दूर बनाए जाने से हैं नाराज, भूख हड़ताल और आत्मदाह करने की दे रहे थे चेतावनी, आश्वासन पर माने

**धरना - प्रदर्शन**

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** वेंडिंग जोन कस्बे से ज्यादा दूर होने के कारण आक्रोशित ठेला व्यवसायियों ने शनिवार दोपहर थाने में पहुंच पुलिस प्रशासन के खिलाफ गुस्से का इजहार किया।

इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह द्वारा आक्रोशित व्यवसायियों को शांत कराने के लिए घंटों प्रयास किया गया, लेकिन आक्रोशित व्यवसायी भूख हड़ताल और आत्मदाह करने की चेतावनी देने लगे। थाना परिसर पहुंचे एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा और नगर पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ मद्धेशिया ने काफी मशक्कत के बाद व्यवसायियों को शांत कराया। उसके बाद एसडीएम ने व्यवसायियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर शासन के आदेशों की बात कहते हुए वेंडिंग जोन में ही ठेला लगाने के लिए अपील की।

ठेला व्यवसायी संदीप आहरी, गोविंद, पिंटू, संदीप, राजा, आजाद हुसैन, गुड्डू, सुरेश मौर्य, गोपाल, भोलू, अरुण, राजेन्द्र, राजकुमार, निजामुद्दीन आदि ने कहा कि वेंडिंग जोन चौराहे और टैक्सी स्टैंड से काफी दूर बनाया गया है। जिसके चलते लोग नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में फल बिके बिना ही खराब हो जा रहे हैं। इतना ही नहीं शहर में भ्रमण कर बेचने पर पुलिस द्वारा प्रताड़ित कर चालान किया जाता है।

नगर पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ मद्धेशिया ने कहा कि शासन प्रशासन के नियमों का पालन हर हाल में करना पड़ेगा। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग करें। हम आपके साथ हर कदम पर खड़े हैं।



ठेला व्यवसायियों को मनाते इंस्पेक्टर। संवाद

### भाकपा माले ने धरना-प्रदर्शन कर जताया विरोध

**निचलौल।** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर शनिवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने मांग की कि श्रम संहिता में चार परिवर्तन जो मजदूर विरोधी हैं उन्हें बंद कर न्यूनतम वेतन एवं पेंशन की बहाली की जाए। किसान विरोधी काला कानून के खिलाफ चले आंदोलन के बाद में हुए समझौते को लागू किया जाए। अग्निपथ योजना को वापस लिया जाए। पीड़ितों पर बुलडोजर चलवाना बंद कर देश के अरबों रुपये लेकर भागने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के गरीबों का एक लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर घरेलू और कृषि बिजली दो सौ यूनिट फ्री किया जाए। इस अवसर पर भाकपा माले के सुग्रीव चौहान, हरिश्चंद्र जायसवाल, बेचू कसौधन, जीत बहादुर, अली अहमद, राम पाल, स्वामीनाथ, मोहन विश्वकर्मा, विधासागर, विनोद, संजय निषाद आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करने के दौरान बहुजन मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों को समझाते एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम। संवाद

### पुलिस की सख्ती से नहीं हो सका प्रदर्शन

**महराजगंज।** जवाहर लाल नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के खेल मैदान में शनिवार को भारत बंद को सफल बनाने के लिए बहुजन क्रांति मोर्चा के पदाधिकारी पहुंचे। इसकी भनक लगते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाए। इसके सभी लौट गए। संगठन के सदस्य इंजीनियर मनीष कुमार कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम नहीं कर रही है। विवादित बयानों के जरिए देश की अखंडता, एकता को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। किसी एक वर्ग विशेष के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना निंदनीय है। भारत बंद के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर खेल मैदान में एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम, क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान, तहसीलदार समेत पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान रमेश कुमार, विक्की प्रसाद, आरत खरवार, बुद्ध प्रकाश गौतम, सुनील कुमार, दरोगा प्रसाद, विपुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**महराजगंज।** नौतनवां तहसील क्षेत्र के कोटकहरिया गांव के लोगों का जिलाधिकारी कार्यालय के सामने तीसरे दिन शनिवार को भी धरना जारी रहा। लोगों ने गांव में खाद गड्ढे को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की।

धरने पर बैठे त्रिलोकी जायसवाल, राजेंद्र, कुरबान अली, अब्बास अली, जब्बार अली, अमरदीप ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने खाद गड्ढे पर पर अतिक्रमण कर लिया है।

खाद गड्ढे को खाली कराने के लिए कई बार मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के पश्चिम खड़ंजे को उखाड़ कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। ग्राम सभा के पटखौली चौराहे से कोटकम्हरिया से जाने वाली सड़क पर भी अतिक्रमण हुआ है। गांव में अतिक्रमण हटवाने के लिए जिम्मेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। संवाद

### अधिवक्ताओं ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**नौतनवां।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन के बैनर तले अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बैठक की। इसमें चकबंदी न्यायालय का संचालन नियमित रूप से न होने को लेकर समस्त अधिवक्ताओं ने विरोध प्रकट करते हुए आंदोलन की रणनीति बनाई। बैठक में रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश को चकबंदी के जिम्मेदार दरकिनार कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप फरियादियों को फरेंदा तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यालय की मांग को लेकर काफी दिनों से अधिवक्ता आंदोलनरत हैं, लेकिन चकबंदी अधिकारी अंजान बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र के 100 ग्रामों में चकबंदी की प्रक्रिया समाप्ति पर है, लेकिन चकबंदी अधिकारी न्यायालय का कार्य फरेंदा में बैठकर ही निपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि बैनामा होने के उपरांत 30 दिनों में नामांतरण आदेश के साथ-साथ सत्य प्रमाणित प्रतिलिपि चकबंदी को भी दी जाए, जबकि 2016 के बाद से ही अभी तक कोई बैनामा उपनिबंधक कार्यालय नौतनवां में दर्ज नहीं कराया गया। संवाद

# डीएम व एसपी के आदेश के पालन में जुटी पुलिस

**जासं, आनंदनगर :** कस्बे में अतिक्रमण को देख डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ ने नाराजगी जताते हुए दुकानों को वेंडिंग जोन में लगवाने का आदेश दिया। जिसके बाद पुलिस आनन फानन आदेश का पालन करने में जुट गई। दुकानों को नगर पंचायत द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन में लगवाया गया।

# रिवाल्वर और कारतूस कब्जे में, आठ का चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान किसी ने असलहा लहराने का वीडियो बनाकर शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। जिस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बरामद असलहे को कब्जे में लेकर पुलिस लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के किशुनपुर के टोला पिपरडाड़ा में दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच एक व्यक्ति लाइसेंसी रिवाल्वर लहराने लगा। जिसका किसी ने

## मारपीट के दौरान असलहा लहराते वीडियो हुआ था वायरल

वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वहीं इस मामले में कोतवाली ठूठीबारी पुलिस ने एक पक्ष के रामआसरे, निरंजन, गंगासागर, सुभाष निवासी शीशगढ़ टोला लक्ष्मीपुर थाना बरगदवां और दूसरे पक्ष के मुकुंद गुप्ता, गिरजेश गुप्ता, अभय शंकर सिंह, निवासी रामनगर कोतवाली ठूठीबारी के अलावा मनोज यादव निवासी सोनबरसा थाना सिन्दुरिया को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है, जबकि रिवाल्वर के साथ पांच कारतूस कब्जे में लेकर लाइसेंस निरस्तीकरण के कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# 188 मामलों में महज 16 का निस्तारण

## थाना समाधान दिवस : जिले के सभी थानों में फरियादियों की समस्याएं सुनीं गईं

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आए हुए फरियादियों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। 188 मामले आए, जिसमें 16 मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। सदर कोतवाली से लेकर अन्य थानों में जिम्मेदारों ने समस्याओं को सुना।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली फरेंदा में लोगों की शिकायतों को सुना। थाना दिवस में कुल 12 मामले आए, जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों से उचित व्यवहार करें।

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार थाने में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने जनसुनवाई की। इसमें कुल 10 मामले आए, जिनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, राजस्व से संबंधित सात अन्य मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक रामाश्रय यादव, चौकी प्रभारी आरके सिंह, कृष्ण गोपाल, दीपेंद्र धवल आदि उपस्थित रहे। सिंदुरिया थाने में उप निरीक्षक तरुण कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। राजस्व विभाग के दो मामले आए। इन्हें निस्तारित कर दिया गया।



फरेंदा में निरीक्षण करते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद



नौतनवां थाने में फरियाद सुनते प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय। संवाद

## अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**महराजगंज।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को फरेंदा कोतवाली परिसर और क्षेत्राधिकारी फरेंदा आवास के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने नगर पंचायत आनंद नगर में सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान शुरू कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टैक्सी स्टैंड और वेंडिंग जोन की स्थापना में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने वेंडिंग जोन टैक्सी स्टैंड के कार्यों में तेजी लाने के लिए उपजिलाधिकारी फरेंदा को निर्देशित किया। होम्योपैथिक चिकित्सालय परिसर में वाशिंग सेंटर देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सेंटर को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिलायंस ट्रेंड के पीछे स्थित सरकारी भूमि के जल्द से जल्द चिह्नांकन कर उसे सुरक्षित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में स्थित कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में सीओ सदर कार्यालय व एसडीएम सदर के जनसुनवाई के लिए भवन के निर्माण और पुलिस चौकी को स्थानांतरित करने के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए।

# एक वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** स्थानीय पुलिस ने गांगी बाजार तिराहे पर शनिवार को विभिन्न मामलों सहित गैंगस्टर एक्ट में वांछित विनोद विश्वकर्मा निवासी बहरामपुर शिव टोला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

# चार वारंटी गिरफ्तार

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा पुलिस ने शनिवार को चार वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अमरजीत, धुरखेली, गोमती एवं टिलठू निवासी पिपरिया को गिरफ्तार कर चालान किया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने दी। संवाद

# पति के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**बृजमनगंज।** थाना क्षेत्र की ग्राम सभा दुबौलिया निवासी प्रतिमा की बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को मृतका के भाई की तहरीर पति के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

बीते बुधवार को क्षेत्र के ग्राम सभा दुबौलिया टोला निवासी प्रतिमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र ने बताया कि मृतका के भाई वीरेंद्र निवासी अड्डा बाजार की तहरीर पर मृतका के पति सन्तोष निवासी ग्राम सभा दुबौलिया के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना सहित आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी है। संवाद

# बगैर फिटनेस इंश्योरेंस के संचालित नहीं हो सकेंगे वाहन

संवाद न्यूज एज

**महराजगंज।** जिले में संचालित होने वाले सरकारी वाहनों का फिटनेस इंश्योरेंस जरूरी है। इसके लिए परिवहन आयुक्त की ओर से पत्र जारी किया गया है।

एआरटीओ ने संबंधित विभागों को पत्र जारी कर फिटनेस कराने के निर्देश दिए हैं। सरकारी दफ्तरों में संचालित होने वाले वाहनों का प्रदूषण प्रमाणपत्र बनवाया जाना जरूरी है। सरकारी विभागों में कुल 365 वाहन संचालित हैं, लेकिन इसमें महज 135 वाहनों का ही प्रदूषण प्रमाणपत्र बन सका है। स्कूलों में चलने वाले वाहनों के फिटनेस बनवाने के लिए वाहन स्वामियों और स्कूल के प्रधानाचार्य को एआरटीओ कार्यालय से बार बार पत्र भेजा जा रहा है।

इसके बाद भी वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन का फिटनेस नहीं बनवाया जा रहा है। एआरटीओ आरसी भारतीय ने बताया कि सरकारी वाहनों का फिटनेश, इश्योरेंस कराने के लिए निर्देशित किया गया है। स्कूल संचालकों को भी पत्र भेजकर वाहन के जरूरी प्रपत्र ठीक कराने के लिए कहा गया है। चेतावनी के बाद भी सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। जल्दी ही अभियान चलाकर जांच की जाएगी।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# पुरानी बस्ती में गांजा संग एक गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने नशे से आजादी पखवाड़ा के तहत एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी अमरु निवासी ग्राम मेहनौंना थाना लालगंज के कब्जे से एक किलो 210 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार हुआ

छावनी। शादी का झांसा देकर युवती संग दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष के अनुसार पीड़िता ने तहरीर में बताया शादी का झांसा दे अनिल यादव ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती की शादी तय होने लगी तो आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को टीम ने रामजानकी तिराहा से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जामुन तोड़ने को लेकर विवाद

बस्ती। मुंडेरवा के खझौआ के ज्ञानमती का आरोप है गांव के रामधनी, संगीता व नितिश ने जामुन का पेड़ तोड़ने की बात के विवाद में अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

---

**छावनी।** थाना पुलिस टीम ने शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान पचवस अण्डर पास के पास एक व्यक्ति को एक किलो 200 ग्राम गांजा व एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। वह गांजा को बेचने के लिये ग्राहक का तलाश कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश यादव निवासी मिर्जापुर थाना कैण्ट फैजाबाद के रूप में हुई।

# साइबर सेल ने 40 हजार वापस कराए

बस्ती। साइबर सेल की टीम ने चेक माध्यम से बैंक खाते से निकाले गए 40 हजार रुपया पीड़ित के खाते में वापस कराने में सफलता हासिल की है। मुंडेरवा थाने के एकडंगी निवासी पुरुषोत्तम पाण्डेय ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके बैंक खाते पर जारी चेक से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 40 हजार रुपया निकाल लिया है। शनिवार को साइबर टीम ने चेक के माध्यम से निकाली गई रकम को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया।

# सुलहनामा के उल्लंघन में मारपीट

बस्ती। बनवधिया के गिरजा पांडेय का आरोप है सुलहनामा के उलंघन में गांव के सौरभ व केतकी ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व धमकी पर केस

**कप्तानगंज (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती की कप्तानगंज पुलिस ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की मानें तो आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपी युवक कप्तानगंज के दुबौला चौकी इलाके के पतिला गांव का बताया जा रहा है।

पतिला गांव निवासी रवि सक्सेना पुत्र वीरे ने फेसबुक पर उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के साथ मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। इससे प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में चौकी इंचार्ज दुबौला जय प्रकाश चौबे की तहरीर पर आरोपी रवि सक्सेना के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंअर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दो गर्भवती सहित आठ की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

बस्ती, निज संवाददाता। दो गर्भवती सहित आठ लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। मेडिकल कॉलेज के एक और चिकित्सक पॉजिटिव मिले हैं। जिले में कोविड के केस बढ़ रहे हैं। एक्टिव केस 19 हो गई है। एक मरीज के गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज के कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शनिवार को जो आठ लोग पॉजिटिव मिले हैं, पांच महिलाएं हैं। सभी ने एएनसी कोकोविड की जांच कराई थी। दो गर्भवती हैं, तीन ने अन्य कारणों से जांच कराई है। पांचों महिलाओं में तीन ने एंटीजन व दो ने आरटीपीसीआर जांच कराई थी। कुछ दिनों से अस्पताल से केस आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में एक व चिकित्सक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। मेडिकल कॉलेज के अब तक पांच चिकित्सक कोविड की चपेट में आ चुके हैं। कोविड की जांच करने वाले लैब में काम करने वाले चार स्टॉफ भी अब तक पॉजिटिव आ चुके हैं।

# फरियादियों की समस्याएं शीघ्रता से निपटाएं

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले में शनिवार को सभी थानों पर समाधान दिवस व वादी-संवाद दिवस का आयोजन किया गया। थानों पर पहुंचे प्रशासन व पुलिस के अफसरों ने निर्देश दिया कि कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का यथासंभव उसी दिन निदान कराया जाए अथवा प्रत्येक दशा में अगले दिन समाधान हो जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध तरीके से हो। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी। सभी थानों पर 203 मामले आए, जिसमें 79 का मौके पर ही निस्तारण हो गया।



सोनहा थाने पर शनिवार को समाधान दिवस में तहसीलदार भानपुर केशरी नंदन तिवारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई। • हिन्दुस्तान

सोनहा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार भानपुर केशरीनंदन तिवारी की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबधित कुल 27 मामले पेश हुए। जिसमें से मौके पर तीन मामले का निस्तारण किया जा सका। प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय, एसआई अरविंद मौर्य, सुनील, रमेश यादव के साथ राजस्व टीम मौजूद रही। पुरानी बस्ती थाने में समाधान दिवस में कुल 20 मामले आए, जिसमें मौके पर दो का निस्तारण किया जा सका। अध्यक्षता थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने की।

दुबौलिया थाना परिसर में सीओ कलवारी विनय चौहान व सीओ लाइन प्रीति खरवार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 66 मामले आए।

# चोरी में वांछित तीन शातिर गिरफ्तार, सामान बरामद

- वाल्टरगंज और कोतवाली पुलिस ने की धरपकड़
- चांदी की पायल, नगदी के अलावा चोरी के उपकरण बरामद

बस्ती, निज संवाददाता। सदर सर्किल की कोतवाली व वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की पायल, पंद्रह सौ नगदी व चोरी के उपकरण बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में वांछित शिवा गोस्वामी निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती और धनपत मिश्रा निवासी पिपराचंद्र पति थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी के उपकरण एक सब्बल, बिना बट का पेचकस व 2270 रुपया बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज के साथ एसआई जीतेन्द्र मिश्रा, कांस्टेबल संजय यादव, भगवान दयाल, बलवंत यादव शामिल रहे। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि चोरी के मुकदमे में वांछित आरोपी परमार्थ उर्फ आतंक निवासी बरगदवा थाना कोतवाली शनिवार को बरगदवा भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की एक पायल और पंद्रह सौ रुपया नगद बरामद हुआ है।

# दुष्कर्म की कोशिश के आरोप में बंधक बनाकर पीटा

## मुकदमा

कप्तानगंज (बस्ती), हिसं। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश के आरोपी व्यक्ति को परिजनों ने बंधक बनाकर जमकर मारापीटा। सूचना पाकर डायल 112 के साथ ही कप्तानगंज थाने से फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। बंधक बनाए गए आरोपी को छुड़ाया। चोट लगने से उसकी हालत को गंभीर देख पुलिस सीएचसी कप्तानगंज ले गई। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि रेप के प्रयास के आरोपी को बंधक बनाकर पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे छुड़ाया और अस्पताल भेजा। उसके खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही घायल आरोपी के भाई की तहरीर पर पीड़िता की मां और तीन अन्य रिश्तेदारों पर भी मुकदमा कायम किया गया है।

पीड़िता की मां शुक्रवार को अपने मायके गई हुई थी। रात में वह अपने भाईयों के साथ घर पर पहुंची। आरोप है कि इस दौरान इसी गांव का रहने वाला 44 वर्षीय रामजगत उसके घर में था और उनकी चौदह वर्षीय बेटी के साथ जबरदस्ती कर रहा था। बताया जा रहा है कि इसके बाद रेप के आरोपी को कमरे में ही बंधक बनाकर मारापीटा गया। किसी ने सूचना डायल 100 और कप्तानगंज थाने पर दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पुहंच गई।

पुलिस ने आरोपी रामजगत को कमरे से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# बस्ती के डीआइजी व सिद्धार्थनगर के एसपी बदले

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने शनिवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए पांच जिलों के पुलिस कप्तान सहित 21 आइपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें तीन एडीजी, पांच आइजी, छह डीआइजी और सात एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सीतापुर, मऊ, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर और सुलतानपुर जिले में नए एसपी तैनात किए गए हैं।

घुले सुशील चन्द्रभान को सीतापुर का नया एसपी बनाया गया है। अविनाश पांडे एसपी मऊ, यसवीर सिंह एसपी सोनभद्र, अमित कुमार आनंद एसपी सिद्धार्थनगर, सोमेन वर्मा एसपी सुलतानपुर व सूर्यकांत त्रिपाठी एसपी ग्रामीण वाराणसी बनाए गए हैं।

विपिन कुमार मिश्रा डीआइजी चित्रकूट धाम बनाए गए हैं। एसके भगत को आइजी भवन एवं कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश प्रकाश सिंह मीरजापुर के नए डीआइजी बने हैं। आरके भारद्वाज डीआइजी बस्ती बने हैं। मोदक राजेश डी राव को आइजी सीबीसीआइडी बनाया गया है। अमरेन्द्र प्रसाद सिंह डीआइजी अयोध्या की जिम्मेदारी संभालेंगे। कवीन्द्र प्रताप सिंह आइजी पीएसी मुख्यालय लखनऊ में तैनात किए गए हैं। अमित वर्मा डीआइजी एसआइटी मुख्यालय लखनऊ व सुभाष चंद दुबे डीआइजी ट्रैफिक निदेशालय लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

गोरखपुर सीडीओ सहित 10 आइएएस अफसरों के तबादले >> 9

# पैकोलिया पहला व रुधौली को मिला दूसरा स्थान

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद बस्ती के सभी थानों की पुलिसिंग के बारे में जनता की राय ली गई थी। मई की वोटिंग के बाद जिले में बेहतर कार्यप्रणाली के लिए थाना पैकोलिया थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय को पहला स्थान मिला है। वहीं दूसरा स्थान थाना रुधौली, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र को मिला है। तीसरे नंबर पर कलवारी थाना है जिसके थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह हैं। सर्वाधिक 1302 वोट पाने वाले छावनी थाने को 12वें स्थान से संतोष करना पड़ा।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जिले के लोगों से अपने-अपने थानों की पुलिस के कार्यप्रणाली के बारे राय मांगी गई थी। लोगों से आइजीआरएस पर की वोटिंग के बाद पैकोलिया थाने को पहला स्थान प्राप्त हुआ। ट्विटर पर पैकोलिया पुलिस से 67 प्रतिशत, डायरेक्ट पोल में 94.52 प्रतिशत, एफआइआर दर्ज करने को लेकर 86.48 प्रतिशत लोग संतुष्ट नजर आए। दूसरे स्थान पर रहे रुधौली थाने से ट्विटर पर 56 प्रतिशत, डायरेक्ट पोल में 99.14 प्रतिशत, एफआइआर दर्ज करने को लेकर 84.61 प्रतिशत लोग संतुष्ट नजर आए। तीसरे स्थान पर रहे कलवारी पुलिस से ट्विटर पर 86 प्रतिशत, डायरेक्ट पोल में 94.2 प्रतिशत,एफआइआर को लेकर 73.8 लोग संतुष्ट नजर आए।

# जेवर व नकदी उठा ले जाने के आरोप में मुकदमा

**बस्ती :** आइटीआइ बस्ती के निकट पिंडारी कोठी निवासी डा. सलीम अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका, उनकी पत्नी व बेटे के पुश्तैनी जेवर, कपड़े व नकदी को धोखा व विश्वासघात करके अलीना हाशमी और याशमी सुल्ताना निवासी 8, पार्क एंड, विकास मार्ग, प्रीति विहार, नई दिल्ली चोरी कर उठा ले गई। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

**मारपीट को लेकर मुकदमा, बस्ती :** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के खझौआ उर्फ छबिलहा निवासी ज्ञानमती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के रामधनी, संगीता और नितीश ने जामुन के पेड़ की डाल तोड़ने की बात पर मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# चोरी के मामले में वांछित दो आरोपित गिरफ्तार


**जासं, वाल्टरगंज, बस्ती** : स्थानीय पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित शिवा गोस्वामी निवासी हथियागढ़ व धनपत मिश्रा निवासी पिपरा चंद्रपति थाना पुरानी बस्ती को चोरी के उपकरण व चोरी के 2270 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया की आरोपितों के विरुद्ध स्थानीय थाने के साथ ही कोतवाली व कलवारी में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जीतेंद्र मिश्र, आरक्षी संजय यादव, भगवान दयाल व बलवंत यादव शामिल रहे।

# मारपीट में चार लोगों पर केस

**बस्ती :** गौर थाने के बेतौहा गांव की रहने वाली आशा देवी का आरोप है कि गांव के अनूप, कुलदीप, प्रभु व सर्वेश ने उनके बेटे गनेश्वर उर्फ लल्लू को आरकेस्ट्रा बंद करने की बात को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारापीटा। चोट लगने से वह बेहोश हो गया। आरोपितों ने जान माल की धमकी भी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# पत्नी ने पति सहित चार पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

**बस्ती:** हरैंया थाने के गोरथनिया गांव निवासी विन्ध्यवासिनी पत्नी मुन्नालाल चौहान ने आरोप लगाया है कि पति समेत ससुराल के अन्य लोगों ने उन्हें व उनकी मां को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित पति मुन्नालाल, सास कलावती समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



# मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा भारी

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज, बस्ती** : थाना क्षेत्र के पतिला गांव निवासी रवि सक्सेना ने पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किया था।

रवि सक्सेना देश के विभिन्न शहरों में घूम-घूम कर निजी प्रतिष्ठानों में नौकरी करता है। उसने अपने मन की भड़ास निकालते हुए विभिन्न इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म पर तरह-तरह की अभद्र टिप्पणी की थी।

इसे संज्ञान में लेते हुए शनिवार को दुबौला चौकी इंचार्ज जयप्रकाश चौबे की तहरीर पर कप्तानगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

# किशोरी संग आपत्तिजनक हालत में मिले व्यक्ति की जमकर पिटाई

- आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा
- पीटने वालों पर भी केस, घायल को जिला अस्पताल भेजा गया

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज, बस्ती** : कप्तानगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति को कमरे में किशोरी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने घायल आरोपित को जिला अस्पताल भिजवाया। मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत जबकि घायल के भाई की तहरीर पर दूसरे पक्ष के चार लोगों पर बंधक बनाकर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

थानाक्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार को दोपहर बाद तीन बजे वह अपनी बीमार मां को देखने दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित मायके गई थी। रात में नौ बजे वह अपने भाई के साथ वापस लौटी तो देखा कि उनके घर में उसी गांव के 44 वर्षीय रामजगत उनकी बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थे। महिला ने अपने दो अन्य भाइयों को भी फोन कर बुला लिया। इसके बाद आरोपित को घर में बंधक बनाकर डायल 112 को सूचना दी। वहीं दूसरी तरफ आरोपित के भाई राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके भाई रामजगत प्रायः उस महिला के घर आते जाते रहते थे। उनका उस परिवार से अच्छा संबंध था। शुक्रवार की देररात उस महिला ने उनसे कहा कि उनके भाई रामजगत उसके घर में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए हैं। आरोप लगाया कि महिला ने उनसे दो लाख रुपये मांगे और कहा कि रुपये मिलने पर वह मामला रफा-दफा कर देगी। रकम देने से इन्कार किया तो महिला ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उनके भाई को कमरे में बंदकर जमकर पीटा। उन्हें कमरे से बाहर नहीं निकाला गया। जब पुलिस पहुंची तो उन्हें कमरे से बाहर निकाला गया।

प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र का कहना है कि दोनों के पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**सल्टौआ।** सोनहा पुलिस ने बहला-फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अपहृता को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक शंशाक शेखर राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 12 जून को गांव का ही एक युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी सूरज के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने महनुआ तिराहे से आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**छावनी।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता ने तहरीर देकर गांव के एक शख्स पर आरोप लगाया था कि उसने शादी करने के नाम पर उसके साथ धोखा किया और जब उसकी शादी कहीं और तय होने लगी तो उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगा। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। मामले में केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# चोरी में वांछित तीन शातिर गिरफ्तार, सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सदर सर्किल की कोतवाली व वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि चोरी के मुकदमे में वांछित आरोपी परमार्थ उर्फ आतंक निवासी बरगदवां थाना कोतवाली शनिवार को बरगदवां भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की एक पायल और पंद्रह सौ रुपये नकद बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई मुनीन्द्र त्रिपाठी, कांस्टेबल नीरज पासवान, शैलेन्द्र यादव, विजय प्रकाश राय शामिल रहे। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में वांछित

## कब्जे से चोरी की एक पायल और पंद्रह सौ रुपये नकद बरामद हुए

शिवा गोस्वामी निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती और धनपत मिश्रा निवासी पिपराचंद्र पति थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी के उपकरण एक सब्बल, बिना बट का पेचकस व 2270 रुपये बरामद हुआ है। चोरी की योजना बनाते हुए इनका एक साथी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज के साथ एसआई जीतेन्द्र मिश्रा, कांस्टेबल संजय यादव, भगवान दयाल, बलवंत यादव शामिल रहे।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने नशे से आजादी पखवाड़ा के तहत एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी अमरु निवासी ग्राम मेहनौना थाना लालगंज के कब्जे से एक किलो 210 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी प्लास्टिक कांप्लेक्स विनय प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील श्रीवास्तव, कांस्टेबल पवन यादव, कौशल किशोर शामिल रहे। संवाद

# साइबर सेल ने खाते में 40 हजार कराए वापस

बस्ती। साइबर सेल की टीम ने चेक माध्यम से बैंक खाते से निकाले गए 40 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराने में सफलता हासिल की है। मुंडेरवा थाने के एकडंगी निवासी पुरुषोत्तम पांडेय ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके बैंक खाते पर जारी चेक से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 40 हजार निकाल लिया है। प्रभारी साइबर सेल मजहर खान, कांस्टेबल मोहन यादव, दीपक कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संदीप कुमार शामिल रहे। संवाद

# युवक ने किशोरी संग किया दुष्कर्म

बस्ती। जिले के हर्रैया थानांतर्गत एक गांव में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई, जब किशोरी के गर्भवती होने की बात सामने आई। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर उसी गांव के रहने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। सत्रह वर्षीय पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर गांव के युवक ने करीब तीन माह पूर्व उसके साथ अवैध संबंध बनाया। इस बात की जानकारी घरवालों को तब हुई जब उनकी बेटी तीन माह की गर्भवती हो गई। पूछताछ करने पर बेटी ने घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जांच महिला निरीक्षक अनिता यादव को सौंपी है। संवाद

## युवती को भगा ले गया शख्स, मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 19 वर्षीय बेटी को 21 जून 2022 को गांव का ही रहने वाला एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस काम में उसके भाई व मां के साथ देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सनी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन का प्रयास शुरू कर दिया है। संवाद

## जेवरात व नकदी उठा ले जाने का आरोप, केस

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर डॉ. सलीम अहमद निवासी पिंडारी कोठी ने आरोप लगाया है कि उनका, उनकी पत्नी व बेटे के पुश्तैनी बेशकीमती जेवरात, कपड़े व नकदी को धोखा व विश्वासघात करके अलीना हाशमी और याशमी सुल्ताना निवासी आठ पार्क एंड, विकास मार्ग, प्रीति विहार, नई दिल्ली चोरी कर उठा ले गई। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

## सड़क हादसे में घायल की मौत, मुकदमा

**बस्ती।** शहर कोतवाली के रैपुरा चौराहा के पास सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। इसी थाने के बनकटा निवासी मिठाई लाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि 23 जून की रात करीब आठ बजे उसके पिता झिनकान (62) सब्जी लेने के लिए गए थे। रैपुरा चौराहा के पास बाइक चालक ने उन्हें ठोकर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल झिनकान ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# दुष्कर्म की कोशिश के आरोप में पकड़ा, बंधक बनाकर पीटा

## रेप व पॉक्सो की धारा में दर्ज हुआ केस, पिटाई मामले में भी तीन नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश के आरोपी व्यक्ति को परिजनों ने बंधक बनाकर जमकर मारापीटा। सूचना पाकर डायल 112 के साथ ही कप्तानगंज थाने से फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। बंधक बनाए गए आरोपी को छुड़ाया। चोट लगने से उसकी हालत को गंभीर देख पुलिस सीएचसी कप्तानगंज ले गई। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**घायल आरोपी सीएचसी कप्तानगंज से जिला अस्पताल रेफर**

**शनिवार रात सूचना पाकर गांव में पहुंची कप्तानगंज पुलिस**

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को बंधक बनाकर पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे छुड़ाया और अस्पताल भेजा। उसके खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही घायल आरोपी के भाई की तहरीर पर पीड़िता की मां और तीन अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ भी मुकदमा कायम किया गया है। पीड़िता की मां शुक्रवार को अपने मायके गई हुई थी। रात में वह अपने भाइयों के साथ घर पर पहुंची।

आरोप है कि इस दौरान इसी गांव का रहने वाला 44 वर्षीय व्यक्ति उसके घर में था और उनकी चौदह वर्षीय बेटी के साथ जबरदस्ती कर रहा था। बताया जा रहा है कि इसके बाद आरोपी को कमरे में ही बंधक बनाकर मारापीटा गया। किसी ने सूचना डायल 100 और कप्तानगंज थाने पर दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी को कमरे से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उसे बंधक बनाकर पिटाई के आरोप में पीड़िता की मां व मां के तीन भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# सरकार के खिलाफ गरजे साझा संगठन, किया धरना प्रदर्शन

## पुलिस उत्पीड़न समेत कई समस्याओं के मद्देनजर केंद्र व प्रदेश सरकार पर साधा निशाना




संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** भारत बंद के आह्वान को लेकर शनिवार को शहर के शास्त्री चौक पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा व अन्य सहयोगी संगठनों ने धरना दिया और पुलिस उत्पीड़न समेत अन्य समस्याओं को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया।

धरने के संयोजक राम सुमेर यादव ने कहा कि देश की एकता व अखंडता पर खतरा उत्पन्न हो गया है। मंहगाई व बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। ऐसे विकट समय में राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा एवं बहुजन क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक वामन मेश्राम ने आज भारत बंद का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि बुनियादी सवालों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से मोर्चा जनता के बीच जन जागरण जारी रखेगी।



शास्त्री चौक पर बहुजन क्रांति मोर्चा ने दिया धरना। संवाद

आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष और रचनात्मक विरोध के स्वर को कुचल देना चाहती है। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर सूरज यादव ने वार्ता के बाद धरना समाप्त कराया। इस मौके पर बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आरके गौतम, चन्द्रिका प्रसाद, जिलाध्यक्ष दयानिधि आनन्द, बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के मंडल प्रभारी राम राना बौद्ध, बहुजन मुक्ति पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मेवालाल चौहान, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुग्रीव चौधरी व राम दुलारे आदि ने संबोधित किया।

# बंद घर को चोरों ने फिर बनाया निशाना, गहने व नकदी उड़ाए

## लखनऊ से शनिवार सुबह लौटा परिवार तो हुई चोरी की जानकारी, कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनगांवा मोहल्ले की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर कोतवाली के बभनगावां स्थित एक बंद घर को चोरों ने खंगाल डाला। शनिवार सुबह लौटे परिजनों का घर का ताला टूटा देख होश उड़ गए। परिजनों के मुताबिक चोरों ने कीमती जेवरात व ढाई लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर सीसीटीवी कैमरे व डीबीआर भी उठा ले गए। सूचना पर एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, कोतवाल संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

गृह स्वामिनी उर्मिला श्रीवास्तव पत्नी स्व. रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि बभनगावां स्थित अपने घर पर शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे लखनऊ से लौटीं। मेनगेट खोलकर जैसे अंदर का दरवाजा खोलना चाहा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद तुरंत डायल 112 को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद ही परिजन अंदर घुसे। अंदर ग्राउंड फ्लोर के दोनों कमरों का ताला टूटा मिला। सभी अलमारियों का लॉकर तोड़ा गया था। कमरे की सीलिंग को भी चोरों ने तोड़ डाला था। तालों को गैस कटर से काटा गया था। कमरों के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। प्रथम तल के कमरे का भी ताला टूटा मिला। उनके अनुसार घर से करीब 28 से तीस लाख रुपये के जेवरात और साथ में रखा दो लाख पचास हजार रुपये चोरी कर लिया गया है। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे व डीबीआर भी चोर उठा ले गए। घर में दाखिल होने पर चोरों ने बिजली का कनेक्शन भी काट दिया था। सदर विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुके राकेश श्रीवास्तव की मां उर्मिला श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया गया है। कोतवाल संजय कुमार ने कहा कि घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए हैं। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



शहर के बभनगावां में चोरी के बाद बिखरा पड़ा घर का सामान। संवाद



शहर के बभनगांवा में चोरों ने तोड़ी घर की अलमारी। संवाद



चोरी के बाद बभनगांवा में गृहस्वामी से जानकारी लेते एएसपी दीपेंद्रनाथ चौधरी। संवाद

## होटल के पास से बाइक चोरी

**बस्ती।** शहर कोतवाली के ब्लॉक रोड स्थित महारानी होटल के पास से चोरों ने एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बंधुआ निवासी ध्रुव ने तहरीर में बताया है कि उनकी काले व लाल रंग की बाइक को महारानी होटल ब्लॉक रोड के सामने से चोर उठा ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 221 मामलों में से मात्र 11 सुलझ पाए

## थाना समाधान दिवस : शेष मामलों के निष्पादन के लिए मिला आश्वासन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाना समाधान दिवस के मौके पर शनिवार को सभी थाना परिसर में समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान तकरीबन 221 लोगों ने फरियाद सुनाई जिसमें मात्र 11 मामलों का ही निस्तारण हुआ जबकि बाकी के लिए राजस्व और पुलिस टीम गठित कर मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

कोतवाली थाना परिसर में कोतवाल संजय कुमार ने समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल 31 प्रकरण सामने आए, जिनमें तीन का समाधान कर दिया गया, बाकी के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। पुरानी बस्ती थाना परिसर में थाना प्रभारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए दो मामलों का निस्तारण किया, जबकि कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई।

इसी क्रम में कलवारी के थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने कार्यालय परिसर में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल 42 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। यह सभी प्रकरण जमीन संबंधी थे जिसमें दो प्रार्थना पत्रों का थाने पर ही समाधान कर दिया गया और छह प्रकरणों में टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया। राजस्व निरीक्षक अवधेश श्रीवास्तव समेत राजस्व और पुलिस टीम मौजूद रही। सोनहा थाना परिसर में कुल 24 मामले आए, जिनमें तीन का निस्तारण किया गया और बाकी के लिए टीम रवाना की गई। इस दौरान भानपुर के तहसीलदार केशरी नन्दन त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली अंबिका प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय आदि मौजूद रहे। रुधौली थाना परिसर में एसडीएम गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 38 मामले आए, जहां नौ मामले का निस्तारण हो पाया। इस मौके पर नायब तहसीलदार कमलेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, ईओ अवनीश सिंह, कानूनगो देवेंद्र यादव, विजय यादव, अजय वर्मा व लेखपाल अंजनीनंदन शरण आदि मौजूद रहे।

दुबौलिया थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 66 मामले आए, जिसमें 64 मामले राजस्व से और दो पुलिस से संबंधित रहे।



रुधौली में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनते एसडीएम गुलाब चंद्रा व अन्य अधिकारी। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# समाधान दिवस में तेरह में से पांच का निस्तारण

पथरा बाजार (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल तेरह मामले आए सभी राजस्व से संबंधित थे। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी के पहुंचने की जानकारी पर फरियादियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और प्रस्तुत मामलों में पांच का मौके पर दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनकर निस्तारित किए गए। शेष आठ मामले पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निपटारे के लिए रवाना किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष बलजीत राव, उप निरीक्षक अशोक कुमार पाल, राघवेंद्र प्रताप, शम्स जावेद खान, सत्यदेव प्रसाद, मुख्य आरक्षी राम बिलास, राकेश यादव, राजस्व निरीक्षक हरीराम गिरी, लालच्या लाल, के अलावा चंद्र लाल, सुधादेवी, सतीश कुमार, महेश चंद्र, धर्मेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, रीना देवी, ओमप्रकाश, प्रशांत, अनुराग, सहित तमाम फरियादी मौजूद रहे।

# पब्लिक अप्रूबल रेटिंग में त्रिलोकपुर थाना अव्वल

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार द्वारा मई माह में कराये गए पब्लिक अप्रूबल रेटिंग/सर्वेक्षण में त्रिलोकपुर थाना ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि खेसरहा थाना ने दूसरा तथा मोहाना थाना को तीसरा स्थान जिले में प्राप्त हुआ है।

**थाना खेसरहा दूसरे व मोहाना थाने को जिले में तीसरा स्थान मिला**

सिद्धार्थनगर व उस्का बाजार थाना जनता को संतुष्ट करने में नाकाम साबित हो रहो है। रैकिंग में इन दोनों थानों को अंतिम स्थान मिला है। जबकि आम जन की उम्मीदों पर खरा उतरने व उन्हें राहत प्रदान में करने में त्रिलोकपुर पहले स्थान पर तो खेसरहा थाना दूसरे स्थान पर है। मोहाना थाना भी मई माह में आम जन की उम्मीद पर खरा उतरने वाला जिले का तीसरा थाना रहा। शासन की मंशा के तहत तीन माध्यम से थानों की रैंकिंग तय की जा रही है, जिसमें आईजीआरएस पर शिकायतों की संख्या व उनका त्वरित निस्तारण, टिविटर के माध्यम व सीधे तौर पर आम जन द्वारा दिए जा रहे नंबरों के आधार पर थानों की रैंकिंग की जा रही है। मई माह में ज़ारी रैंकिंग में सदर थाना व उस्का बाजार थाना लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में नाकाम रहा। 26 प्रतिशत अंक हासिल कर उस्का थाना अंतिम पायदान पर रहा, 45 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिद्धार्थनगर थाना 20 वें स्थान पर 59 प्रतिशत अंक के साथ बांसी कोतवाली 19वें स्थान पर रहा। जबकि इसके इतर जिले का त्रिलोकपुर थाना 90 प्रतिशत अंक प्रप्त कर पहले स्थान पर 77 प्रतिशत अंक हासिल कर खेसरहा थाना दूसरे स्थान पर व 76 प्रतिशत अंक प्रप्त कर मोहाना थाना तीसरे स्थान पर रहा। मामलों के सम्बंध में एफआईआर दर्ज करने को लेकर सभी थानों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसी तरह से पथरा बाजार चौथे स्थान पर डिडई पांचवे, भवानीगंज छठवे, जोगिया सातवां, लोटन आठवां, डुमरियागंज 9वें, शोहरतगढ़ 10 वे, कपिलवस्तु 11वे, इटवा 12वें, गोल्हौरा 13वें, महिला थाना 14वे, मिश्रौलिया थाना 15वें, ढेबरूआ 16वें, चिल्हिया को 17वां, कठेला समय माता मंदिर को 19वां स्थान मिला है।

# समाधान दिवस पर जुटी भीड़

**भनवापुर (एसएनबी)**। त्रिलोकपुर थाना परिसर में समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी विधाधर कुशवाहा ने किया । जिसमें तमाम फरियादियों की भीड़ जुटी रही। मौके पर कुछ मामलों का निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि समाधान दिवस में जो भी मामले आ रहे हैं उसका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। समाधान दिवस में मल्हवार का मामला सामने आया। जिसमे दोनो आपस का मकान बनाने को लेकर विवाद था। जो मौके पर दोनों पक्षों को समझाबुझा कर निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय, शिव दास गौतम, अनिल कुमार सिंह यादव, अनिल कुमार, हेडकांस्टेबल सज्जाद अंसारी, कांस्टेबल चंद्रेश कुमार, सिकंदर कुमार, बालेश्वर निषाद, अमित कुमार पांडेय, विंदरेश, सुनील कुमार, अखिलेश मौर्य, कानूनगो शिवराम शर्मा, हल्का लेखपाल अमर दीप चोधरी, राम कुबेर यादव, यशोदा नन्द मिश्रा, संदीप तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।



त्रिलोकपुर स्थित थाना परिसर में समाधान दिवस में जुटी फरियादियों की भीड़।

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# समाधान दिवस : 7 मामले, 2 का निस्तारण

**भवानीगंज (एसएनबी)**। पुलिस सर्किल डुमरियागंज के भवानीगंज थाने में थानाध्यक्ष महेश सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में 6 मामले राजस्व विभाग से तथा एक मामला पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त हुआ। समाधान दिवस में आये कुल 7 मामलों में 1 पुलिस विभाग व 1 राजस्व विभाग के मामले का निस्तारण थाना स्थानीय पर किया गया तथा पूर्व के लंबित 4 मामले जो राजस्व से संबंधित थे उनका भी निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस के मौके पर थानाध्यक्ष महेश सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक केएसमौर्या, उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह सहित लेखपाल व थाने के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# थाना दिवस :14 में 4 मामलों का समाधान

**गोल्हौरा (एसएनबी)**। शनिवार को गोल्हौरा थाने पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ चकबन्दी परमेश्वर उपाध्याय ने किया। साथ मे पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेशचन्द्र पाण्डेय भी मौजूद रहे। इस अवसर पर आए कुल 14 मामलों में चार का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। निस्तारित मामलों में दो राजस्व व दो मामले पुलिस के थे। उक्त अवसर पर एसएचओ छत्रपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक बालेन्द्र भूषण सिंह, लेखपाल अजय कुमार गुप्त, रत्नाकर मिश्र, सोमेंद्र कौशिक, शिवम कुमार, आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, रामामिलन, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

भवानीगंज (एसएनबी)। पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत महेश सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में मुकदमा अपराध संख्या 52/2022 धारा 147, 148,149, 452, 307, 504, 506 से संबंधित वांछित अभियुक्त राजेश चौधरी उर्फ गोली पुत्र रामपति निवासी छितिरगांवा टोला महुलिया थाना सोनहा जनपद बस्ती को ग्राम हटवा बुजुर्ग स्थित ईट भट्ठा के पास से दिनांक 24 जून को उमुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# 11 माह के कार्यकाल में पीड़ितो को न्याय दिलाकर जीत लिया दिल

**सांसद के आवास पर स्थानांतरित एसपी डा. यशवीर सिंह को दी गई विदाई**

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह का स्थानांतरण सोनभद्र जिले के लिए हो गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर सांसद जगदम्बिका पाल के आवास पर उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की सहभागिता रही। कैंप कार्यालय पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह को सर्वप्रथम सांसद जगदम्बिका पाल ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट किया गया।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्रीपाल ने



एसपी को विदाई देते सांसद जगदम्बिका पाल व जिलाधिकारी

कहा कि एसपी के तबादले से जहां उन्हें चुनौतीपूर्ण जनपद देने के लिए मुख्यमंत्री की मंशा से खुशी हो रही है, वहीं पूरे विश्व को शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश देने वाले तथागत की धरती से जाने से दुख भी होता है। एसपी के रूप में जिले में 11 माह के कार्यकाल में न्याय देने के लिए जो छाप छोड़ा, वह हर पल याद आएगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि लगभग ढाई माह के मेरे कार्यकाल में एक बेहतरीन पुलिस कप्तान के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। एसपी डा. यशवीर सिंह ने कहा कि एक वर्ष से भी कम कार्यकाल में जिले की जनता समेत जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार के अलावा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, रोटरी क्लब के अमित त्रिपाठी, लेखपाल संघ के राम करन गुप्ता, महाविद्यालय प्रबंधक सभा की ओर से रवि प्रकाश श्रीवास्तव, क्रीड़ा भारती की ओर से कैलाश मणि त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से अभय श्रीवास्तव, आंगनवाड़ी संघ की ओर से प्रभावती देवी, सिंचाई कर्मचारी संघ की ओर से राजेश श्रीवास्तव आदि ने बुके देने के साथ ही माल्यार्पण कर उन्हें नम आंखों से विदाई दी।

इस मौके पर एसपी अग्रवाल, लाल आनंद प्रकाश, सिद्धार्थ अग्रवाल, अनिल अग्रहरि, गुड्डू अनुराग तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक दिशा में बदलाव आयेगा : पाल

**लोहिया कला भवन में 21 लाभार्थियों में वितरण किया गया घरौनी प्रमाण पत्र**

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। लोहिया कला भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के तहत जिले के 21 लाभार्थियों को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल व बांसी के विधायक जय प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) वितरण का कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से शुभारम्भ किया गया है। भारत की आजादी के बाद पहली बार यह सम्भव हुआ कि आम जनमानस को घरौनी उपलब्ध हो रही है; इससे पहले भू-लेख पर जमीन आबादी/बंजर दर्ज रहता था। पहली बार आपको मालिकाना हक घरौनी का दिया जा रहा है। इस घरौनी से आपको आर्थिक दिशा में बदलाव आयेगा। इस घरौनी से आप आसानी से ऋण प्राप्त सकते हैं। विधायक बांसी जयप्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) का प्रधानमंत्री द्वारा शुरुआत किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा आज 11 लाख डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने से इस योजना का लाभ मिला है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) बहुत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से नागरिक के रूप में अधिकार पत्र मिल रहा है। इससे काफी मदद मिलेगी। ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) का कार्य ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूर्ण किया गया है। जिसमें पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया गया है। घरौनी दर्ज होने पर इस पर आपका पूरा स्वामित्व होगा। तहसील नौगढ़ के किशनलाल, सन्तराम, पूर्णमासी, बलिराज, इसरावती, प्रभावती, विजय प्रकाश को, तहसील बांसी के बिशुन, राजेन्द्र, पाल, तहसील शोहरतगढ़ के राम लखन, रामरती, राजेन्द्र, लटेरा, लालमन अहिर, तहसील इटवा के अजीजुल हसन, राम बहादुर, मोतीराम एवं तहसील डुमरियागंज के राम शब्द, जयप्रकाश, श्यामलाल को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ प्रदीप यादव, समस्त तहसीलदार, समस्त तहसीलों के लेखपाल एवं लाभार्थियों की उपस्थिति रही।

# तबादला : अमित कुमार सिद्धार्थनगर के एसपी बने

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश सरकार ने शनिवार को तीन एडीजी समेत 21 आईपीएस अफसरों को नई तैनाती दे दी। इनमें प्रतीक्षारत चल रहे पांच आईपीएस भी शामिल हैं। सीतापुर, मऊ, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर व सुलतानपुर में नए एसपी तैनात किए गए हैं। डीआईजी रेंज मिर्जापुर आरके भारद्वाज को डीआईजी रेंज बस्ती और पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट अमित कुमार आनंद को एसपी सिद्धार्थनगर बनाया गया है।

एडीजी कार्मिक संजय सिंघल की तरफ से जारी एक आदेश के अनुसार प्रतीक्षारत एडीजी प्रकाश डी को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम, प्रतीक्षारत एडीजी जकी अहमद को एडीजी पीएसी सीतापुर, प्रतीक्षारत आईजी अपर्णा कुमार को आईजी पीएसी सेंट्रल जोन लखनऊ तथा प्रतीक्षारत एसपी सचीन्द्र पटेल को सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के पद पर तैनाती दी गई है। एडीजी पीएसी सीतापुर राजा श्रीवास्तव को एडीजी कार्मिक डीजीपी मुख्यालय स्थानान्तरित किया गया है।

एडीजी कार्मिक के एक अन्य आदेश से 15 आईपीएस को स्थानान्तरित किया गया है। इसमें डीआईजी रेंज बस्ती मोदक राजेश डी. राव को डीआईजी सीबीसीआईडी लखनऊ, एसपी सिद्धार्थनगर यशवीर सिंह को एसपी सोनभद्र, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट अमित कुमार आनंद को एसपी सिद्धार्थनगर बनाया गया है।

# पब्लिक एप्रुवल रेटिंग में त्रिलोकपुर थाना अव्वल

सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की ओर से मई माह में सिद्धार्थनगर जिले की पुलिस की कार्य प्रणाली कैसी रही इसे लेकिन पब्लिक अप्रुवल रेटिंग के लिए एक से छह जून के बीच आम लोगों से डायरेक्ट व ट्विटर के जरिए वोटिंग कराई। रेटिंग में त्रिलोकपुर थाना अव्वल रहा जबकि सिद्धार्थनगर थाना अंतिम से एक ऊपर 20वें पायदान पर रहा।

एडीजी की ओर से शनिवार को जारी पब्लिक अप्रुवल रेटिंग के अनुसार त्रिलोकपुर थाना अव्वल, दूसरे पर खेसरहा, तीसरे पर मोहाना थाना रहा। चौथा स्थान पथरा बाजार व पांचवां शिवनगर डिड़ई थाने को मिला। जिले में मौजूद 21 थानों में 20वें पायदान पर सिद्धार्थनगर और अंतिम पर उस्का बाजार थाना रहा। महिला थाना को 13वां स्थान मिला। वोटिंग आईजीआरएस मामलों के निस्तारण, एफआईआर, एनसीआर को लेकर पब्लिक से कराई गई थी।

# 20 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने, शराब पीकर वाहन चलाने व यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 20 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लधंन करने वालों से 25 हजार रुपये शमन शुल्क वसूलने की कार्रवाई की गई।

# समाधान दिवस में आए 14 में से आठ मामले ही निस्तारित हुए

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। चिल्हिया थाना पर एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने फरियाद सुनीं। यहां पेश 14 मामलों में से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

चिल्हिया थाने पर समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई के बाद एएसपी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को त्वरित न्याय मिले। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि थाने पर आने वाले फरियादियों को सुनें और न्याय दें। उनके साथ अच्छा व्यवहार करें। इस दौरान पेश 14 मामलों से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

**सिद्धार्थनगर में 12 में निपटे दो:** सिद्धार्थनगर थाना पर थाना दिवस पर थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने सुनवाई की। इस दौरान 12 मामले पेश हुए। मौके पर दो का ही निस्तारण हो सका। बाकी मामलों को समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया।

**डुमरियागंज में 13 व भवानीगंज में 7 मामले पेश:** डुमरियागंज थाना में एसडीएम विकास कश्यप की मौजूद्गी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। राजस्व के 10 व पुलिस के तीन सहित कुल 13 मामले पेश हुए। महज पांच का निस्तारण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, इंस्पेक्टर सूर्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।

**शोहरतगढ़ थाना पर एक मामले का निस्तारण:** थाना शोहरतगढ़ में समाधान दिवस की सुनवाई एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ हरिश्चंद्र ने की। इस दौरान पेश नौ मामलों से सिर्फ का निपटारा हो सका। एसडीएम ने कहा कि लंबित शिकायत पत्रों की निष्पक्ष जांच होगी और हर पीड़ित को न्याय अवश्य मिलेगा।

## बांसी में एक मामले का निस्तारण

बांसी। कोतवाली बांसी में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पेश 9 मामले हुए। एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## सात मामलों में से दो निपटे

ढेबरुआ थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस में बीडीओ सतीश कुमार सिंह व थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा की मौजूदगी में सात मामले पेश हुए। राजस्व के पांच व पुलिस के दो मामले थे। सात मामले में राजस्व के दो मामले निस्तारित हुए।

# एसपी का कार्यकाल रहा निष्पक्ष: सांसद

## विदाई समारोह

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी डॉ.यशवीर सिंह का सोनभद्र जिला के लिए शनिवार को तबादला हो गया है। उन्हें सांसद जगदंबिका पाल ने अपने कैंप कार्यालय पर एक समारोह आयोजित कर विदाई दी। सांसद ने कहा कि एसपी डॉ.यशवीर सिंह का कार्यकाल निष्पक्ष रहा।

उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो तबादले के बाद भी अपनी छाप छोड़ जाते हैं उनमें से एक एसपी डॉ.यशवीर सिंह भी हैं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कभी भी विवादों से नाता नहीं रखा। सबकी सुनी और निष्पक्ष होकर अपने काम को अंजाम दिया। उन पर न सत्ता पक्ष और न ही विपक्ष कोई आरोप लगा सका। उन्होंने कहा कि आशा है कि नई तैनाती स्थल पर भी वह अपनी निष्पक्षता की अमिट छाप छोड़ेंगे। इस दौरान डीएम संजीव रंजन, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडीएम उमाशंकर आदि मौजूद रहे।




सांसद जगदंबिका पाल ने अपने कैंप कार्यालय पर एसपी डॉ. यशवीर सिंह को तबादला होने पर विदाई दी। इस दौरान डीएम, सीडीओ, एडीएम भी मौजूद रहे।

# बस्ती के डीआइजी व सिद्धार्थनगर के एसपी बदले

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने शनिवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए पांच जिलों के पुलिस कप्तान सहित 21 आइपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें तीन एडीजी, पांच आइजी, छह डीआइजी और सात एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सीतापुर, मऊ, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर और सुलतानपुर जिले में नए एसपी तैनात किए गए हैं।

घुले सुशील चन्द्रभान को सीतापुर का नया एसपी बनाया गया है। अविनाश पांडे एसपी मऊ, यसवीर सिंह एसपी सोनभद्र, अमित कुमार आनंद एसपी सिद्धार्थनगर, सोमेन वर्मा एसपी सुलतानपुर व सूर्यकांत त्रिपाठी एसपी ग्रामीण वाराणसी बनाए गए हैं।

विपिन कुमार मिश्रा डीआइजी चित्रकूट धाम बनाए गए हैं। एसके भगत को आइजी भवन एवं कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश प्रकाश सिंह मीरजापुर के नए डीआइजी बने हैं। आरके भारद्वाज डीआइजी बस्ती बने हैं। मोदक राजेश डी राव को आइजी सीबीसीआइडी बनाया गया है। अमरेन्द्र प्रसाद सिंह डीआइजी अयोध्या की जिम्मेदारी संभालेंगे। कवीन्द्र प्रताप सिंह आइजी पीएसी मुख्यालय लखनऊ में तैनात किए गए हैं। अमित वर्मा डीआइजी एसआइटी मुख्यालय लखनऊ व सुभाष चंद दुबे डीआइजी ट्रैफिक निदेशालय लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

]OSXEFF/4SXFeOX6AOFdVXFIOFEEEAF ARYAFSX0ÔZYF¶IFFQ»FZ>>9

# धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज

**लोटन।** मोहाना थानाक्षेत्र के पनेरा गांव निवासी एक व्यक्ति पर पुलिस ने धोखाधड़ी से जमीन अपने नाम कराने और जान से मारने की धमकी के मामले में केस दर्ज किया है। ओमप्रकाश पुत्र प्रधान निवासी पनेरा हाल पता वार्ड नंबर पांच हरनामपुर टोला बनकसिहा जिला कपिलवस्तु नेपाल का निवासी है। पनेरा स्थित उसके समस्त आराजी को फर्जी तरीके से दिलीप ने बैनामा करा लिया है। संवाद

# पुलिस अधीक्षक को दी गई विदाई



एसपी डॉ. यशवीर सिंह को विदाई देते सांसद जगदंबिका व अन्य। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह का स्थानांतरण सोनभद्र जिले में होने पर शनिवार को उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की।सांसद ने कहा कि डॉ. यशवीर सिंह के कार्यकाल में सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा मिला और अपराध पर नियंत्रण रहा। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि एक वर्ष से भी कम कार्यकाल में जिले की जनता समेत जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला। इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। संवाद

# एसपी को समारोह के तहत दी गई विदाई

जागरण संवाददाता,सिद्धार्थनगर: जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात आइपीएस डाक्टर यशवीर सिंह का शनिवार की देर रात शासन ने तबादला कर दिया है। उन्हें सोनभद्र का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात आईपीएस अमित कुमार आनंद को जनपद का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है।

शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल के आवास पर आयोजित विदाई समारोह में फूल माला पहनाकर विदाई दी गई। सांसद ने डाक्टर सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान अपराधों पर नियंत्रण के दौरान शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए आम लोगों को उम्मीद पर खरा उतरे हैं। सांसद व जिलाधिकारी संजीव रंजन ने भविष्य के लिए शुभकमनाएं दी। लेखपाल रामकरन गुप्ता के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीओ जयेन्द्र, एडीएम उमाशंकर, एसपी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# रैंकिंग में फेल हो गए जनपद के तीन थाने

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस विभाग की ओर से हर माह ट्वीटर पोल पर होने वाले रैंकिंग में जनपद के तीन थानों की स्थिति दयनीय है। वह लाल निशान पर हैं। जारी किए गए रैंक के मुताबिक त्रिलोकपुर को मात्र एक नंबर मिला है। जबकि खेसरहा थाने को दो और मोहाना थाने को तीन नंबर मिला है।

सर्वाधिक 21 नंबर उसका, 20 नंबर सदर और 19 नंबर बांसी कोतवाली को मिला है। लाल निशान वाले तीन थानों को कार्य करने के तौर तरीकों में बदलाव के निर्देश दिए गए हैं। संवाद

## शहर में आज

### महिला थाने में नई किरन जन सुनवाई होगी




**सिद्धार्थनगर :** महिला थाने में नई जन किरण के तहत सुबह 10 बजे से पारिवारिक मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### हेलमेट एवं सीट बेल्ट जांच अभियान चलेगा

**सिद्धार्थनगर :** शहर में हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग अभियान के तहत सुबह 11 बजे से जांच शुरू होगी।

# अब एफआईआर कराने वालों से लिया जाएगा फीडबैक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिसकर्मी अब एफआईआर के बाद कार्रवाई में गड़बड़ी नहीं करेंगे। क्योंकि केस दर्ज कराने वालों से फीडबैक लिया जाएगा। पूछा जाएगा कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हुआ तो पुलिस को दोबारा कार्रवाई करनी पड़ेगी। एडीजी गोरखपुर ने इस संबंध में दिशानिर्देश दिए हैं।

जनता में पुलिस की छवि बेहतर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। थानों पर आने वालों मामलों में सही कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जा रही है। अक्सर फरियादियों की शिकायत रहती है कि तहरीर के मुताबिक पुलिस ने केस दर्ज नहीं

### पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए एडीजी ने शुरु की कवायद

किया है। धारा में बदलाव कर केस को कमजोर कर दिया गया। यह फिर काम चलाऊ कार्रवाई कर कोरम पूरा कर दिया।

अब ऐसी शिकायतों पर विराम लगने वाला है। क्योंकि

### इन मामलों में की जाएगी तहकीकात

आईजीआरएस, एफआईआर, एनसीआर, डायल-112 में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस टीम पहुंची, कार्रवाई कैसी रही, कार्रवाई से संतुष्ट हैं अथवा नहीं के संबंध में फीडबैक लिया जाएगा।

एफआईआर और एनसीआर दर्ज कराने वालों से अधिकारी सीधे बात करेंगे। उनसे फीडबैक लेंगे। यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो संबंधित थानेदार से वार्ता की जाएगी। साथ ही कार्रवाई करशिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाएगा। एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार का मानना है कि इस प्रयोग से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। फीडबैक लेने से जवाबदेही के डर से थानों पर कार्रवाई में गड़बड़ी और लापरवाही नहीं होगी।

इस संबंध में एएसपी सुरेश चंद रावत ने बताया कि शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने का आदेश हुआ है। इस संबंध में थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-06-2022

# ऑनलाइन पोल में महिला थाना को मिला प्रथम स्थान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह' के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11.06.2022 से 17.06.2022 तक एक आनलाइन पोल कराया गया। आनलाइन पोल में आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्विटर डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक का मूल्यांकन किया गया। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिये गये। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। इस आनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप्प आदि पर लिंक भेजकर आनलाइन पोल भी कराया गया जिसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। इस वोटिंग का उद्देश्य आमजनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर जनपद संकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहारकुशल बनाना है। आमजन द्वारा इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 495 वोट, डायरेक्ट पोल पर 5020, एफआईआर वादी द्वारा 169, आईजीआरएस पर 520 मामलों पर अपनी राय व्यक्त की गई, जिसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा जनपद संतकबीरनगर में महिला थाना को प्रथम स्थान व थाना महुली को 'द्वितीय स्थान' दिया गया है। इस पोल में थाना दुधारा को तृतीय, थाना बेलहरकला को चतुर्थ, थाना कोतवाली खलीलाबाद को पांचवा, थाना धर्मसिंहवा को छठा, थाना धनघटा को सातवां, थाना बखिरा को आठवां व थाना मेंहदावल को नौवां स्थान प्रदान किया गया है।

# जिले के सभी थानों पर आये 89 मामलों में 27 निस्तारित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानों पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण किया गया। सभी थानों पर कुल 89 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 27 मामलों का निस्तारण कराया गया तथा शेष 62 प्रकरणों का शीघ्र ही भौतिक निरीक्षण कर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिनमें से 12 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। थाना दुधारा में 15 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से 05 निस्तारित, थाना धनघटा में आये 14 मामलों में 01 निस्तारित, थाना महुली में आये 12 मामलों में 04 निस्तारित, थाना मेंहदावल में आये 06 मामलों में एक निस्तारित, थाना बखिरा में आये 17 मामलों में मात्र एक तथा थाना बेलहरकला में आये 06 मामलों में 02 निस्तारित एवं थाना धर्मसिंहवा में आये 01 मामला आया जिसे निस्तारित किया गया। इस प्रकार कुल सभी थानों पर 89 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से 27 का निस्तारित मौके पर किया गया तथा शेष 62 मामलों में शीघ्र ही भौतिक निरीक्षण कर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बखिरा प्रतिनिधि के अनुसार थाना बखिरा में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाय।

इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाय जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। सेमरियावां प्रतिनिधि के अनुसार दुधारा थाना परिसर में थानाध्यक्ष सर्वेश राय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रेम बहादुर यादव राजस्व निरीक्षक, राम अजोर राजस्व निरीक्षक, अमित कुमार मौर्या, राधेश्याम मौर्या, वीरेंद्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, संजय कुमार यादव, विजय कुमार आजाद, हरीशंकर, अब्दुल मुफीद, दुर्गेश गौड़ आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



थाना बखिरा पर फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी सोनम कुमार।

# औपचारिकता के साथ निपटा थाना दिवस

भाटपाररानी(एसएनबी)। शासन द्वारा पुलिस व राजस्व विभाग से सम्बन्धित विवादों के निस्तारण के लिए संचालित थाना दिवस महज औपचारिकता के रूप में अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कुर्सियां रखकर खानापूर्ति की जा रही है। यहां पहुंचे अधिकांश फरियादियों का कहना था कि राजस्व विभाग व पुलिस मौके पर पहुंच समस्याओं का समाधान कराने के बजाय शिकायत का निस्तारण करने के उपाय ढूढने मे जुट जाती है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना परिसर मे आयोजित थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा ने मातहतों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए शासन द्वारा यह योजना संचालित है। इसमें किसी भी कर्मचारी/ अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कुछ 6 मामले राजस्व विभाग से जुड़े दर्ज किये गये। जिसमें तीन मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। शिकायत दर्ज कराने पहुंचे फरियादियों मे क्षेत्र की कुसुम देवी, रामाश्रय, तेतरी देवी ने कहा कि दर्जनों बार थाना में शिकायत कर चुकी हूं लेकिन आज तक समाधान नही हो सका है। खामपार थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में नायब तहसीलदार कर्ण सिंह की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 23 शिकायतें राजस्व विभाग से जुडे दर्ज किये गये। जिसमें महज 9 मामलों के निस्तारण के लिए टीमें भेजी गयी। इसी प्रकार बनकटा थाना परिसर में उपजिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी पंचमलाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस मे कुल 10 मामले दर्ज किये गये जिसमें 07 मामलों का निपटारा करने के लिए टीमें भेजी गयी। थाना दिवस आयोजनों के दौरान भाटपाररानी में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, खामपार में बृजेश कुमार मिश्र व बनकटा में दिलीप सिंह के अलावा राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल उपस्थित रहें।


भाटपाररानी में फरियाद सुनते तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा व अन्य।

**32 मामलों में 15 मामलों को हुआ निस्तारण :** बरहज/मईल :शनिवार को बरहज भलुअनी व मईल थाने पर थाना दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी तहसीलदार व नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। थाना दिवस पर कुल 32 मामले सामने आये। जिसमे 17 मामलों का मौके पर ही उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने पुलिस व राजस्व टीम के साथ निस्तारण करा दिया। बरहज में सर्वाधिक 17 मामलों में 8, भलुअनी में 9 मामलों में 4 तथा मईल में 6 मामलों में 3 मामलों का निस्तारण किया गया। बरहज में उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह, भलुअनी में तहसीलदार अश्वनी कुमार तथा मईल में नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसओ जयशंकर मिश्र, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, मुकेश मिश्र, एसआई हीरालाल, अशोक तिवारी, रामानन्द यादव, ऋषिकेश गौतम, रीवा सिंह, अर्जुन कुमार, ज्ञान सिंह, पवन, जयराम कुशवाहा, धर्मेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# महुली में एसडीएम और धनघटा थाने पर तहसीलदार ने सुनी फरियाद



महुली थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार व सीओ धनघटा रामप्रकाश।

**आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में धनघटा और महुली थाने पर पेश हुए 14-14 मामले**

**धनघटा (एसएनबी)।** शनिवार को आयोजित थाना दिवस में महुली थाने पर उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार व सीओ धनघटा रामप्रकाश ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनी। सुबह 10 बजे ही उपजिलाधिकारी धनघटा व सीओ धनघटा महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंचे और पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश के साथ मिलकर महुली थाने में मातहतों के साथ बैठकर फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कुल 14 फरियादियों ने अपना-अपना प्रार्थनापत्र उपजिलाधिकारी व सीओ के समक्ष पेश किया जिसपर सुनवाई करते हुए दोनों अधिकारियों ने थाना दिवस में आए कुल 12 राजस्व सम्बन्धित मामलों में से 4 का निस्तारण तत्काल कर दिया।

इसी प्रकार पुलिस के 2 मामलों में से एक का निस्तारण तत्काल कर दिया गया शेष मामलों के समाधान के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन करते हुए उपजिलाधिकारी व सीओ ने मौके के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार योगेन्द्र पांडेय,प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह, एसएसआई दयानाथ, नत्थू प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश मिश्र, पारसनाथ सिंह सहित हरिहरपुर, मोलनापुर, काली जगदीशपुर, शनिचरा बाबू और मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक समेत सम्बन्धित राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।

इसी क्रम में धनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान राजस्व से सम्बन्धित कुल 2 फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थनापत्रों को पेश किए तथा 12 पुलिस से संबंधित प्रार्थनापत्र सम्पूर्ण थाना दिवस में पेश किए गए। तहसीलदार धनघटा व प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने मिलकर पुलिस से संबंधित 2 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। इस दौरान इंसपेक्टर अपराध शाखा चन्दन कुमार, एसआई बीरबहादुर यादव, शैलेन्द्र, पवन, राजेश मिश्र और जगदीशपुर,लोहरैया, बिड़हरघाट पुलिस चौकी के प्रभारियों के अलावा थाने के अन्य पुलिसकर्मी तथा राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# भारत बंद के लिए जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन


भारत बंद के तहत जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते कई संगठनों के कार्यकर्ता।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा (सामाजिक), वहुजन क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम द्वारा भारत की एकता और अखण्डता को खतरे में डालने वाली ताकतों के खिलाफ भारत वंद के आह्वान पर शनिवार को कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मेंहदावल एवं खलीलावाद तहसील क्षेत्र में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसके वाद राष्ट्रपति को संवोधित मांगपत्र संवंधित अधिकारियों को सौंपा। जुलूस में वहुजन मुक्ति मोर्चा के वस्ती मण्डल अध्यक्ष आनंद कुमार गौतम एवं जिला संयोजक संतकवीरनगर उदयराज विद्यार्थी ने वताया कि जुलूस निकालते समय पुलिस ने रोकने के का प्रयास किया लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से सभी से भारत वंद में सहयोग करने की अपील करते हुए जुलूस निकालकर राष्ट्रपति को संवोधित ज्ञापन सौंपा गया। जुलूस में राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिलाध्यक्ष मौलाना गुलाम जिलानी, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौ. छविलाल पटेल, तहसील अध्यक्ष सुग्रीव विश्वकर्मा, जिला प्रभारी हरिश्चन्द्र भाष्कर, जिला मीडिया प्रभारी करम हुसैन, वि.स. अध्यक्ष खलीलावाद धनन्जय कुमार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्यभान चौरसिया, गिरजेश निषाद, हरि प्रसाद गौतम, क्रांतिवीर अनिल, चन्द्रमणि वौद्ध, धनन्जय कुमार, व्रह्मानंद गौतम सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे।



पुलिस लाइन में शनिवार को पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

# डेबिट-क्रेडिट कार्ड से भी जमा हो सकेगा चालान

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** अब ट्रैफिक कर्मी अपने साथ पीओएस मशीन लेकर चलेंगे। चालान के दौरान नगद न रहने पर डेविड कार्ड और क्रेडिट कार्ड से भी चालान शुल्क जमा हो जाएगा। इसके संचालन को लेकर शनिवार को सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुआ। यातायात निदेशालय लखनऊ से ट्रैफिक पुलिस के लिए पीओएस मशीन दी गई है। जनपद में कुल 10 मशीन प्राप्त हुई। इसका संचालन सही से हो सके इसके लिए सभी को प्रशिक्षित किया गया। यातायात सीओ राजीव कुमार यादव ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा नामित कर्मचारी अविनाश कुमार शर्मा ने सभी थानों और यातायात पुलिस के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

पीओएस मशीन के माध्यम से वाहन चालक अपने वाहन चालान के जुर्माने की धनराशि को अपने क्रेडिट कार्ड, डेविड कार्ड से जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी यातायात बृजेश यादव सहित अन्य उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# आम लोगों ने महिला थाने को किया पास

संतकबीरनगर। पुलिस की कार्यप्रणाली और आम लोगों में की छवि जानने को लेकर पुलिस महानिदेश गोरखपुर जोन ऑनलाइन सर्वे कराया। सर्वे में महिला थाने की पुलिस नंबर वन रही, वहीं मेंहदावल पुलिस सबसे पीछे है। सर्वे 11 जून से 17 जून के बीच ऑनलाइन पोल कराया था। इस पोल में जिले के छह हजार से अधिक लोगों ने वोट किया। थानावार मिले वोट के आधार पर ग्रेडिंग हुई, इसमें महिला थाने को नंबर एक स्थान मिला।

पोल ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक का मूल्यांकन किया गया। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। आम जन इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 495 वोट, डायरेक्ट पोल पर 5020, एफआईआर वादी द्वारा 169, आईजीआरएस पर 520 मामलों पर अपनी राय व्यक्त की गई।

# होटलों में अग्निशमन की व्यवस्था देखी

संतकबीरनगर। अग्निशमन विभाग ने शनिवार को जिले में जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया। होटलों, सरकारी कार्यालयों की जांच करते हुए वहां लगे अग्निशमन यंत्रों को चेक किया।

इसके अलावा आग से निपटने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी को प्रशिक्षण भी दिया। आग लगने पर किस तरह से उस पर काबू किया जा जाए इसके लिए पूरी जानकारी सभी को दी गई।

# घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस कर्मियों ने विवाद के दौरान मारपीट में घायल हुई महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पीआरवी 1489 को थाना महुली क्षेत्र से किसी ने दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना दी। सूचना के बाद पीआरवी कर्मी पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गए।

# नहीं रहा भारत बंद का कोई असर

संतकबीरनगर। पुलिस की सख्ती के कारण जनपद में भारत बंद का असर नहीं देखने को मिला। आन्दोलन के लिए निकल रहे बहुजन मुक्ति मोर्चा के सदस्यों को बीच में ही रोक दिया गया। कोतवाल विजय नारायण प्रसाद के साथ ही सभी चौकी इन्चार्ज लगातार सक्रिय रहे। आन्दोलन न होने पाए इसको लेकर चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई।

अग्निपथ के विरोध में भारत बंद के अह्वान के क्रम में बहुजन मुक्ति मोर्चा के सदस्यों ने आन्दोलन में शामिल होने का निर्णय लिया था। बंदी कराने के लिए मोर्चा के सदस्य इकट्ठा हो रहे थे। लेकिन पुलिस की सक्रियता ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। कोतवाल बिजय नारायण प्रसाद सक्रिय हो गए। फोर्स के साथ पूर्व माध्यमिक बिद्यालय खलीलाबाद के परिसर में पहुंच गए।

# एक वारंटी हुआ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बखिरा पुलिस ने श्याम सुन्दर पुत्र रामशब्द निवासी भानपुर माफी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

# शांतिभंग में 22 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसमें दुधारा पुलिस ने चार, धनघटा पुलिस ने आठ, महुली पुलिस ने एक, मेंहदावल पुलिस ने दो, बखिरा पुलिस ने चार और बेलहरकला पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

# 32 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस ने यातायात नियमों का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के दौरान लोगों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान कुल 32 वाहनों का चालान करते हुए उनसे 22 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया।

## अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें, मौके पर जाकर निस्तारण के दिए निर्देश

# ८९ शिकायतों में 27 का हुआ निस्तारण

**समाधान दिवस**

- बखिरा थाने पर एसपी सोनम कुमार ने फरियाद सुनी
- महुली में 12 मामलों में चार का मौके पर निस्तारण हुआ

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के सभी थाना मुख्यालय पर समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें पुलिस के साथ ही राजस्व के अधिकारी मौजूद रहे। बखिरा थाने पर एसपी सोनम कुमार ने सुनवाई की। कहीं एसडीएम ने अध्यक्षता की तो कहीं तहसीलदार मौजूद रहे। कुल 89 शिकायतें आईं, इसमें से 27 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के त्वरित निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित को सौंपी गई है।

एसपी सोनम कुमार बखिरा थाने पर आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना। मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित



शनिवार को बखिरा थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनते एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान

शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक लिया।

कोतवाली खलीलाबाद में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 18 मामले प्रस्तुत हुए छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, 12 शेष बचे हैं। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि पुलिस टीम से समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का निस्तारण हर हाल में कर दिया जाए।

शिकायत निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। थाना दुधारा में 15 मामले आए इसमें से पांच का निस्तारण हुआ 10 शेष बचे हैं। धनघटा में 14 मामले आए एक का मौके पर निस्तारण किया गया। महुली में 12 मामले आए चार का मौके पर निस्तारण हुआ। मेंहदावल में छह मामले आए एक का मौके पर निस्तारण हुआ। बखिरा में 17 मामले आए एक का मौके पर निस्तारण हुआ। बेलहरकला में छह मामले आए एक का निस्तारण किया गया। धर्मसिंहवा में मात्र एक मामला आया उसका मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया।

नाथनगर में 14 मामला पेश, पांच निस्तारित: नाथनगर समाधान दिवस पर एसडीएम धनघटा डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह ने सुनवाई की। इस मौके पर 14 मामले पेश हुए। जिसमें 05 मामले को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष के निस्तारण के लिए अलग-अलग टीम गठित कर रवाना की गई। एसडीएम ने शिकायतों की सुनवाई कर सम्बन्धित राजस्व व पुलिस कर्मी को तलब किया। समस्या के हल सम्बन्धित जानकारी ली। एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही न बरतें। इस दौरान राजस्व 12 व पुलिस सम्बन्धित दो मामले पेश हुए। राजस्व के चार और पुलिस के एक मामले का निस्तारित कर दिया गया। शेष नौ मामले के लिए टीम रवाना की गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह, एसएसआई दयानाथ राम, एसआई नत्थू प्रसाद, रमेश चंद्र यादव, हेडकांस्टेबल मोहम्मद आरिफ खान, उमेश, शैलेन्द्र उपाध्याय, अजीत आदि मौजूद रहे।

# आनलाइन पोल में महिला थाने को जिले में प्रथम स्थान

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : थानों की कार्यप्रणाली के बारे में 11 जून से 17 जून तक आनलाइन पोल कराया गया। इसके लिए लोगों ने ट्विटर समेत इंटरनेट मीडिया के अन्य माध्यमों से आइजीआरएस, एफआइआर आदि के बारे में अपनी राय दी। जनता की राय का मूल्यांकन करके जनपद के सभी थानों का रैंक निर्धारित किया जाना था। इस क्रम में महिला थाने को जनपद में प्रथम स्थान मिला है।

आनलाइन रायशुमारी में ट्विटर पर 495, डायरेक्ट पोल पर 5020, एफआइआर वादी द्वारा 169, आइजीआरएस पर 520 ने राय व्यक्त की। इसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार द्वारा महिला थाना को प्रथम स्थान व महुली थाने को द्वितीय स्थान दिया गया। दुधारा को तृतीय, थाना बेलहरकला को चतुर्थ स्थान मिला। कोतवाली खलीलाबाद को पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। थाना धर्मसिंहवा को छठवां, धनघटा को सातवां, बखिरा को आठवां स्थान मिला। मेंहदावल थाने की स्थिति सबसे खराब रही। इसे नौवां स्थान मिला। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि आनलाइन पोल का उद्देश्य पुलिस की कार्यशैली का मूल्यांकन करके आवश्यक सुधार करने के लिए है। उन्होंने महिला थाना के प्रभारी समेत सभी पुलिस कर्मियों को जनता के बीच अच्छी पैठ रखने के लिए बधाई दी। पोल में पिछड़े थानों को अपनी कार्यशैली बदलने की सलाह दी।

# आग पर काबू पाने के लिए हुआ पूर्वाभ्यास

जासं, संतकबीर नगर : आग की घटनाओं में होने वाले नुकसान को कम करने के साथ ही बचाव के लिए शनिवार को अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पूर्वाभ्यास किया। शहर के पंजीकृत होटलों में स्थापित अग्निशमन के उपकरणों का प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अशोक कुमार यादव समेत पुलिस कर्मियों ने जांच किया। होटल लक्ष्मी, होटल सोनी इंटरनेशनल, होटल शिवाय, कपिल होटल समेत शहर के अन्य होटलों में कार्यरत स्टाफ को आग लगने से बचाव के लिए जानकारी दी गई।

# समाधान दिवस में 89 मामलों में से 27 का निस्तारण



बखिरा थाने में जन समस्या सुनते एसपी सोनम कुमार ● जागरण

जागरण टीम, संतकबीर नगर : शनिवार को जनपद के सभी थानों पर समाधान दिवस आयोजित किया गया। अधिकारी पहुंचे, सुनवाई की प्रक्रिया पूरी भी हुई परंतु हाल वहीं पुराना रहा। फरियादियों का दर्द तो छलका पर आश्वासन लेकर उन्हें घर की तरफ मुंह करना पड़ा। बखिरा थाने पर एसपी सोनम कुमार ने लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का आयोजन आमजन की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए किया जाता है। राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। यहां कुल 17 मामले आए जिसमें से एक का निस्तारण हुआ। दुधारा में 15 के सापेक्ष पांच, मेंहदावल में छह के सापेक्ष एक, बेलहर में छह के सापेक्ष एक व धर्मसिंहवा में एक मामला आया।

जिसका निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली खलीलाबाद में उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र ने लोगों की समस्याओं को सुना। यहां 18 मामले प्रस्तुत हुए जिसमें से 12 का निस्तारण कर दिया गया। महुली थाना परिसर में एसडीएम रविंद्र कुमार ने सुनवाई की। यहां 12 में से चार मामलों का निस्तारण हुआ। धनघटा में तहसीलदार रत्नेश तिवारी ने सुनवाई की। खड़गपुर निवासी सतई ने बताया कि पट्टा की भूमि को चिह्नित करवाने के लिए पांच बार लगायत समाधान दिवस में फरियाद कर चुके हैं परंतु कोई लाभ नहीं मिला। रामपुर निवासी ईश्वर ने बताया कि उनकी भूमि पर गांव के कुछ लोग मूर्ति रखकर कब्जा करना चाह रहे हैं। वह संपूर्ण समाधान दिवस से लगायत अधिकारियों की दर पर दस्तक देकर थकने लगे हैं। सिरसी के राम प्रसाद ने कहा कि उनके पुश्तैनी मकान व सहन की भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। वह कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारीडीहा निवासी 95 वर्षीय राम शंकर ने कहा कि उनके बेटे भोजने नहीं दे रहे हैं।

SH
PI
B



पुलिस लाइंस में यातायात पुलिसकर्मियों को दिया गया पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण । संवाद

# पीओएस मशीन चलाने का दिया प्रशिक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस लाइंस सभागार में शनिवार को डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड से चालान शुल्क जमा कराने को लेकर पुलिस कर्मियों को पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद वाहन चालक ऑनलाइन अपना चालान जमा कर सकेंगे।

सीओ यातायात राजीव कुमार यादव ने बताया कि यातायात निदेशालय लखनऊ से 10 पीओएस मशीन जिले को मिली हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से नामित प्रशिक्षक अविनाश कुमार शर्मा ने सभी थानों और यातायात पुलिस के कर्मचारियों को मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया है।



पुलिस लाइंस में यातायात पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर। संवाद

इस पीओएस मशीन के माध्यम से वाहन चालक अपने वाहन चालान के जुर्माने की धनराशि को अपने क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड से जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रभारी यातायात बृजेश यादव समेत थानों से आए एसआई मौजूद रहे।

# बहुजन क्रांति मोर्चा के 14 कार्यकर्ता हिरासत में



कोतवाली में बैठाए गए बहुजन क्रांति मोर्चा के कार्यकर्ता। संवाद

ब्यूरो न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बहुजन क्रांति मोर्चा के कार्यकर्ता शनिवार को भारत की एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाली ताकतों के खिलाफ भारत बंद के तहत शहर में जुलूस की शक्ल में निकले थे। उसी दौरान गोला बाजार के पास से पुलिस 14 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कोतवाली चली गई।

बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला संयोजक उदयराज विद्यार्थी ने बताया कि भारत बंद के लिए जिले के विभिन्न स्थानों से राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता

## भारत बंद कराने के लिए लिए जुलुस की शक्ल में निकले थे कार्यकर्ता

आए थे। वे लोग भारत बंद के तहत लोगों से आह्वान करने की तैयारी में थे। उसी दौरान पुलिस ने 14 कार्यकर्ताओं को पकड़ लिया और कोतवाली ले गई। उनके साथ आंनद कुमार, चंद्रमणि, सूर्यभान चौरसिया आदि थे। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। बहुजन क्रांति मोर्चा के लोग एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में थे। उन्हें कोतवाली ले जाया गया और बाद में समझाकर छोड़ दिया गया।

# महिला थाना प्रथम, महुली को दूसरा स्थान

## थानों की कार्यप्रणाली जानने के लिए लिया गया फीड बैक

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी जुटाए जाने के लिए ऑनलाइन पोल कराया गया।

इसमें बेहतर कार्य करने में महिला थाने को प्रथम और महुली थाने को दूसरा स्थान मिला। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि थानों की कार्यप्रणाली की हकीकत जानने के लिए 11 जून से 17 जून तक ऑनलाइन पोल कराया गया। ऑनलाइन पोल में आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफॉर्म, आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक का मूल्यांकन किया गया। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के

### रैंकिंग में मेंहदावल थाना रहा सबसे पीछे

निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए।

जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं अथवा नहीं। इस ऑनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफॉर्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया। इसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। इस वोटिंग का उद्देश्य आमजनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर जनपद संकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहारकुशल बनाना है। आमजन द्वारा इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 495 वोट, डॉयरेक्ट पोल पर 5020, एफआईआर वादी द्वारा 169, आईजीआरएस पर 520 मामलों पर अपनी राय व्यक्त की गई। इसके आधार पर एडीजी जोन गोरखपुर ने महिला थाने को प्रथम स्थान व थाना महुली को द्वितीय स्थान दिया गया है। इस पोल में थाना दुधारा को तृतीय, थाना बेलहरकला को चतुर्थ, थाना कोतवाली खलीलाबाद को पांचवां, थाना धर्मसिंहवा को छठा, थाना धनघटा को सातवां, थाना बखिरा को आठवां व थाना मेंहदावल को नौवां स्थान प्रदान किया गया।

# किशोरी को भगाने में युवक पर मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। दो दिन पूर्व शहर क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी को एक युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

पीड़ित पिता का आरोप है कि 23 जून को उसकी बेटी को शहर का ही एक युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। नात-रिश्तेदारी में बेटी की तलाश की गई लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। बेटी के साथ अनहोनी की भी आशंका जाहिर की।

पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि किशोरी को भगाने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। ब्यूरो

# अग्निशमन विभाग ने आग को रोकने के बताए उपाय

संतकबीरनगर। अग्निशमन विभाग के जरिए जिले में आग की घटनाओं को रोकने लिए मॉक ड्रिल की गई।

अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव ने बताया कि शहर के होटलों में फायर ऑडिट किया गया। इसमें यह देखा गया कि आग की घटनाओं को रोकने की क्या व्यवस्था है। इसके साथ ही होटलों में कार्यरत स्टाफ को अग्नि दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों के संबंध में जानकारी दी गई और अग्निशमन उपकरणों को चलाए जाने का प्रशिक्षण दिया गया। संवाद

# 89 मामलों में सिर्फ 27 हुए निस्तारित



समाधान दिवस पर बखिरा थाने में फरियादियों की समस्या सुनते एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बखिरा थाने पर एसपी सोनम कुमार ने जन समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 89 मामले आए, जिसमें से 27 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बखिरा में आयोजित थाना समाधान दिवस पर कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। ताकि आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े । उन्होंने मौजूद शिकायत पंज़िका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकीं शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया। यहां पर कुल 17 मामले आए और एक निस्तारण हुआ। इसी तरह से खलीलाबाद कोतवाली में 18 माम़ले आए और 12 का निस्तारण हुआ। दुधारा थाने पर 15 में से पांच, धनघटा थाने पर 14 में से एक, महुली थाने पर 12 में से चार, मेंहदावल थाने पर छह में से एक, बेलहर कला थाने पर छह में दो, धर्मसिंहवा थाने पर एक शिकायत आई और उसे निस्तारित कर दिया गया।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-06-2022

# कौड़िया को मिला पहला स्थान

रामापुर। एडीजी गोरखपुर जोन गोरखपुर के निर्देश पर एसपी संतोष कुमार मिश्रा के सात दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम जनसुनवाई, आईजीआरएस, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआईआर पंजीकरणके संबंध में जिले के सभी थानों की वोटिंग कराई गई थी। इसमें थाना कौड़िया पुलिस की कार्यशैली की लोगों ने सराहना की। थाना कौड़िया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# महिला को पीटा छह पर केस दर्ज

इटियाथोक। पुलिस ने अनुसूचित जाति की महिला को पीटने के आरोप में आधा दर्जन के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि इटियाथोक गांव पुरवा निवासी अनुसुचित जाति महिला कांती देवी पत्नी स्वर्गीय बुद्धू लाल ने अपने तहरीर में आरोप लगाया है कि साजिद, हसीब आदि ने जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडा, तलवार लेकर धावा बोल दिया और घर ही महिलाओं को मारा पीटा। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि सभी आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

गोण्डा। मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शनिवार को खरगूपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ एक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 360 नशीली गोलियां बरामद की है। पुलिस ने बताया थाना खरगूपुर के उपनिरीक्षक दूधनाथ चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। उसी दौरान आरोपी मोहम्मद अयूब को गिरफ्तार किया।

# महिला के हत्यारों की तलाश, कई को उठाया

- शुक्रवार को दलित महिला की हुई थी हत्या
- मोबाइल सर्विलांस के जरिए होगी जांच तेज

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। सेमरी कला स्थित पांडे पुरवा में शुक्रवार को दलित महिला की हुई हत्या में पुलिस अभी अंधेरे में तीर मारती हुई नजर आ रही है। शक के आधार पर आसपास के मजरे में रहने वाले दर्जनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर घटना की जांच कर रहे पुलिस टीम को जरूरी टिप्स दिए। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल प्रभारी को घटनास्थल पर कितने फोन एक्टिव थे इसका भी डाटा भी निकालने का निर्देश दिया है।

**गले में धारदार हथियार से किया गया था वार:** शुक्रवार को सेमरी कला के मजरे पांडे पुरवा निवासी राम कुमार की पत्नी उत्तिमा उम्र 35 वर्ष प्रतिदिन की भांति सुबह 9 बजे घास काटने खेतों की तरफ गई थी। कुछ देर बाद उसका बेटा शुभम घास उठाने के लिए ढूंढते हुए खेतों पर गया परंतु उसे उसकी मां कहीं नहीं मिली। काफी देर ढूंढने के बाद वह घर वापस आया और परिजनों को बताया तब गांव के कई लोगों ने आसपास के कई खेतों को खंगाला तब जाकर घर से आधा किलोमीटर दूर एक मकई के खेत में उसका शव रक्तरंजित हालात में पाया गया। उसके गले में किसी धारदार हथियार से काटे जाने का निशान स्पष्ट दिखाई दे रहा था। तथा घास काटने के लिए ले गई हंसिया भी घटनास्थल पर कहीं नहीं मिली।

## डॉग स्क्वायड भी खाली हाथ

देर रात्रि डाग स्क्वायड की टीम ने घटनास्थल पर खोजबीन की परन्तु खोजी डॉग भी खेत के बाड़ पर जाकर रुक जा रहा था। रात में ही क्राइम ब्रांच की टीम व एसओजी प्रभारी सहित पुलिस उपाधीक्षक शिवराज ने फॉरेंसिक टीम को लेकर घटनास्थल पर मौजूद ब्लड सैंपल लेकर हर पहलू की बारीकी से जांच की। रात में ही कई संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर उनसे पूछताछ की गई।

# चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोण्डा। चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित विरेन्द्र सोनकर पुत्र रामप्रित निवासी ग्राम नेपाल पुरवा मौजा खिराभा कोतवाली नगर के दुकान में आरोपी ने घुसकर डीजे का सामान व दस हजार चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में पीड़ित ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। शनिवार को नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय ने नेपाल पुरवा मौजा खिरभा निवासी राजू को गिरफ्तार किया है।

# थाना दिवस में खूब जुटी फरियादियों की भीड़

वजीरगंज। थाना समाधान दिवस में फरियादी भू राजस्व के मामले को लेकर पेश हुए। अन्य आपाधिक मामलों की सुनवाई पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने की। थाना परिसर पीडितों की भीड़ से भरा रहा। वहीं नायब तहसीलदार रंजन वर्मा, एसओ चंद्र प्रताप सिंह, डुमरियाडीह चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह, कानूनगो परसुराम मिश्रा व संबंधित लेखपाल पीड़ितों के समस्याओं की सुनवाई करते रहे।

ग्राम पंचायत करनीपुर के पीड़ित प्रधान विनोद कुमार मिश्रा ने राजस्वकर्मी पर आरोप लगाते हुए कहा कि चारागाह, सड़क व नाला की भूमि पर लेखपाल की मिलीभगत से दबंगों ने कब्जा कर रखा है। कुल 25 मामले राजस्व विभाग के आए। जिसमें एक मामले का निस्तारण कर दिया गया है।

वहीं धानेपुर थाने में आयोजित समाधान दिवस में अंतिम समय सीओ सदर ने पहुंच महज आधे घंटे तक सुनवाई की और मामले के निस्तारण का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्व सम्बन्धी दस मामले आए हैं।

# 24 शिकायतों में एक का निस्तारण

करनैलगंज। कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 24 मामले आये, जिसमें एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में कोतवाल व सीओ सहित तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में बचे शेष मामलों के निस्तारण के लिये सम्बन्धित को जिम्मेदारी दी गयी है। क्षेत्र के इकलौते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम अचल शास्त्री भी शिकायत लेकर समाधान दिवस में पहुंचे। सीओ मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि उनकी शिकायत को लेकर निस्तारण के लिए चौकी प्रभारी बालपुर को निर्देशित किया है।

# छपिया में एएसपी ने सुनीं 40 लोगों की शिकायतें

छपिया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 40 मामले आए। समाधान दिवस एएसपी शिवराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समाधान दिवस में कुल 40 मामले आए जिसमें 34 मामले राजस्व से संबंधित और 6 मामले पुलिस विभाग से सम्बंधित आए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने सभी मामले के शीघ्र ही निस्तारण का दिशा निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि छह मामलों का समाधान मौके पर किया गया है। टीम में चौकी प्रभारी मसकनवा सुनील त्रिपाठी, उप निरीक्षक सुरेश मणि मिश्रा, अरूण गौतम, जय प्रकाश यादव, रमेश वर्मा, अंकुर वर्मा, दिनेश प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक आदि रहे।

रुपईडीह संवाद के अनुसार कौड़िया थाना पर आयोजित समाधान दिवस पर शनिवार को 21 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें पांच का निस्तारण करते हुए 16 प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम बनाकर रवाना किया गया। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र आए।

# पेड़ काटने में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मोतीगंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनारा गांव में बगैर अनुमति पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने पांच लोंगो पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि दिनारा गांव में वन विभाग की अनुमति के बगैर लगे 38 हरे सागौन के पेड़ ठेकेदार ने काट डाला था।

# समाधान दिवस : सिर्फ आश्वासनों का मरहम

**पड़ताल**

माह के हर तीसरे और चौथे शनिवार को जिलेभर के थानों में समाधान दिवस आयोजित किए जाते हैं। इनमें पुलिस और राजस्व विभाग के अफसर लोगों की फरियाद सुनते हैं। मौके पर ही समस्या का समाधान करने के लिए टीम बनाकर भेजी जाती है। देखा जाए तो यह व्यवस्था लोगों के लिए काफी सहूलियत भरी है लेकिन हकीकत इससे बिलकुल जुदा है। फरियादी थानों में अफसरों के सामने समस्याओं के समाधान की गुहार लगाते-लगाते थक जाते हैं लेकिन उन्हें नही मिलता है न्याय। हर बार फरियाद करने पर सिर्फ आश्वासन का मरहम मिलना शायद उनकी नियति बन चुकी है।

गोण्डा, हिन्दुस्तान टीम। डीएम व एसपी ने नगर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुना। इस दौरान 14 शिकायतें आई जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। दोनों अधिकारियों ने शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्रा नगर कोतवाली पहुंचे। डीएम ने वहां पर उपस्थित राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम समाज की भूमि, अवैध कब्जा, खलिहान, सरकारी तालाब, बंजर, नवीन परती, सरकारी आबादी आदि का भौतिक निरीक्षण करें।

इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



वजीरगंज थाने में आयोजित समाधान दिवस में जुटी फरियादियों की भीड़। • हिन्दुस्तान

## मोतीगंज थाने में सबसे ज्यादा राजस्व सम्बन्धी मामले आए

मोतीगंज। शनिवार को स्थानीय थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वाधिक राजस्व के मामले छाए रहे कई मामले पुराने आए। इस दौरान अफसरों ने फरियादियों को हर बार की तरह आश्वासन का मरहम लगाया।

मोतीगंज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 14 मामले आए। जहां पर सीओ सौरभ वर्मा ने फरियादियों से फरियाद सुनी। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार, कानूनगो जिगना व मलारी अशोक कुमार शुक्ला मौजूद रहे। 14 मामलों में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि एक मारपीट के प्रार्थना पत्र में एनसीआर भी दर्ज किया गया। बाकी 10 प्रार्थना पत्र के लिए टीम रवाना कर दी गई। इस दौरान लेखपाल स्नेहलता विश्वकर्मा, प्रवीण शुक्ला, मोहम्मद दानिश, राम पूजन यादव, अल्ताफ अहमद, वीरेंद्र कुमार, विनोद सिंह मौजूद रहे। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि चार प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हुआ है।

# लड़की भगाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया

धानेपुर, संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एमए की छात्रा एक सप्ताह पहले लापता हो गई है। पिता ने दो लोगों पर आशंका जताते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। लड़की की बरामदगी न होने से परिजन परेशान हैं।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक उसकी 19 वर्षीया लड़की जो कि एमए फस्ट ईयर की छात्रा है। बीते 17 जून को दिन तकरीबन तीन बजे के आसपास गायब हो गई। बताया कि उसकी लड़की को भविष्य संवारने का लालच देकर युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आशंका जताई है कि बलरामपुर जिले के सोमरहा गांव का रहने वाला एक व्यक्ति व उनके गांव का रहने वाले एक व्यक्ति की जानकारी में उनकी लड़की को भगाया गया है। निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# 15 शिकायतों में सिर्फ दो निस्तारित

मनकापुर। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ संजय तलवार ने की। कुल 15 शिकायतें आईं जिसमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण भी किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों की काफी भीड़ दिखी।

शिकायतकर्ता हजरत अली निवासी मऊ ने शिकायत किया विपक्षी रास्ते पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। वही पूरे हदय बेहला के ओम प्रकाश ने शिकायत किया कि ग्राम प्रधान जबरन खेत में दवा कर चकमार्ग की पटान कर रहे है। इस मौके पर कोतवाल मनोज कुमार राय, एस आई , चौकी प्रभारी वीरेन्द्र शुक्ला,एस आई वीरबल व राजस्व के लोग मौजूद रहे।

## जमीन पर अवैध कब्जा

इटियाथोक : जानकीनगर जयप्रभाग्राम निवासिनी रेखा देवी ने की गई शिकायत में कहा कि उसकी जमीन को दबंग कब्जा कर रहा है। आरोप है कि दबंग का निजी विद्यालय संचालित है। वह अपने पद का नाजायज फायदा उठाकर जमीन को विद्यालय में मिलाना चाहता है। उसने कार्रवाई की मांग की है। (संसू)

## भूमि विवाद में मारपीट

परसपुर : दुबाई के हृदय वैश्य पुरवा गांव में जमीनी रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के सुरेंद्र सिंह, विटान सिंह, ओमप्रकाश सिह , विमला सिह व सूरज, दूसरे पक्ष के देशराज सिंह, बेचेलाल, जगदीश सिंह व गोलू सिंह घायल हुए है। दोनों पक्ष के आठ लोगों पर मुकदमा किया गया। (संसू)

## अपहरण का मुकदमा

धानेपुर : एक गांव निवासी व्यक्ति ने बेटी का अपहरण किए जाने के आरोप में महेश चौहान व पवन भास्कर के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। अपहृत की तलाश की जा रही है। (संसू)

# फंदे से लटका मिला बैंक का रिकवरी एजेंट

**गोंडा।** शहर की विष्णुपुरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक का शव शनिवार सुबह फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर के राजा मोहल्ला निवासी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि उनका बेटा अंकित श्रीवास्तव (28) प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की रिकवरी एजेंसी में एजेंट था। वह तीन साल से शहर की विष्णुपुरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। शनिवार सुबह अंकित सोकर नहीं उठा तो मकान मालिक अभय ने उसे आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर अभय उसके कमरे के बाहर गये तो खिड़की से देखा कि अंकित का शव फांसी के फंदे पर लटका है। अभय ने पुलिस को सूचना दी। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाल ने बताया कि अंकित के पिता ने उसके बैंक का रिकवरी एजेंट होने की बात कही है। मगर बैंक प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। संवाद

# विवाहिता की पिटाई के मामले में पति समेत तीन पर केस

परसपुर (गोंडा)। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन एक विवाहिता को मारपीट कर मायके छोड़ गए। विवाहिता ने पति, ससुर व सास के खिलाफ दहेज के लिए प्रताणित करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

करनैलगंज के बाबुरास पांडेयपुरवा निवासिनी ज्योति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व ग्राम कुड़ियावं निवासी पंकज से हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उसे दहेज की मांग पूरी न होने की वजह से मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। बीते दिन उसे मारपीट कर जबरदस्ती मायके छोड़ गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ज्योति की तहरीर पर पति पंकज, ससुर स्वामीदीन व सास गुड़िया के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# सरकारी जमीन का करें भौतिक सत्यापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** शनिवार को जिले के सभी थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया। फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में ग्राम समाज की भूमि, अवैध कब्जा, खलिहान, सरकारी तालाब, बंजर, सरकारी आबादी आदि का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करा लें कि उनकी ग्राम सभा में कहीं सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं है।



जनसमस्याएं सुनते डीएम व एसपी। - संवाद

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए। लंबित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

# ग्राम प्रधान ने अवैध कब्जे का आरोप लगाया

करनैलगंज (गोंडा)। विकास खंड परसपुर के ग्राम पंचायत भौरीगंज की ग्राम प्रधान राबिया ने बीते 31 मई को उपजिलाधिकारी को पत्र भेजा। कहा कि जलमग्न तालाबों पर गांव के ही कुछ दबंगों ने पटाई करके कब्जा कर लिया है। कुछ हिस्से पर पक्का मकान भी बना लिया है। जिससे तालाब का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। वहीं जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव की सड़क भी तालाब में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों को गंदे पानी व कीचड़ में होकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है। प्रधान ने तालाब की पैमाइश करवाकर उसे कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। तहसीलदार नरसिंह नरायन वर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। (संवाद)

# विधवा पर तलवार से हमला, नौ पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटियाथोक (गोंडा)।** रास्ते के विवाद में दबंगों ने विधवा पर तलवार से हमला कर जख्मी कर दिया। विधवा का आरोप है कि तलवार से हमला करने से उसका एक हाथ जख्मी हो गया। गुरुवार को पीड़ित ने सूचना थाने पर दी, लेकिन पुलिस ने दो दिन तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की। मामले में जब अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने दबाव बनाया तो तो पुलिस ने नौ के खिलाफ मारपीट व बलवा की एफआईआर दर्ज कर ली।

ग्राम इटियाथोक पुरवा की कांति देवी ने बताया कि रास्ते के विवाद में दूसरे समुदाय के लोगों से विवाद चल रहा है। गुरुवार दोपहर डेढ़ दर्जन लोगों ने घर पर आकर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। शनिवार सुबह अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने थाने पर पहुंचकर मामले में एफआईआर दर्ज करने का दबाव बनाया। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल मोहम्मद अनीस, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद हबीब, मोहम्मद नासिर अली, मोहम्मद असलम, मोहम्मद सईद, मोहम्मद रिजवान गुड्डू, बबलू व मोहम्मद जुबेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**युवक को पीटा, चार पर केस दर्ज**

**झंझरी (गोंडा)।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को मारपीट कर उसके मकान के पिलर को तोड़ दिया। युवक ने चार लोगों के खिलाफ में तहरीर दी है। परसन पुरवा गांव के निवासी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि मनोज यादव समेत चार लोगों ने मकान को तोड़ दिया और पिटाई की। पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# पेड़ काटने में पांच लोगों पर केस

**मोतीगंज (गोंडा)।** बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि क्षेत्र के दिनारा गांव में वन विभाग की अनुमति के बगैर लगे 38 हरे सागौन के पेड़ को ठेकेदार ने काट डाला। दरोगा सुनील रावत ने दयाराम पासवान, रामविशुन पासवान निवासी दिनारा, रक्षाराम, चंदन, लालसाहब निवासी दूबेपुरवा थाना धानेपुर के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-06-2022

# अपराध नियंत्रण के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे

श्रीदत्तगंज, संवाददाता। अराजक तत्वों व अपराधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख प्वाइंट पर पुलिस तीसरी आंख से नजर रखेगी। इसके लिए पुलिस बाजार के प्रमुख व्यवसायिक स्थलों, बैंकों व पेट्रोल पंप समेत सभी संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा रही है।

शराब के ठेकों से अपराधियों की गतिविधियां अधिक होने की सम्भावना को देखते हुए शराब के ठेकों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरे लगवाने के लिए पेट्रोल पंप मालिक, बैंकों, व्यवसायिक संस्थान मालिकों शराब के ठेकेदार को प्रेरित कर रही है। इसके लिए चौकी प्रभारी हुसेनाबाद दीप नारायन गुप्ता बाजार के लोगों से इसमें सहयोग के लिए अपील करने में जुटे हैं। सीसीटीवी कैमरा बाजार में किसी अपराधिक वारदात का पर्दाफाश करने में बड़ा हथियार साबित होती है। इससे घटना में अपराधियों व घटना पर मौजूद लोगों को चिन्हित करने में आसानी होती है। सीसीटीवी कैमरे लगवाने में कांस्टेबल इन्द्रपाल, बाबू लाल गौड़, अर्जुन यादव, जितेन्द्र कुमार, बलजीत यादव,शिव पूजन वर्मा, राज कुमार सिंह सहयोग कर रहे हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि बाजार में सीसीटीवी कैमरे के लग जाने से एक तरफ अपराधियों में दहशत हो गई है वहीं पुलिस को अपराध नियंत्रण में आसानी होगी।



हुसैनाबाद बाजार में सीसीटीवी कैमरे को लगवाते चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मी

# बच्चों ने फायर स्टेशन पहुंचकर आग से बचाव की जानकारी ली

**जागरूकता**

**बलरामपुर, संवाददाता।** निजी स्कूलों में शिक्षा के साथ बच्चों के सुरक्षा के लिए अग्निशमन विभाग ने आईएसजी अकादमी के बच्चों को आग लगने से बचाव की जानकारी दी।

विद्यालय के बच्चों को प्रिंसिपल खुशबू गुलाटी ने शिक्षकों की टीम के साथ फायर स्टेशन का भ्रमण कराया। फायर स्टेशन पहुंचने के बाद विभाग के एसआई राज मंगल सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, राम अवतार यादव, गौरव सिंह व संजय पाल ने बच्चों को दमकल यान के आग लगने पर उसके भूमिका के बारे में जानकारी दी। आग लगने पर बच्चों को विभाग के टोल फ्री पर फोन करने के लिए जागरूक किया। फायर स्टेशन के आवश्यकता एवं समाज में उसके कार्य के बारे में अधिकारी व दो पुलिसकर्मियों ने बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी फरियाद

**जागरण टीम, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें भूमि संबंधी लंबित विवादों की समीक्षा की गई। थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की सुनवाई करते हुए समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। उतरौला कोतवाली में एसपी राजेश कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसपी ने भूमि संबंधी लंबित विवादों, जन शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं व शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया गया। लंबित शिकायतों के त्वरित व शत प्रतिशत निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए गए। महराजगंज तराई थाना परिसर में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। 10 प्रार्थना पत्रों में से चार का निपटाई गई।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने की सुनवाई

**बलरामपुर।** जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों में शनिवार को पीड़ितों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने उतरौला कोतवाली में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता में पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण कराने के लिए पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर जाएं। थाना महराजगंज तराई में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना सादुल्लानगर, रेहरा बाजार, गैड़ास बुजुर्ग, श्रीदत्तगंज, गौरा चौराहा, हरैया, पचपेड़वा, ललिया व तुलसीपुर के साथ कोतवाली नगर व देहात, गैसड़ी व जरवा में थाना समाधान दिवस का आयोजन कर पीड़ितों की शिकायतें सुनी गईं। संवाद

# 1100 ग्राम गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली की पुलिस ने 1100 ग्राम गांजे के साथ ललिया के मंगराकोहल निवासी पवन कुमार व कृष्णकुमार पांडेय को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों को जेल भेजा गया है। संवाद

# एक किलो अवैध गांजा के साथ धरा गया

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने जान से मारने के प्रयास व अवैध गांजा के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जान से मारने के प्रयास का अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहा था। वहीं अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि  ग्राम टिकुइया निवासी वांछित अभियुक्त अंशुमान सिंह को पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने जालसाजी के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहा था। क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि जालसाजी के वांछित अभियुक्त छेदी पुत्र नान बच्चा उर्फ नान बाबू निवासी शेखुनिया खुर्द को उप निरीक्षक व कांस्टेबल की टीम ने गिरफ्तार किया।

# समाधान दिवस में 10 में चार मामलों का हुआ निस्तारण

महराजगंज तराई, संवाददाता। थाना महाराजगंज परिसर में समाधान दिवस के दिन एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अवगत कराया कि भूमि विवाद को पेंडिंग न रखें। राजस्व विभाग के कर्मचारी पुलिस विभाग को साथ लेकर मौके का निस्तारण कर फरियादियों की समस्याओं का हल करें। जमीन विवाद से संबंधित कोई भी फरियादी भटकने न पाए। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में 10 मामले में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष पर राजस्व कर्मी व पुलिस टीम गठित किया गया। समाधान दिवस में रुद्रपुर कंदैला निवासी संवारी देवी ने शिकायती पत्र दिया की गांव के दबंग व्यक्ति उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। विपक्षी ने दबंगई के बल पर रातों रात दीवाल उठा लिए हैं। थाने पर शिकायत करने पर मालिक बनने की धमकी दी जा रही है। एसएसपी ने तत्काल लेखपाल व पुलिस भेजकर करवाई करने के लिए कहा। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार करे। मामला संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह, थाना प्रभारी अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



महराजगंज थाना में समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण करती एएसपी नम्रता श्रीवास्तव

# समाधान दिवस में 10 में चार मामलों का हुआ निस्तारण

महराजगंज तराई, संवाददाता। थाना महाराजगंज परिसर में समाधान दिवस के दिन एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अवगत कराया कि भूमि विवाद को पेंडिंग न रखें। राजस्व विभाग के कर्मचारी पुलिस विभाग को साथ लेकर मौके का निस्तारण कर फरियादियों की समस्याओं का हल करें। जमीन विवाद से संबंधित कोई भी फरियादी भटकने न पाए। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में 10 मामले में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष पर राजस्व कर्मी व पुलिस टीम गठित किया गया। समाधान दिवस में रुद्रपुर कंदैला निवासी संवारी देवी ने शिकायती पत्र दिया की गांव के दबंग व्यक्ति उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। विपक्षी ने दबंगई के बल पर रातों रात दीवाल उठा लिए हैं। थाने पर शिकायत करने पर मालिक बनने की धमकी दी जा रही है। एसएसपी ने तत्काल लेखपाल व पुलिस भेजकर करवाई करने के लिए कहा। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार करे। मामला संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह, थाना प्रभारी अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-06-2022

# पिकप पर लोड 35 बोरी खाद पकड़ी

- चालक वाहन छोड़कर फरार, वाहन स्वामी, चालक के विरुद्ध केस
- एसएसबी व जिला कृषि अधिकारी की ओर से की गई कार्रवाई

बहराइच, संवाददाता। सशस्त्र सीमाबल के जवानों व जिला कृषि अधिकारी की ओर से संयुक्त रूप से की गई छापेमारी में जंगल से होकर जा रही पिकप पर लोड 35 बोरी उर्वरक बरामद हुई है। अफसरों की ओर से रोके जाने पर चालक वाहन छोड़कर जंगल में फरार हो गया। इस प्रकरण में वाहन स्वामी, चालक व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।

मुर्तिहा कोतवाली के पास पिपरा गांव व चितलहवा के बीच में जंगल के किनारे एसएसबी व जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने पिकप वाहन पर लोड उर्वरक बरामद किया है।

अफसरों की ओर से रुकने का इशारा किए जाने पर चालक वाहन छोड़कर जंगल में भाग गया। वाहन पर



मुर्तिहा कोतवाली के पिपरा गांव व चितलहवा के बीच जंगल में बरामद खाद।

35 बोर खाद लोड थी। जिसमें 15 बोरी डीएपी व 20 बोरी यूरिया शामिल है। शासन से नेपाल सीमा से पांच किलोमीटर भारतीय इलाके में उर्वरक की बिक्री प्रतिबंधित है। ऐसे में प्रतीत होता है कि बरामद उर्वरक कालाबाजारी करने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी। वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। बरामद उर्वरक कृषि विभग की कस्टडी में रखवा दी गई।

# सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप प्रधान ने सीडीओ को सौंपे कागज

बहराइच, संवाददाता। पिछले 15 सालों से एक ही ब्लॉक व ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिव के खिलाफ प्रधान ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को सीडीओ से मिलकर महिला प्रधान ने सचिव के अनियमितता के अभिलेख सीडीओ को सौंपे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच भी शुरू कर दी है।

शिवपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत पिपरिया में हनुमंत कुमार सिंह बतौर पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। ग्राम प्रधान गीता देवी का आरोप है कि यह पिछले 15 सालों से लगातार एक ही ब्लॉक व पंचायत में नौकरी कर रहे हैं। सरकारी धन हड़पने के लिए पार्टनरशिप में ईंट भट्टा संचालित कर रहे हैं। भट्टे की ईंट खराब होने से उन्होंने खरीद से मना कर दिया, तो सचिवों ने विकास कार्य से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने बताया कि फर्जी बिलों के आधार पर उन्होंने भुगतान भी कराया है। वर्ष 2008 में विकास कार्यों में रुचि न लेने पर निलंबित किया गया था। बहाल होने पर उन्हें पुनः इसी पंचायत में नियुक्त कर दिया गया। गीता देवी का आरोप है कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में शुमार योजनाओं का क्रियान्वयन उनके पंचायत में नहीं हो रहा है। डीपीआरओ उमाकांत पांडे ने बताया कि सचिव पर अनियमितता के आरोपों की जांच चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# साढ़े 14 लाख की चरस बरामद, एक गिरफ्तार

## तस्करी

बहराइच, संवाददाता। नानपारा कोतवाली पुलिस ने ककरी मोड़ पर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नेपाल से तस्करी कर लाई गई चरस बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की अनुमानित कीमत साढ़े 14 लाख आंकी गई है।

बलहा संवाद के अनुसार एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि राजा बाजार चौकी प्रभारी अमित प्रकाश, सिपाही अमित कुमार, सिपाही सुनील राजभर शुक्रवार देर शाम ककरी मोड़ की ओर से गश्त पर निकल रहे थे। एक संदिग्ध ने भागने की कोशिश की। घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 450 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मलंगपुरवा निवासी शाकिर अली उर्फ हड्डे के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नेपाली पुलिस ने 33 बोरी यूरिया बरामद की

रुपईडीहा। भारतीय क्षेत्र से तस्करी कर ले जाई जा रही 33 बोरी यूरिया पड़ोसी नेपाली जिला बांके की नरैनापुर पुलिस चौकी इंचार्ज संतोष खनाल ने बरामद की है। इंचार्ज संतोष खनाल ने बताया कि नरैनापुर से राप्ती सोनारी जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे घेर कर पकड़ा गा। वाहन पर लोड 33 बोरी यूरिया बरामद हुई। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को राप्ती सोनारी ग्रामवासी रोहित चौधरी चला रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली सहित यूरिया को नेपालगंज कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है।

# बाघ पकड़ने मंझरा पहुंची डब्ल्यूटीआई टीम

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियां घाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली के कतर्निया रेंज में बाघ के ताबड़तोड़ हमले के बाद उसे पकड़ने के लिए डब्ल्यूटीआई की टीम मंझरा पहुंची है। कतर्नियाघाट व लखीमपुर सीमा से मंझरा पूरब व खैरटिया गांव में बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिए चार डॉक्टरों का पैनल पहुंच गया है। सारी तैयारियां शुरू कर दी गयी है। घटना के तुरंत बाद नार्थ खीरी के डीएफओ एवं कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के प्रभारी डीएफओ सुंदरेश व फील्ड डायरेक्टर संजय पाठक भी टीम के साथ पहुंचे हैं।

- मंझरा पूरब व खैरटिया के बीच लगाए जा रहे 40 और थर्मो सेंसर कैमरे
- दो दिन पूर्व इलाके में बाघ के हमले में एक अधेड़ की हो चुकी है मौत

फील्ड डायरेक्टर ने बताया की बाघ को ट्रेंकुलाइज करने को चार डॉक्टरों का पैनल आया है। मंझरा से खैरटिया के बीच तीन किलोमीटर के इलाके में बाघ के हर मूवमेन्ट पर नजर रखी जायेगी। इसके लिए लगभग 40 और थर्मो सेंसर कैमरे लगाए जा रहे हैं। डब्ल्यूटीआई की टीम दुधवा पीलीभीत व लखनऊ से आई हुई है। कतर्नियाघाट व नार्थ खीरी की वन विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट होकर गश्त कर रही है। जय माला और चम्पाकली के अलावा एक और हाथी को बुलाया गया है। ग्रामीणों को शाम चार बजे के बाद सड़क पर न चलने की हिदायत दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मंझरा पूरब से लेकर खैरटिया तक सड़क के रास्ते संवेदनशील है। इस दौरान वन रेंजर रामकुमार, वन दरोगा अनिल कुमार, वन दरोगा लवलेश श्रीवास्तव, वन दरोगा राधेश्याम सहित धौरहरा रेंज के वन कर्मी भी मौजूद रहे।

# कल परिणय सूत्र में बंधेंगे 382 जोड़े

## एक विवाह पर खर्च होंगे 50 हजार रुपये, तैयारी पूरी

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** निर्धन परिवारों की कन्याओं की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 27 जून को होगा। इसमें विभिन्न धर्मों के अनुसार आठ स्थानों पर कन्याओं की शादी प्रशासन कराएगा। 382 जोड़ों के विवाह की समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने बताया कि इसमें ऐसे निर्धन परिवारों का चयन किया जाएगा, जिनकी आय निर्धारित मानक से कम है। एक शादी पर कुल 50 हजार रुपये का खर्च आएगा। इसमें शादी के बाद लड़की के खाते में 35 हजार की धनराशि भेजी जाएगी। शेष 15 हजार रुपये में दस हजार रुपये से लड़के और लड़की के कपड़े, पायल, बिछिया आदि की खरीद की जाएगी। पांच हजार रुपये में पंडित, मौलवी, पंडाल और लड़की तथा लड़के पक्ष के लोगों के लिए खाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि 339 हिंदू तथा 43 मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का सामूहिक विवाह उनके धार्मिक रीती-रिवाज के अनुसार कराया जाएगा।

**सामूहिक विवाह समारोह**



**यहां होंगे आयोजन :** मिहींपुरवा का तहसील मोतीपुर में, बलहा, शिवपुर व नगरपालिका नानपारा का गल्लामंडी नानपारा, जरवल, कैसरगंज, हुजूरपुर व फखरपुर का परमहंस डिग्री कालेज कैसरगंज, तेजवापुर ब्लाक मुख्यालय में महसी का, नवाबगंज ब्लाक मुख्यालय में, नगर पंचायत रिसिया का ब्लाक रिसिया में, पयागपुर, विशेश्वरगंज, नगर पंचायत पयागपुर का नगर पालिका परिषद बहराइच व चित्तौरा में कार्यक्रम आयोजित होगा।

तहसील मोतीपुर- 60 हिंदू एवं चार मुस्लिम

गल्लामंडी नानपारा- 76 हिंदू एवं तीन मुस्लिम

परमहंस डिग्री कालेज- 61 हिंदू व चार मुस्लिम

ब्लाक तेजवापुर- 47 हिंदू व चार मुस्लिम

ब्लाक नवाबगंज- 09 हिंदू व तीन मुस्लिम

ब्लाक रिसिया- 16 हिंदू व एक मुस्लिम

नगरपालिका परिषद बहराइच- 29 हिंदू व 17 मुस्लिम

ब्लाक चित्तौरा- 41 हिंदू व सात मुस्लिम

# नेपाल सीमा पर पिकअप से 35 बोरी खाद बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** प्रतिबंध के बावजूद सीमा क्षेत्र में चल रहे खाद के अवैध धंधे के खिलाफ शनिवार को भी अभियान चला। कृषि विभाग की टीम ने मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांव में चितलहवा में अवैध तरीके से यूरिया ले जा रही पिकअप सीज कर दी। पिकअप से 35 बोरी खाद बरामद की गई। चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया।

जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि खाद के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के चितलहवा व टेपरा गांव के बीच कृषि विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम ने जांच की। इस दौरान खाद से लदी पिकअप यूपी 34 सी 7933 को रोककर तलाशी ली गई। कागजों की जांच की गई तो खाद अवैध पाई गई। पिकअप से 15 बोरी डीएपी व 20 बोरी यूरिया

## वाहन सीज, चालक जंगल की ओर भागा



बरामद खाद के साथ टीम के सदस्य। -संवाद

बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन स्वामी का पता लगाया जा रहा है। वाह सीजकर मुर्तिहा कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक व स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में खाद की बिक्री प्रतिबंधित है।

# कोतवाली-थानों में बनेंगे बैरक व हॉस्टल

## जमीन के चिह्नीकरण का काम पूरा, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

राहुल यादव

बहराइच। पुलिस विभाग में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें कोतवाली व थानों में तैनाती के बाद इधर-उधर रहने के लिए कमरें नहीं ढूढ़ने पड़ेंगे। अब जिले के कई थानों व कोतवालियों में बैरक, हॉस्टल व विवेचना कक्ष बनाये जाएंगे। इसके साथ ही पुलिस लाइन में भी इनका निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए जमीन का चिह्नीकरण किया जा चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

जनता की सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए उनके आवास को लेकर काफी समस्याएं है। पुलिसकर्मियों के निवास करने के लिए पुलिस लाइन व थानों और कोतवालियों में आवास बने हैं, लेकिन पुलिसकर्मियों की संख्या अधिक होने के कारण कई पुलिसकर्मी बाहर कमरे किराए पर लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उनकी समस्या को दूर करने के लिए अब शासन ने बैरक, हॉस्टल व विवेचना कक्ष बनाने का निर्देश दिया है। निर्देश मिलने के बाद अब कार्य को तेजी से कराने का प्रयास शुरू हो चुका है। कौन सी कोतवाली में कितनी क्षमता के बैरक बनेंगे। उसका भी ब्यौरा तैयार कर लिया गया है। कार्य को जल्द ही पूरा किया जा सके, इसके लिए जमीन के चिह्नीकरण का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। निर्माण करने वाली एजेंसियां भी मृदा परीक्षण का कार्य कराने में जुटी हुई हैं। उम्मीद है कि जल्द ही निमार्ण का कार्य शुरू कराया जाएगा। (संवाद)



अशोक कुमार, एएसपी।

### यहां होगा बैरक व विवेचना कक्ष का निर्माण

देहात कोतवाली, कैसरगंज व कोतवाली मुर्तिहा में 48 व्यक्ति की क्षमता वाला एक बैरक बनाया जाएगा। रामगांव, जरवलरोड व खैरीघाट में 40 व्यक्तिओं की क्षमता वाला एक बैरक, रिसिया, हरदी व रुपईडीहा थाने में 32 व्यक्ति की क्षमता वाले एक बैरक और सुजौली व फखरपुर में 16 व्यक्ति की क्षमता वाले एक बैरक का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही विवेचना कक्ष का भी निर्माण होगा।

“पुलिस लाइन, कोतवाली व थानों में बैरक, हॉस्टल व विवेचना कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जमीन का चिह्नीकरण किया जा चुका है। मृदा परीक्षण का कार्य भी एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसमें अब देर नहीं होगी। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

**-अशोक कुमार,** एएसपी ग्रामीण बहराइच

### चार व आठ मंजिला होंगे भवन

पुलिस लाइन में बनने वाले बैरक आठ मंजिल की होंगी और कोतवाली व थानों में बनने वाले बैरक चार मंजिल के होंगे। आठ मंजिल भवनों में लिफ्ट लगाई जाएगी, जबकि चार मंजिला भवनों में लिफ्ट की सुविधा नहीं होगी।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-06-2022

# जमीन विवादों को राजस्व व पुलिस टीम निपटाए: डीएम

## समाधान दिवस

श्रावस्ती, संवाददाता। शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं और समाधान कराने का आश्वासन दिया। डीएम और एसपी ने कोतवाली भिनगा में शिकायतें सुनीं।

कोतवाली भिनगा में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि जमीन विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाय तथा राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इससे फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि बालिकाओं व महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाय। एसडीएम भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादी मौजूद रहे। इकौना थाने में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम आरपी चौधरी, सोनवा में एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला ने की। वहीं श्रावस्ती थाने के समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने की।

## भिनगा कोतवाल किए गए लाइन हाजिर

श्रावस्ती। काम के प्रति उदासीनता पर कोतवाल भिनगा डीके सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर जितेन्द्र सिंह को कोतवाली का प्रभार दिया गया है। एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि कोई बड़ी बात नहीं है। काम के प्रति उदासीनता में कार्रवाई हुई है।

# 92 वाहनों का पुलिस ने काटा चालान

श्रावस्ती। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। इसमें 92 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 44 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# 117 शिकायतों में सिर्फ 36 निस्तारित

## डीएम ने शिकायतों को समय पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**ागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 117 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर सिर्फ 36 का निस्तारण हो सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने भिनगा कोतवाली में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें। समय सीमा में निस्तारित कराएं।

डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आईं भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध करें। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करें। एसपी ने कहा कि समाधान दिवस में आईं छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। इकौना थाने में 26 शिकायतें आईं। इनमें से 20 का निस्तारण हो सका। श्रावस्ती थाने में दो शिकायतें आईं। एक का निस्तारण किया गया। सोनवा में 16 में से सात, मल्हीपुर में 17 में से दो, गिलौला में 14 में एक, सिरसिया में 18 में चार व भिनगा कोतवाली में 24 में से एक शिकायत का निस्तारण हो सका।



भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

# हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हुए दंपति

**संसू, श्रावस्ती :** पुलिस लाइन स्थित कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इस दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित चार मामलों की सुनवाई हुई। समझाने-बुझाने के बाद एक दंपति हंसी-खुशी से साथ रहने को राजी हुए।

एएसपी केसी गोस्वामी ने बताया कि बैठक में मामूली विवाद के चलते परिवार में मनमुटाव होने से संबंधित मामले पाए गए। समझाने-बुझाने के बाद भिनगा क्षेत्र के नौसहरा मछरिहवा निवासी पवन कुमारी गांव के ही निवासी पति सीताराम के साथ रहने को राजी हुईं।

# फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनें : डीएम

## थाना समाधान दिवस में निपटे 42 मामले, शेष के निस्तारण के लिए भेजी गई टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर में कुल 226 मामले आए। इनमें से 42 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है। भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम व एसपी ने किया।



भिनगा कोतवाली में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम और एसपी। -संवाद

भिनगा कोतवाली में थाना दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। इसका समय से निस्तारण भी कराएं। शिकायतों के निस्तारण की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात करके की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर बिना पक्षपात शिकायतों का निस्तारण करने को कहा। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए। जिनका मौके पर जाकर निस्तारण भी किया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे।

वहीं सिरसिया में एएसपी केसी गोस्वामी ने फरियाद सुनी। इकौना में सीओ महेंद्र पाल शर्मा व मल्हीपुर में सीओ अतुल कुमार चौबे द्वारा समस्याओं को सुना गया। जबकि अन्य थानों में थाना प्रभारियों द्वारा समस्याओं को सुना गया। इस दौरान जिले भर में कुल 226 मामले आए। इनमें से 42 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है।

# विवाहिता की हत्या के मामले की जांच शुरू



बरदेहरा गांव में हुई विवाहिता की हत्या के बाद मौके पर जांच करती फॉरेंसिक टीम व मौजूद पुलिस। -संवाद

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा के बरदेहरा गांव में एक विवाहिता की हत्या कर गुरुवार रात उसका शव गांव के बाहर स्थित तालाब के पास जला दिया गया था। जिसका मामला पिता द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके बाद शनिवार को मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर निवासी सुरेश कुमार ने अपनी पुत्री आरती (25) का विवाह छह वर्ष पूर्व सोनवा थाना क्षेत्र के बरदेहरा गांव निवासी ननके उर्फ वीरेंद्र कुमार के साथ किया था। वीरेंद्र आए दिन आरती को मारता पीटता रहता था। जिसके द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर वीरेंद्र द्वारा गुरुवार रात आरती की हत्या कर दी गई। जिसके शव को गांव के बाहर स्थित तालाब पर रात को ही जला दिया गया था। घटना के बाद से वीरेंद्र घर छोड़ कर फरार हो गया था। इस मामले में शुक्रवार को मृतका के पिता द्वारा दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। शनिवार को फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सोनवा सुरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)